


भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta


/jagrukjantanews

jagruk_janta

श्रावण, पक्ष - कृष्ण, तिथि - चतुर्दशी, संवत 2079 | पृष्ठ : 8 | जयपुर, बुधवार | वर्ष-8, अंक-22, 27 जुलाई - 2 अगस्त, 2022 | मूल्य ₹ 5/- | वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-


## मैं हिन्दी हूं, मेरी मां संस्कृत मृतप्राय: है, मुझे तो बचालो!

**सटीक**



**शिव दयाल मिश्रा**
@jagrukjanta.net

**एक** तरफ हमारी राष्ट्र भाषा हिन्दी है तो दूसरी तरफ देश में अंग्रेजी का बोलबाला बढ़ता ही जा रहा है। बढ़े भी क्यों नहीं, क्योंकि अंग्रेजी में दो लोग आपस में बात कर रहे होते हैं तो पास खड़ा व्यक्ति जो कि अंग्रेजी को फर्राटे से नहीं बोल पा रहा हो, अंग्रेजी का अल्प ज्ञान रखता हो तो वह अपने आपको हीन भावना से ग्रसित पाता है। दिमाग में आने लगता है कि हमें अंग्रेजी नहीं आती, इसलिए हमें शर्मिंदा होना पड़ रहा है। जबकि इसमें शर्मिंदा होने की कोई बात नहीं है। हम देखते हैं कि कोई भी विदेशी हमारे देश में आता है तो वह अपने देश की भाषा में ही बात करता है और हिन्दी या अंग्रेजी समझने और समझाने के लिए अपने साथ दुभाषिये को रखता है। हमारे देश के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पहले अपवाद स्वरूप स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को छोड़ दें जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ में भी एकाध बार हिन्दी में भाषण दिया था। जबकि सारे पूर्व प्रधानमंत्री देश के बाहर कहीं भी अपना भाषण हमेशा अंग्रेजी में ही देते थे। कुछेक ने तो अपने देश में भी आमजनता के लिए अपना उद्बोधन अंग्रेजी में ही दिया, जनता ने भले ही उसे समझा या नहीं समझा। सब भाषाओं की जननी संस्कृत अब सिमट कर कुछ धार्मिक ग्रंथों में रह गई है और उसके जानकार भी बहुत कम मात्रा में रह गए हैं, यहां तक कि स्कूलों में पढ़ाने वाले संस्कृत के अध्यापक भी पूरी तरह उपलब्ध नहीं है। जबकि एक समय था जब बोलचाल की भाषा में भी संस्कृत का ही प्रयोग होता था। होना तो यह चाहिए था कि हिन्दी के साथ-साथ अंग्रेजी को भी बढ़ावा दिया जाता, मगर अब हिन्दी को लुप्त करने ने का समय ला दिया है। सरकार की नई नीति के अनुसार हिन्दी माध्यम स्कूलों को धीरे-धीरे अंग्रेजी माध्यम में परिवर्तित कर प्राइमरी स्कूलों से ही अंग्रेजी पढ़ाना शुरू कर दिया गया है और हिन्दी माध्यम के छात्रों को अब पढ़ने के लिए दर-बदर होना पड़ रहा है। धीरे-धीरे हिन्दी भी अब संस्कृत की तरह गायब हो जाएगी। तो क्या हमारी राष्ट्र भाषा हिन्दी को इस तरह दम तोड़ते देखना पड़ेगा?

shivdayalmishra@gmail.com

### मंगलवार को दो राउंड में 6 घंटे पूछताछ हुई, प्रदर्शन कर रहे 50 कांग्रेस सांसद हिरासत में

# ईडी आज फिर करेगी सोनिया से पूछताछ





**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी मंगलवार सुबह 11 बजे ईडी दफ्तर पहुंची थीं। यहां उनसे दो राउंड की पूछताछ हुई। पहले राउंड में सोनिया गांधी से दोपहर 1.30 बजे तक पूछताछ चली। लंच के बाद सोनिया गांधी करीब 3.30 बजे फिर से ईडी दफ्तर पहुंचीं, यहां उनसे करीब 7 बजे तक पूछताछ हुई। ईडी ने सोनिया गांधी को आज फिर पेश होने के लिए कहा है। दूसरी ओर पूछताछ के खिलाफ पार्टी सांसदों के साथ राहुल गांधी विजय चौक के पास धरने पर बैठ गए, जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने कांग्रेस यूथ अध्यक्ष के बाल खींचे। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने कांग्रेस नेता को पकड़कर जबरन गाड़ी में बिठा लिया। कांग्रेस नेताओं को विरोध प्रदर्शन करने से रोकने पर सचिन पायलट ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि ये आवाज कुचलने की कोशिश है। केंद्र एजेंसी के जरिए कांग्रेस नेताओं को टारगेट कर रही है।

### खड़गे-वेणुगोपाल हिरासत में

**कांग्रेस** नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, केसी वेणुगोपाल, शक्ति सिंह गोहिल समेत 50 सांसदों को हिरासत में लिया गया है। कांग्रेस ने ट्वीट कर कहा है कि इन सांसदों को पुलिस कहीं अज्ञात जगह पर ले जा रही है। कांग्रेस के ये सभी सांसद पार्लियामेंट से राष्ट्रपति भवन तक विरोध मार्च करते हुए जा रहे थे। दिल्ली पुलिस ने राहुल गांधी को भी हिरासत में लिया था, लेकिन सोनिया से पूछताछ खत्म होने के बाद पुलिस ने राहुल गांधी को छोड़ दिया।

## गुजरात में जहरीली शराब से 29 की मौत

**अहमदाबाद @ जागरूक जनता।** गुजरात के बोटाद जिले में जहरीली शराब पीने से अब तक 29 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 30 की हालत गंभीर है। सोमवार को इस मामले में 10 लोगों की मौत हुई थी। वहीं 19 लोगों की मंगलवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। इस केस में मुख्य आरोपी समेत 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मामले की जांच SIT ने शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में पता चला है कि बरवाला के रोजिद गांव में एक शराब भट्टी पर 9 गांव के लोग शराब पीने आए थे। शराब की जगह वहां लोगों को मेथेनॉल केमिकल दिया गया था। यह मेथेनॉल अहमदाबाद से लाया गया था।


**सीबीएसई 10वीं व 12वीं में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज की तरफ से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं**

## राजस्थान में गर्ल्स एजुकेशन के लिए पूर्ण समर्पित व सुरक्षित शिक्षण संस्थान : बियानी गर्ल्स कॉलेज, जयपुर (NAAC- Grade 'A')



विगत 16 वर्षों में डॉ. राजीव बियानी व डॉ. संजय बियानी की अथक मेहनत व प्रयासों से बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज ने महिला सशक्तिकरण व शिक्षा के क्षेत्र में एक अलग मुकाम हासिल किया है। 2005 में एक महाविद्यालय व 55 छात्राओं से शुरुआत करने वाला बियानी कॉलेज आज NAAC 'A' Grade होने के साथ-साथ 14 शिक्षण संस्थानों को संचालित कर रहा है जहां लगभग 6300 से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, लाखों स्टूडेंटस या तो स्टार्टअप्स या फिर प्रोफेशनल कॅरियर प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन चुके हैं, जो अपने आपमें एक मिसाल है। संस्थान द्वारा अपने दूसरे कैम्पस में अभिभावकों की मांग को ध्यान में रखते हुए को-एड कॉलेज भी संचालित किया जा रहा है।

बालिका शिक्षा के लिए विद्यार्थियों व माता-पिता के विश्वास के प्रतीक बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज की इस लंबी यात्रा व सफलता का राज महाविद्यालय की शिक्षण पद्धति, सुरक्षित व सकारात्मक वातावरण, नैतिक उत्थान व विशिष्ठ कार्यशैली के साथ ही विद्यार्थियों व अध्यापकों की मेहनत को जाता है।

**विद्यार्थियों के लिए बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज ही पहली पसंद क्यों?**

1. कॉलेज में अनुभवी, प्रशिक्षित व सुयोग्य शिक्षकों द्वारा नई तकनीक से अध्ययन-अध्यापन कार्य।
2. कॉलेज द्वारा विद्यार्थियों के शिक्षण-प्रशिक्षण के साथ-साथ उसके संपूर्ण व्यक्तित्व विकास हेतु विद्यार्थियों की समस्याओं पर लगातार वार्तालाप, समसामयिक विषयों पर सेमीनार, विचार गोष्ठी, समस्या समाधान के लिए फ्री काउंसलिंग, इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स, योगा व मेडिटेशन व महिला सुरक्षा हेतु सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग प्रोग्राम आदि बड़ी मेहनत के साथ कराए जाते हैं।
3. विद्यार्थियों में लाईफ स्किल्स व सकारात्मक सोच विकसित करने हेतु डॉ. संजय बियानी जो स्वयं राष्ट्रीय स्तर के मोटिवेशनल स्पीकर व काउंसलर हैं, विद्यार्थियों व शिक्षकों के साथ प्रतिदिन 12 घंटे से भी अधिक समय कार्यरत रहते हैं। उनका मानना है कि लाईफ स्किल्स के बिना पेशेवर शिक्षा भी अधूरी ही है। डॉ. बियानी द्वारा इसके लिए 8 लोकप्रिय पुस्तकें लिखी जा चुकी हैं। ये पुस्तकें अभिभावकों के लिए भी अत्यन्त उपयोगी हैं।
4. विद्यार्थियों को नए-नए रिसर्च वर्क एवं नए स्टार्टअप खोलने के लिए संस्था के रिसर्च व डवलपमेंट डायरेक्टर डॉ. मनीष बियानी (प्रोफेसर, क्योतो विश्वविद्यालय, जापान) के मार्गदर्शन में धरातल पर काम किया जा रहा है जिससे अधिकांश विद्यार्थी लाभ उठा रहे हैं।
5. सभी विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ ही सही व अच्छा प्लेसमेंट व पैड इंटर्नशिप उपलब्ध करवाया जाता है जिससे बालिकाएं पढ़ते समय ही रोजगार प्राप्त कर अपना भविष्य संवार लेती हैं।
6. भारत व जापान के सहयोग से प्रत्येक वर्ष प्रतिष्ठित अन्तर्राष्ट्रीय सेमीनार (BICON) के आयोजन के साथ बालिकाओं को जापान में रिसर्च वर्क करने का कार्य कराया जाता है। जापान में विभिन्न औद्योगिक व रिसर्च संस्थानों में विद्यार्थियों ने प्लेसमेंट प्राप्त किया है।



7. विद्यार्थियों को सामाजिक सरोकार व देशभक्ति से जोड़ने हेतु NCC व NSS की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।
8. कॉलेज में बालिकाओं की सेफ्टी व सिक्योरिटी हेतु सीसीटीवी कैमरा युक्त सुरक्षित कैम्पस व महिला गार्ड्स भी उपलब्ध हैं।
9. विद्यार्थियों को हाइजैनिक भोजन व परिवार जैसा माहौल उपलब्ध कराने वाली हॉस्टल सुविधा कॉलेज परिसर में ही उपलब्ध है।
10. एससी, एसटी व आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त स्कॉलरशिप, एजुकेशन लोन की व्यवस्था भी उपलब्ध है।
11. आईएएस, आरएस व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने हेतु उत्तर भारत की प्रसिद्ध कोचिंग Samyak Institute द्वारा कोचिंग कराई जाती है। साथ ही कंपनी सेक्रेट्री, एस.एस.सी. व नेट परीक्षा की निःशुल्क कोचिंग भी उपलब्ध है।
12. वातानुकूलित, वाई-फाई सुविधा, सुसज्जित कम्प्यूटर लैब, अत्याधुनिक पुस्तकालय, शानदार ऑडिटोरियम, कॉन्फ्रेंस हॉल, लैब्स, टीवी स्टूडियो, रेडियो स्टेशन, वर्कशॉप्स, इण्डस्ट्रियल विजिट्स, पिकनिक, कल्चरल इवेंट्स, निःशुल्क सर्टिफिकेशन कोर्सेज, माइक्रोसॉफ्ट कोर्सेज, कोर्स बुक, क्रिएटिव स्टेशनरी, स्वयं के स्टॅडी मैटेरियल्स, इंटर्नल एग्जाम्स कॉलेज को अनूठा आयाम प्रदान करते हैं।
13. जयपुर शहर व आसपास के क्षेत्रों से आने वाले बालिकाओं के लिए सुरक्षित वाहन सुविधा भी उपलब्ध है।
14. ऑनलाइन एजुकेशन एप GuruKPO Plus के माध्यम से ऑनलाइन शिक्षण सुविधा भी साथ-साथ उपलब्ध कराई जाती है।
15. बैडमिंटन, हॉकी, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, 26 जनवरी को होने वाली राष्ट्रीय परेड की तैयारी व प्रशिक्षण व बॉस्केटबॉल के लिए इनडोर-आउटडोर स्टेडियम व प्रशिक्षक स्टूडेंट्स के लिए 12 माह उपलब्ध रहते हैं।
16. कॉलेज के इन्हीं सब प्रयासों के कारण राजस्थान विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा में गत् 2 वर्षों में 8 गर्ल्स गोल्ड मेडल प्राप्त कर चुकी हैं।

''21वीं सदी के भारत में गर्ल्स शिखर की उन ऊंचाईयों को छूनें को आतुर हैं जो कभी किसी ने सपने में भी नहीं सोचा था। बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज परिवार उन सभी गर्ल्स के सपनों को नई उड़ान देने के लिए हौसला प्रदान कर रहा है। अपने कॅरियर के सही चुनाव के लिए एवं लाईफ स्किल कोचिंग के लिए आप सदैव आमंत्रित हैं।''



**डॉ. संजय बियानी** (Ph.D., FCA, MBA, LL.M., LL.B.)
निदेशक (अकादमिक), बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज
शिक्षाविद्, लेखक, मोटिवेशनल स्पीकर एवं काउंसलर
www.sanjaybiyani.com

# BIYANI GIRLS COLLEGE

BIYANI — Where you can trust — ESTD. 2005

Sector-3, Vidhyadhar Nagar, Jaipur, Rajasthan, India

Approved by Govt. of Rajasthan, Affiliated to University of Rajasthan

Accredited by NAAC - Grade 'A'

Leading NAAC 'A' Grade Residential Girls College in North India since 17 years




## ADMISSION OPEN FOR THE SESSION 2022-23

- **Science**
  - B.Sc. Biology • B.Sc. Maths • B.Sc. (Biotech.)
  - M.Sc. (Biotech., Maths, Physics, Chemistry, Zoology, Botany, Env. Science)
- **Commerce & Management**
  - B.B.A. • B.Com. • B.Com.(Hons.)
  - M.B.A. • M.Com. (ABST) • C.A./C.S.
- **Humanities**
  - B.A. (Economics, English Lit., Geography, History, Public Admn., Pol. Science, Psychology, Sociology)
  - B.V.A. (Painting, Sculpture, Applied Arts)
  - M.A. (Economics, English Lit., Geography)
- **Information Technology** • BCA • MCA
- **Pharmacy** • B.Pharm • D.Pharm
- **Nursing** • G.N.M. • B.Sc. Nursing
- **Law** • B.A.-LL.B. • LL.B. • LL.M.
- **Fashion Designing**
  - B.Voc./Advance Diploma/Diploma
- **Journalism**
  - B.Voc./Advance Diploma/Diploma • MJMC
- **Education** • D.El.Ed. • B.Ed. • M.Ed.
  - B.A.-B.Sc./B.Ed. • B.Ed.-M.Ed. • B.P.Ed.
- **Yoga** • PGDYT

**Other Residential Campus**

Campus-2
Lush Green Campus Co-Ed with Sports Complex
at Kalwar, Jaipur (BSS)
(BA, B.Com., B.Sc., BCA, LLB, LLM)



Campus-3
Huge Lush Green Co-Ed Campus at Kalwar Road, Jaipur (JRHDT)
(B.Pharm., D.Pharm., ITI)



**OUR ASSOCIATES**

GURUKPO.COM — No.1 Educational Web Portal in India — www.gurukpo.com

BIYANI tv — बात में दम है... — www.youtube.com/BiyaniTv

बियानी टाइम्स — BIYANI TIMES JAIPUR — www.biyanitimes.com

Radio Selfie 90.8 FM — www.radioselfie.in

Helpline (E-Prospectus/WhatsApp) :
+91-8290636942
+91-7891666554

Helpline (Toll Free)
+91-8696218218
+91-7023699027

Online registration and provisional admissions are available on : www.biyanicolleges.org

SUNDAY OPEN



## कहीं आप गलत तेल के शिकार तो नहीं हो रहे है ?

देसी दिल के लिये, दादी वाला देसी तेल...

Natural Immunity Booster

India's Most Trusted Brand

Approved by : WHO GMP

one of the OLDEST OIL known to HUMAN

FORTIFIED WITH VITAMIN A & D

100% VEG.

COLD PRESSED

KOSHER

**Kabira®**
Healthy Growth
**Yellow Mustard Oil**
WOOD PRESSED



**स्वदेशी पीली सरसों का तेल है, प्राचीन, पौष्टिक एवं परखा।**

- प्राचीन शीतल विधी घाणी से निर्मित।
- निर्माण विधी उच्च ताप रहित।
- निर्माण में कोई रासायनिक प्रयोग नहीं।
- केन्सर को रोकने में लाभदायक।*
- मधुमेह को नियंत्रित करने में लाभदायक।
- एसीडीटी एवं गेस्टिक रोगों में मददगार।
- रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने मे लाभदायक।
- केवल देसी सरसों द्वारा निर्मित।
- मोटापा घटाने में लाभदायक।
- बालों के लिए एक उत्तम तेल।
- ओमेगा 3 एवं ओमेगा 6 से भरपूर।
- तीखी गंध रहित होने के कारण सभी व्यंजनों में उपयोगी।
- अनेक औषधीय गुणों से भरपूर।
- सभी तेलों के मुकाबले सबसे कम सेच्युरेटेड फेट्स।*
- छः हजार वर्षों से मानव के लिए उपयोगी।




**Kabira Cold Pressed Oils are Also Available in :**
Kachchi Ghani Mustard Oil (Pungent Smell)
Kachchi Ghani Groundnut Oil | Kachchi Ghani Sesame (Til) Oil

**स्वस्थ जीवन के लिए कोनसा तेल उपयोग करें ?**

| तेल आप उपयोग करें | तेल आप उपयोग ना करें |
|---|---|
| कबीरा पीली सरसों का तेल | कबीरा रिफाईण्ड पामोलीन तेल |
| कबीरा कच्ची घानी सरसों का तेल | कबीरा रिफाईण्ड राईस ब्रान तेल |
| कबीरा कोल्ड प्रेस्ड मूंगफली का तेल | कबीरा ब्लेन्डेड एवं कनोला तेल |
| कबीरा कोल्ड प्रेस्ड तिल्ली का तेल | कबीरा रिफाईण्ड सोयाबीन तेल |
| | कबीरा रिफाईण्ड सूरजमूखी तेल |
| कबीरा कोल्ड प्रेस्ड बादाम तेल | कबीरा रिफाईण्ड मूंगफली तेल |

कबीरा पीली सरसों तेल को फेक्ट्री मूल्य में लेने के लिए इस विज्ञापन एवं अपनी डिटेल्स को 90017-99117 पर व्हाट्सप करें और फ्री में लाइफ मेम्बर बनें एवं पाएं 590 रू. की चांदी की फ्रेम एवं केनवास बेग बिलकुल Free

ONLY FOR NEW MEMBER, LIMITED TIME OFFER

| | |
|---|---|
| समस्त व्रत एवं उपवास में उपयोगी | केवल कबीरा कोल्ड प्रेस्ड मूंगफली का तेल |
| सर्दियों में उपयोगी | कबीरा कोल्ड प्रेस्ड तिल्ली का तेल |
| हर मौसम में उपयोगी | कबीरा पीली सरसों एवं कच्ची घानी सरसों तेल |
| दिपावली, दिपक प्रज्वलन के लिए | कबीरा तिल्ली एवं कच्ची घानी सरसों तेल |

**-: Awards & Achievements :-**










# For Arward Details : Contact 98290-50738

*To Open Kabira Hand Made Exclusive Store or Other Trade Inquiries Please Contact :*

**MANISHANKAR OILS PVT LTD**

+91 98290 50738
www.manishankaroils.in

ALSO DEALS IN KISAN, PEEURA, TILAK, HANDMADE, MURARKA, BANSI, KABIRA COLD PRESSED (EDIBLE OIL, SPICES & TEA)

* In Reference to : Asian Journal of Dairy and Food Research (2019)

#GOVERNMENT OF INDIA'S NATIONAL AWARDED #GOVERNMENT OF RAJASTHAN'S UDYOG RATAN AWARDED

## जयपुर में बनेगा 8 के आकर में 8 किलोमीटर लम्बा ट्रैक, 30 हेक्टेयर में छोड़े जाएंगे टाइगर

# देश में पहली बार, लेपर्ड-एलीफैंट-लॉयन के साथ टाइगर सफारी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में जयपुर एकमात्र ऐसा शहर होगा जहां लेपर्ड, एलीफेंट और लॉयन के साथ अब टाइगर सफारी भी होगी। इसके लिए टाइगर्स को जयपुर लाना शुरू कर दिया गया है। दिल्ली रोड पर नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में बनने वाली सफारी में टूरिस्ट खुले में टाइगर की साइटिंग कर सकेंगे। वन विभाग और जेडीए की ओर से टाइगर सफारी के काम को शुरू कर दिया गया है। दिसंबर में इसकी शुरुआत होगी। ऐसे में उम्मीद लगाई जा रही है कि इस साल के अंत तक टाइगर सफारी बनकर तैयार हो जाएगी।

जयपुर में टाइगर सफारी नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क के करीब एग्जॉटिक पार्क में विकसित की जाएगी। इसका निर्माण जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा 7.5 करोड़ रुपए खर्च कर किया जाएगा। नाहरगढ़ की पहाड़ियों में लगभग 30 स्क्वॉयर हेक्टेयर सफारी तैयारी की जाएगी। जहां टूरिस्ट के लिए 8 की शेप में ट्रैक, एंट्री गेट और एक वॉच टावर बनाया जाएगा। इसके साथ ही सफारी में ट्रैक की लंबाई 8 किलोमीटर की होगी। वहीं टाइगर्स के रहने के लिए दस शेल्टर भी बनाए जाएंगे। ताकि रात के समय उन्हें उसमें रखा जा सकें।



### सफारी के लिए 250 से 300 तक फीस

**नाहरगढ़** सफारी में लॉयन सफारी की तर्ज पर 4 कैंटर चलाए जाएंगे। इसमें सफर करने के लिए प्रति टूरिस्ट 250 से 300 तक राइड फीस चुकानी पड़ सकती है। वहीं सफारी में टाइगर और टाइग्रेस के साथ ही दूसरे वन्यजीवों को भी छोड़ा जाएगा। ताकि टाइगर्स को भोजन मिलने के साथ ही प्राकृतिक संतुलन भी बना रहे। इसके साथ ही सफारी में वाटर पॉइंट भी डिटेल किए जाएंगे। जहां वन्य जीव आसानी से पानी पी सके। नाहरगढ़ में बनने वाली टाइगर सफारी में सबसे पहले एक जोड़ा छोड़ा जाएगा। ऐसे में माना जा रहा है कि ग्वालियर से लाए गए टाइगर शिवाजी और टाइग्रेस रानी सबसे पहले यह सफारी की शान बढ़ाएंगे। इसके बाद 2 और टाइग्रेस भी सफारी में छोड़ने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए वन विभाग द्वारा वन्यजीव एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत नागपुर से दो टाइग्रेस लाने की तैयारी में जुटा हुआ है।

**नाहरगढ़** में टाइगर सफारी ग्रास लैंड पर तैयार की जा रही है। इसके लिए जेडीए ने टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मुझे उम्मीद है की इस साल के अंत तक टाइगर सफारी का काम पूरा हो जाएगा। उन्होंने बताया कि जयपुर ही एकमात्र ऐसी जगह है। जहां पर ग्रास लैंड, घने जंगल, पथरीले पहाड़ और मिट्टी के धोरों जैसी जगहों पर लेपर्ड, एलीफेंट, लॉयन और टाइगर सफारी की शुरुआत की जा रही है। ऐसे में भविष्य में जयपुर न सिर्फ भारत में बल्कि दुनिया में वाइल्डलाइफ सिटी के रूप में अपनी पहचान स्थापित करेगा।

**- अरिंदम तोमर,** मुख्य वन संरक्षक और वन्य जीव प्रतिपालक, वन विभाग

## जागरूक खबरें

### बेस्ट रिसर्च पेपर प्रेजेंटेशन अवार्ड ले निकिता ने बढाया जयपुर का मान



**जयपुर @ जागरूक जनता।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविधालय जयपुर की कायचिकित्सा विभाग की छात्रा डॉ निकिता शर्मा ने आल इंडिया आयुर्वेद एक्सपर्ट (पीजी) एसोसिएशन के द्वारा उत्तराखंड में आयोजित अग्निव्यापार नामक राष्ट्रीय सेमिनार में आंव व अग्नि दोष निवारण पर शोधपत्र प्रस्तुत कर बेस्ट पेपर प्रेजेंटेशन अवार्ड प्राप्त किया। डॉ निकिता को क्विज स्पर्धा में भी तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। डॉ निकिता शर्मा ने अवार्ड ले राष्ट्रीय स्तर पर संस्थान एवम विभाग का मान बढ़ाया है। विभागाध्यक्ष प्रो. राम किशोर जोशी, डॉ. भरत पढार एवम सभी शिक्षकों ने डॉ निकिता को बधाई दे उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

### त्यागी, सुभाष उपाध्यक्ष मनोनीत

**जयपुर @ जागरूक जनता।** भगवा रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा (रींगस) ने राष्ट्रीय महासचिव विनोद त्यागी की अनुशंषा पर अनुज त्यागी को दिल्ली प्रदेश का उपाध्यक्ष और सुभाष चंद को बुराड़ी विधानसभा का उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।

### वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्री योजना में 1933 यात्रियों का हुआ चयन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्य सरकार की महत्वकांक्षी वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्री योजना के तहत स्वायत्त शासन नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री शांति धारीवाल की अध्यक्षता में गठित समिति ने मंगलवार को माननीय मंत्री के राजकीय निवास से तीर्थयात्रियों की ऑनलाइन लॉटरी निकाली। इस दौरान जिला कलक्टर जयपुर प्रकाश राजपुरोहित एवं सहायक आयुक्त-प्रथम देवस्थान आकाश रंजन उपस्थित रहें। इस ऑनलाइन लॉटरी के तहत 1933 तीर्थयात्रियों का चयन किया गया जिन्हें राज्य सरकार की तरफ से निःशुल्क तीर्थ यात्रा करवाई जाएगी। धारीवाल ने सॉफ्टवेयर के माध्यम से क्लिक करते हुए जयपुर जिले से प्राप्त कुल 6 हजार 761 आवेदनों में से 1933 यात्रियों का अलग-अलग चयन किया। इस लॉटरी के माध्यम से हवाई तीर्थयात्रा हेतु कुल 193 यात्रियों का तथा रेल से तीर्थयात्रा हेतु 1740 यात्रियों का चयन किया गया। उन्होंने जिले से चयनित समस्त 1933 यात्रियों को निःशुल्क तीर्थयात्रा के लिए शुभकामना दी है। लॉटरी प्रक्रिया से तीर्थयात्रियों के चयन के दौरान जिला स्तरीय समिति के अन्य सदस्य वर्चुअल वीसी के माध्यम से भाग लिया।

**इन स्थानों की करवाई जाएगी यात्रा :** सहायक आयुक्त-प्रथम देवस्थान श्री आकाश रंजन ने बताया कि चयनित 193 तीर्थयात्रियों को पशुपतिनाथ-काठमांडू की यात्रा हवाई जहाज से करवाई जाएगी। इसी प्रकार 1740 यात्रियों को रेल द्वारा रामेश्वरम-मदुरैई, जगन्नाथपुरी, तिरूपति, द्वारकापुरी-सोमनाथ, वैष्णोदेवी-अमृतसर, प्रयागराज-वाराणसी, मथुरा-वृंदावन, सम्मेदशिखर-पावापुरी, उज्जैन-ओमकारेश्वर, गंगासागर (कोलकत्ता), कामाख्या (गुवाहटी), हरिद्वार-ऋषिकेश, बिहार शरीफ एवं वेलनकानी चर्च (तमिलनाडु) की यात्रा करवाई जाएगी।


## नगर निगम ग्रेटर का फरमान

# कचरा कलेक्शन की एवज में नए साल से लगेगा यूजर चार्ज

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर शहर में सफाई व्यवस्था भले ही सुधरे या नहीं, लेकिन आने वाले समय में लोगों को डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए चार्ज जरूर देना पड़ा। नगर निगम के अधिकारियों की माने तो यूजर चार्ज की वसूली अगले साल से शुरू हो सकती है। जयपुर शहर में कचरा कलेक्शन के लिए जो टेण्डर किए गए है उसमें कंपनी को ये चार्ज वसूलने के लिए अधिकृत किया है। ये चार्ज 20 रुपए से लेकर 150 रुपए तक वसूला जाएगा।

नगर निगम ग्रेटर में डोर टू डोर सफाई व्यवस्था के लिए नए टेण्डर किए गए है। इन टेण्डर की शर्तो में कंपनी को हर घर पर रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (RFID) लगाने के साथ ही यूजर चार्ज वसूलने का भी उल्लेख किया है। जयपुर नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय पर आज मालवीय नगर जोन क्षेत्र में डोर टू डोर सर्विस शुरू करने के लिए शुरू किए गए हूपर्स को हरीझण्डी दिखाने के बाद मीडिया से बात करते हुए यूजर चार्ज को लेकर बात कही।



उन्होंने कहा कि किसी भी देश में किसी भी तरह की अच्छी सर्विस अगर कोई चाहता है तो उसे वह बिना यूजर चार्ज दिए नहीं मिल सकती है। जयपुर में सफाई व्यवस्था और डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की बेहतर सर्विस चाहिए तो लोगों को यूजर चार्ज देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि ये चार्ज कोई ज्यादा नहीं है, इससे व्यक्ति का सीधे सिस्टम में सुधार को लेकर इंवॉल्वमेंट होता है।

### 3 महीने में सैटअप तैयार करेंगे

जयपुर नगर निगम ग्रेटर के उपायुक्त स्वास्थ्य मुकेश कुमार चौधरी ने बताया कि टेण्डर शर्तो में हमने कंपनी को 3 महीने के अंदर ये सैटअप तैयार करने की शर्त रखी है। इसमें वह जहां-जहां से कचरा कलेक्शन करेगा वहां RFID बार कोड लगाने और उसकी मॉनिटरिंग के लिए कंट्रोल रूम विकसित करेगा। यही कंपनी कचरा कलेक्शन करने के साथ-साथ यूजर चार्ज भी वसूल करेगी। उन्होंने बताया कि अभी केवल मालवीय नगर जोन क्षेत्र के लिए कंपनी ने डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का काम शुरू किया है। आगे एक-दो महीने में दूसरे सभी जोन में कचरा कलेक्शन का काम शुरू करवाया जाएगा।

### ये लगेगा यूजर चार्ज

| उपभोक्ता की श्रेणी | चार्ज/प्रतिमाह |
|---|---|
| 50 वर्गमीटर तक के मकान | 20 रुपए |
| 51 से 300 व.मी. तक के मकान | 80 रुपए |
| 300 वर्गमीटर से बड़े मकान | 150 रुपए |
| दुकान, ढाबा, कॉफी हाउस, मिष्ठान भंडार | 250 रुपए |
| गेस्ट हाउस | 750 |
| हॉस्टल (सरकारी) | 500 |
| हॉस्टल (प्राइवेट) | 1000 |
| रेस्टोरेंट | 750 |
| होटल रेस्टोरेंट | 1000 |
| होटल रेस्टोरेंट 3 सितारा तक | 1500 |
| प्राइवेट कोचिंग सेंटर | 5000 |
| प्राइवेट स्कूल, कॉलेज | 1000 |

## सरकारी कॉलेजों में बढ़ी 25% सीटें

### 30 जुलाई तक होंगे एडमिशन, 12 अगस्त को जारी होगी फर्स्ट कटऑफ लिस्ट

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** CBSE 12th का रिजल्ट जारी होने के बाद उच्च शिक्षा विभाग में एडमिशन की तारीख को 5 दिन आगे बढ़ा दिया है। जिसके बाद राजस्थान के 459 कॉलेजों में अंडर ग्रेजुएशन कोर्स के लिए अब स्टूडेंट्स 30 जुलाई तक अप्लाई कर सकेंगे। वहीं सरकार ने प्रदेश के सरकार कॉलेजों में 25त्न सीटें बढ़ाई है। ऐसे में इस बार प्रदेशभर 2 लाख 6 हजार की जगह 2 लाख 57 हजार सीट्स पर स्टूडेंटन्स को एडमिशन दिया जाएगा। इसके बाद 1 अगस्त कॉलेज की ओर से एडमिशन फ्रॉम का ऑनलाइन वेरिफिकेशन किया जाएगा। इसके बाद 12 अगस्त को फर्स्ट कटऑफ लिस्ट जारी की जाएगी। वहीं 16 अगस्त को वर्ग निर्धारण विषय आवंटन किया जाएगा। 17 अगस्त से ऑनलाइन और ऑफलाइन क्लासेस शुरू होंगी। दरअसल, प्रदेश के सरकारी और प्राइवेट कॉलेज में 27 जून से 9 जुलाई तक अंडर ग्रेजुएशन कोर्सेज में एडमिशन की प्रक्रिया शुरू की गई थी।

## गायब हुई शेरनी 'सृष्टि', दहशत फैली

### गुजरात से लाया गया था; अधिकारी बोले- पार्क में 24 घंटे से ढूंढ रहे हैं

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जयपुर में इकलौती शेरनी सृष्टि गायब हो गई है। बीते 24 घंटों से सृष्टि एंक्लोजर में नहीं आई है। इसके बाद वन विभाग की टीमें 28 हेक्टेयर में फैले नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में सृष्टि को ढूढ़ने में जुटी हुई हैं। शेरनी के गायब होने की जानकारी मिलते ही शहर से लगते कई क्षेत्रों में डर का माहौल है। समाचार लिखे जाने तक शेरनी सृष्टि का सुराग नहीं लगा था।

### आबादी क्षेत्र में जाने का डर!

**तीन** साल की सृष्टि के गायब होने के बाद वन विभाग के अधिकारियों के साथ आम आदमी भी काफी परेशान है। क्योंकि बारिश की वजह से फेंसिंग क्षेत्र में कई बार मिट्टी ढहने से दीवार टूटने के साथ ही जमीन में गड्ढा हो जाता है। ऐसे में अगर सृष्टि वन क्षेत्र से बाहर निकल गई है तो बड़ी अनहोनी की संभावना बढ़ जाती है। दरअसल, बायोलॉजिकल पार्क के नजदीक ही आमेर, सिस्यावास, कुंडा, कूकस घनी आबादी क्षेत्र है।वन विभाग के अधिकारी इस पूरी घटना पर कुछ भी खुलकर कहने से बच रहे हैं। सर्च के लिए एक्सपर्ट की भी मदद ली जा रही है। वन विभाग के अधिकारी इस पूरी घटना पर कुछ भी खुलकर कहने से बच रहे हैं। सर्च के लिए एक्सपर्ट की भी मदद ली जा रही है।

## पहली बार इंस्टीट्यूशनल प्रोपर्टी का अलॉटमेंट लॉटरी से

# कोचिंग हब के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** अभी तक आपने सरकारी एजेंसी (हाउसिंग बोर्ड, जेडीए, यूआईटी या नगर पालिका) की योजनाओं में आवेदन किया होगा, जहां लॉटरी के जरिए आवासीय मकान या फ्लैट्स अलॉर्ट किए जाते है। लेकिन जयपुर में पहली बार ऐसा होगा जब इंस्टीट्शनल उपयोग की सम्पत्तियों के लिए आवेदन मांगे जा रहे है और इसमें आवेदन करने वालों को लॉटरी के जरिए स्पेस आवंटित किया जाएगा। राजस्थान हाउसिंग बोर्ड की जयपुर के प्रताप नगर में बनाई कोचिंग हब योजना में बोर्ड प्रशासन 140 सम्पत्तियों का आवंटन करने जा रहा है। इसमें करीब 5 लाख 93 हजार वर्गफीट का स्पेस लॉटरी के जरिए आवंटित किया जाएगा।

आपको बता दें कि जयपुर के प्रताप नगर स्थित हल्दीघाटी मार्ग पर ये कोचिंग हब बना है, जो करीब 67 हजार वर्गमीटर जमीन पर है। इससे लगभग 65 से 70 हजार छात्रों को शैक्षणिक सुविधा का लाभ मिलेगा। पहले चरण में बने 5 ब्लॉक में कुल 140 कोचिंग परिसरों के आवंटन की प्रक्रिया शुरू की गई है।

### ऑनलाइन आवेदन शुरू

**अभी** तक इंस्टीट्शनल सम्पत्तियों का आवंटन या तो नीलामी के जरिए होता है या सरकार की मंशा व्यक्तिगत आवेदन करने वाले को होता है। पहली बार इस तरह की सम्पत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे जा रहे है। ये आवेदन मंगलवार से शुरू हो गए और इसके लिए अंतिम तिथि 25 अगस्त होगी। आवेदन हाउसिंग बोर्ड की वेबसाइट पर होगा। हाउसिंग बोर्ड कमीश्नर पवन अरोड़ा ने बताया कि आवेदकों की सुविधा के लिए बोर्ड ने कोचिंग हब परिसर में हैल्प डेस्क स्थापित की है, जिसमें मंडल की मार्केटिंग शाखा के कर्मचारी और साइट इंजीनियर कोचिंग संचालकों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध करवाएंगे।

### आवेदन की पात्रता

**इस** योजना में केवल वहीं लोग आवेदन कर सकेंगे जो तीन साल से कोचिंग संचालित कर रहे हो या उसमें कार्यरत हो। जयपुर शहर में संचालित कोचिंग संस्थाओं को आवंटन में वरीयता दी जाएगी। इस कोचिंग हब में बने स्पेस को क्षेत्रफल के आधार पर 6 श्रेणियों में बांटा है। कोई भी आवेदक किसी एक श्रेणी में ही आवेदन कर सकेगा। प्रत्येक श्रेणी में लॉटरी के माध्यम से आवेदकों की वरीयता निर्धारित की जाएगी। वरीयता निर्धारण के बाद सफल आवेदकों को संस्थानिक सम्पत्ति का आवंटन किया जाएगा।

## देवेन्द्र शर्मा का देहरादून में स्वागत



**जयपुर @ जागरूक जनता।** भगवा रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष का देहरादून में महाकाल के भक्त सामाजिक संस्था के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। देवेन्द्र शर्मा (रींगस) राष्ट्रीय अध्यक्ष भगवा रक्षा दल का अंकुर जैन अध्यक्ष महाकाल के भक्त सामाजिक संस्था एवं दीपक जेठी कार्यकारी अध्यक्ष महाकाल के भक्त सामाजिक संस्था ने दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर महाकाल भक्त सामाजिक संस्था के सदस्य जीतू खत्री एवं पुनीत मेहरा भी उपस्थित रहे।

ANCHOR | कार्यशाला

# मनोचिकित्सकों को मीडिया में मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा करनी चाहिए-संजीव

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** गौतम हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, इंडियन साइकेट्रिक सोसायटी, मीडिया रिलेशन सब कमिटी, यंग साइकेट्रिक सब कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन एक निजी होटल में किया गया। कार्यक्रम में संजीव श्रीवास्तव (फॉर्मर इंडिया एडिटर बीबीसी वर्ल्ड सर्विस) मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे।

उन्होंने बताया कि मनोचिकित्सकों को आगे आकर मीडिया से जनहित में मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बात करनी चाहिए। कोलकाता से डॉक्टर गौतम ने युवा मनोचिकित्सकों को करियर के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। मुंबई से डॉक्टर हिना ने प्रिंट मीडिया एवं डिजिटल मीडिया के बारे में परिचर्चा की। अजमेर से डॉक्टर मनीषा ने सीबीटी, औरंगाबाद से डॉक्टर दीपांजलि, डॉक्टर राज ने वर्कशॉप का आयोजन किया। इंडियन साइकेट्रिक सोसायटी के उपाध्यक्ष डॉ विनय कुमार ने मीडिया एवं मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बात की। सेमिनार में अध्यक्ष आईपीएस डॉ एन एन राजू, सचिव आईपीएस डॉ अरविंद ब्रह्मा, एडिटर आई पी एस डॉ ओ पी सिंह, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आई पी एस डॉ शिव गौतम, डॉ ऐम एल गाडा, डॉ भावेश, डॉ ध्रुव, डॉ मिन्हाज जफ़र, डॉ रूप सिडाना, डॉ नवेन्दु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक मनस्वी गौतम एवं डॉ अनिता गौतम ने बताया कि इस सेमिनार में पूरे भारतवर्ष से 150 से अधिक मनोचिकित्सक एवं मनोवैज्ञानिक उपस्थित रहे।

कार्यशाला में दूसरे दिन एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल एंड कंट्रोलर डॉक्टर राजीव बगरहट्टा मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। हाल ही में मानसिक तनाव एवं आत्महत्या के बढ़ते आंकड़ों पर डॉ राजीव ने चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि मानसिक स्वास्थ्य एवं मानसिक विकारों के उपचार की गाइडलाइंस भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण है।

क्लिनिकल प्रैक्टिस गाइडलाइंस सब कमिटी के अध्यक्ष डॉ शिव गौतम ने बताया कि क्लिनिकल प्रैक्टिस गाइडलाइंस सब कमेटी के द्वारा अब तक मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न विषयों पर 13 प्रैक्टिस गाइडलाइन बुक प्रकाशित हो चुकी है, तथा इस वर्ष 14 कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है जिसका विषय है ÷इमरजेंसी साइकाइट्री÷। कार्यक्रम संयोजक डॉ मनस्वी गौतम ने बताया कि इस कार्यशाला में अध्यक्ष आईपीएस डॉ एन एन राजू, उपाध्यक्ष डॉ विनय कुमार, सचिव डॉ अरविंद, एडिटर डॉक्टर ओ पी सिंह, डॉक्टर अलीम सिद्धकी एवं देशभर से करीब 70 मनो चिकित्सकों ने भाग लिया।



# मैं..., द्रौपदी मुर्मू... ईश्वर की शपथ लेती हूँ कि, मैं श्रद्धापूर्वक भारत के राष्ट्रपति पद का कार्यपालन करूंगी तथा अपनी पूरी योग्यता से संविधान और विधि का परिरक्षण, संरक्षण और प्रतिरक्षण करूंगी....... और

# ...मैं भारत की जनता की सेवा और कल्याण में समर्पित रहूंगी।

**जागरूक जनता @ "जोहार! नमस्कार!** मैं भारत के समस्त नागरिकों की आशा-आकांक्षा और अधिकारों की प्रतीक इस पवित्र संसद से सभी देशवासियों का पूरी विनम्रता से अभिनंदन करती हूं। आपकी आत्मीयता, विश्वास और आपका सहयोग, मेरे लिए इस नए दायित्व को निभाने में मेरी बहुत बड़ी ताकत होंगे।" मैं छोटे से गांव से आती हूं और वहां प्राथमिक शिक्षा हासिल करना भी कठिन है। मैं इस स्तर तक शिक्षा पाने वाली पहली व्यक्ति हूं। राष्ट्रपति के रूप में मेरा चुना जाना केवल मेरी उपलब्धि नहीं है, बल्कि देश के सभी लोगों की उपलब्धि है, जो वे इस स्तर तक पहुंचने का सपना देख सकते हैं। शपथ ग्रहण के दौरान मुर्मू ने कहा मेरा सौभाग्य है कि मुझे स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में सेवा करने का अवसर मिला है। मैं स्वतंत्र भारत में जन्म लेने वाली पहली राष्ट्रपति हूं। "मेरे लिए बहुत संतोष की बात है कि जो सदियों से वंचित रहे, जो विकास के लाभ से दूर रहे, वे गरीब, दलित, पिछड़े और आदिवासी मुझ में अपना प्रतिबिंब देख रहे हैं। मेरे इस निर्वाचन में देश के गरीब का आशीर्वाद शामिल है, देश की करोड़ों महिलाओं और बेटियों के सपनों और सामर्थ्य की झलक है।"



**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को भारत के 15वें राष्ट्रपति पद की शपथ ली। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) एनवी रमना ने निर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई। मुर्मू देश की दूसरी महिला राष्ट्रपति हैं। साथ ही वह सर्वोच्च संवैधानिक पद संभालने वाली पहली आदिवासी महिला और स्वतंत्र भारत में पैदा होने वाली पहली राष्ट्रपति हैं।



## राष्ट्रपति मुर्मू से राज्यपाल मिश्र की शिष्टाचार भेंट

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने मंगलवार दोपहर राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। राज्यपाल मिश्र ने राष्ट्रपति मुर्मू को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें राजभवन में बन रहे संविधान पार्क और संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता के लिए राजभवन स्तर पर किए जा रहे नवाचारों की जानकारी दी।

## जागरूक खबरें

### विशेष ग्राम सभाओं में दिए जाएंगे 'हर घर जल विलेज' सर्टिफिकेट

**जयपुर @ जागरूक जनता।** हर घर जल कनेक्शन से शत-प्रतिशत जुड़ चुके प्रदेश के 33 जिलों के 1431 गांवों की ग्राम पंचायतों में दिनांक 27 जुलाई को विशेष ग्राम सभाएं आयोजित कर 'हर घर जल उत्सव' मनाया जाएगा। ग्राम सभा के दौरान ही सभी ग्रामवासियों की मौजूदगी में संबंधित गांव के शत-प्रतिशत नल कनेक्शन से जुड़ने का 'हर घर जल विलेज' सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। ग्राम सभा में सर्टिफिकेट प्रदान करने की कार्यवाही का वीडियो तैयार कर आईएमआईएस पर अपलोड भी किया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी डॉ. सुबोध अग्रवाल ने इस संबंध में आयोजित बैठक में तैयारियों की जानकारी ली एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ग्राम सभा के दौरान ही सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम जल स्वच्छता समिति के अध्यक्ष एवं जल समिति के सदस्य प्रत्येक घर के पाइप्ड पेयजल कनेक्शन से जुड़ने की पुष्टि ग्राम सभा के सदस्यों से हाथ उठाकर करवाएंगे। इस पूरी प्रक्रिया का वीडियो भी बनाया जाएगा।

### राजस्थान मूल के पदक विजेता खिलाड़ियों की प्रदेश में हो सकेगी समान वेतन पर नियुक्ति

**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान आउट ऑफ टर्न अपॉइंटमेंट टू स्पोर्ट्स मैडल विनर्स रूल्स, 2017 में संशोधन को मंजूरी दी है। इस संशोधन के बाद केन्द्र सरकार या किसी अन्य राज्य में नियुक्त अधिकारी-कर्मचारी जो राजस्थान के मूल निवासी हों, को पदक जीतने पर पे प्रोटेक्ट करते हुए समान वेतन पर राज्य में नियुक्ति दी जा सकेगी। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में खेल एवं खिलाड़ियों के उन्नयन की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में किए गए इस निर्णय से पदक विजेता खिलाड़ी समान वेतन पर अपने गृह राज्य में नौकरी करते हुए बेहतर रूप से अभ्यास कर सकेंगे तथा अपनी खेल प्रतिभा को और निखार सकेंगे।

### काव्य-कलम समारोह का आयोजन




**जयपुर @ जागरूक जनता।** जयपुर की प्रतिष्ठित "माही संदेश" मासिक पत्रिका की ओर से "मालार्पण" में काव्य कलम समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें आमंत्रित कवियों ने अपने गीतों और कविताओं से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक राजेन्द्र सिंह गहलोत को काव्य कलम सम्मान से सम्मानित किया गया। माही संदेश के संरक्षक सलाहकार प्रसिद्ध समाजसेवी सुधीर माथुर एवं प्रधान संपादक रोहित कृष्ण नंदन ने कहा कि राजेन्द्र सिंह गहलोत को साहित्यिक, सामाजिक, कला क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए काव्य-कलम सम्मान प्रदान करते हुए माही संदेश पत्रिका परिवार गौरवान्वित हैं। इस अवसर पर राजेन्द्र सिंह गहलोत ने सुधीर माथुर एवं समारोह के अतिथिगण विपिन कुमार पांडे IGP-Humanright, अनुपमा शर्मा RAcS, डाक्टर अजय सिंह चित्तौड़ा सेवानिवृत्त आईएएस को अपनी चर्चित पुस्तक "मीडिया बिकता है, खरीदोगे?" भेंट की। समारोह के अंत में सुधीर माथुर एवं रोहित कृष्ण नंदन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

सीएम गहलोत ने प्रस्ताव किया मंजूर

## सरकारी कर्मचारियों को सालाना 2 बार मिलेंगे प्रमोशन के मौके

DPC **के बाद होगी रिव्यू** DPC



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों को साल में दो बार प्रमोशन के मौके मिलेंगे। रेग्युलर डिपार्टमेंटल प्रमोशन कमेटी (DPC) के बाद बचे हुए खाली पद भरने के लिए कमेटी की एक और रिव्यू बैठक हो सकेगी। सीएम अशोक गहलोत ने साल में दो बार DPC की बैठक करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। प्रस्ताव के मुताबिक सभी सेवाओं में प्रमोशन से भरे जाने वाले पदों पर अगर रेग्युलर DPC की बैठक 30 सितंबर से पहले हो जाती है और उसके बाद किसी पोस्ट या कैडर के 15 फीसदी से ज्यादा पद 31 दिसम्बर तक खाली हो जाते हैं, तो ऐसे पदों को भरने के लिए DPC की सिफारिशों का रिव्यू किया जा सकेगा। साथ ही उसी फायनेंशियल ईयर में 31 मार्च तक दूसरी बैठक कर पदों को भरा जा सकेगा।

### वैकेंट पोस्ट को वक्त पर भरा जा सकेगा

प्रदेश में वित्तीय वर्ष में एक अप्रैल से प्रमोशन का प्रोसेस शुरू हो जाता है। ज्यादातर विभागों में जून-जुलाई तक सालाना तौर पर रेग्युलर DPC बैठक आयोजित कर ली जाती है। DPC में एक अप्रैल की स्थिति में पूरे साल की सभी सम्भावित वैकेंट पोस्ट्स को शामिल किया जाता है। रेग्युलर DPC हो जाने के बाद भी सर्विस से अलग होने, कम्पलसरी रिटायरमेंट, वॉलंटरी रिटायरमेंट, कर्मचारी की डेथ होने, प्रमोशन स्वीकार नहीं करने जैसे अलग-अलग कारणों से पोस्ट खाली हो जाती हैं। इन वैकेंट पोस्ट्स को अब वक्त पर भरा जा सकेगा। इस प्रस्ताव के अप्रूवल से राज्य सरकार के कर्मचारियों को प्रमोशन के ज्यादा मौके मिल सकेंगे। विभागों को गवर्नमेंट वर्क के लिए ज्यादा अधिकारी-कर्मचारी भी मिल सकेंगे।

9वीं संचालन एवं समन्वय समिति बैठक आयोजित

## इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की प्रगति जन कल्याण पोर्टल पर हो अद्यतन



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्य सचिव उषा शर्मा ने प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की प्रगति की जानकारी को जन कल्याण पोर्टल पर निरंतर अद्यतन करने के निर्देश दिए है, जिससे उनकी प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो सके। शर्मा सचिवालय में अपने कक्ष में राज्य में प्रगतिरत प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स पर आयोजित 9वीं संचालन एवं समन्वय समिति बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। मुख्य सचिव ने कहा कि विभिन्न विभागों द्वारा 50 करोड़ रूपये से अधिक लागत के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की प्रगति की जानकारी जन कल्याण पोर्टल पर अद्यतन की जा रही है। विभागों द्वारा 318 में से 237 प्रोजेक्ट्स की प्रगति को पोर्टल पर अद्यतन किया जा चुका है। उन्होंने संबंधित विभागों को शेष प्रोजेक्ट्स की प्रगति को 10 दिन के भीतर अद्यतन करने के निर्देश दिए। शर्मा ने कहा कि प्रोजेक्ट्स से संबंधित विषयों जैसे भूमि अवाप्ति, क्षतिपूर्ति राशि इत्यादि का विभागों द्वारा आपसी समन्वय कर शीघ्र निष्पादन किया जाए, जिससे प्रोजेक्ट्स तय समय में पूर्ण हों। उन्होंने 8वीं बैठक में दिए गए निर्देशों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सार्वजनिक विभाग के प्रमुख शासन सचिव नवीन महाजन, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव भवानी सिंह देथा सहित विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारी उपस्थित थे।

## गहलोत सरकार करेगी 'ग्रीन राजस्थान'

### 10 हजार ग्राम-पंचायत, 200 शहरों को 1-1 करोड़, पब्लिक डिमांड पर 3 करोड़ पौधे मिलेंगे

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान सरकार ने प्रदेश में 5 करोड़ पौधे बांटने का फैसला लिया है। इनमें से 3 करोड़ पौधे आम जनता को मांग के अनुसार उपलब्ध कराए जाएंगे। 10 हजार ग्राम पंचायतों को 1 करोड़ पौधे और 200 शहरी इलाकों को भी 1 करोड़ पौधे दिए जाएंगे। प्रदेश के लोगों को जनआधार कार्ड के आधार पर सरकार की ओर से तय रेट पर पौधे दिए जाएंगे। सरकारी सूत्रों के मुताबिक अलग-अलग पेड़ के पौधे की वैराइटी के आधार पर बहुत कम रेट रखी जाएगी। अलग-अलग पौधे की किस्म, फूलदार-फलदार-छायादार पेड़, यूटिलिटी, डिमांड और उपलब्धता को देखते हुए उदाहरण के तौर पर 5, 10, 15, 20 रुपए प्रति पौधा रेट रखी जा सकती है। अगले साल भी इसी तर्ज पर 5 करोड़ पौधे तैयार कर दिए जाएंगे।

## जयपुर एयरपोर्ट से इंटर स्टेट उड़ाने जल्द प्रारम्भ हो- बोहरा

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने लोकसभा सत्र के दौरान नियम 377 के तहत अपनी बात रखते हुए कहा कि जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से वर्तमान में अन्तराष्ट्रीय व घरेलु सहित 71 उड़ानो का संचालन हो रहा है परन्तु इन्टर स्टेट कनेक्टिवी की मात्र 2 उड़ान ही संचालित हो रही है। जैसलमेर और जोधपुर के लिये पहले उड़ाने प्रारम्भ की गई थी, जो भी वर्तमान में बन्द है। सासंद बोहरा ने अपनी बात रखते हुए कहा कि जयपुर प्रदेश की राजधानी होने के कारण उधोग, पर्यटन, हस्तशिल्प आदि से प्रदेश के हर जिले से जुड़ा हुआ है। इंटर स्टेट उड़ाने नही होने के कारण व्यापार और पर्यटन दोनो को बढ़ावा नहीं मिल रहा है।






**सीखने की बात**

अपनी जरूरत के लिए धन कमाना अच्छी बात है, किन्तु धन-दौलत जमा करने की भूख होना बुरी बात है...

- अज्ञात

# खतरनाक वायरस के दौर में पंख वाले दानवों का आतंक

इस आलेख को पढ़ने वाले कई पाठक कोविड-19 से ग्रसित हुए होंगे। आज जब इस बीमारी को आए दो-ढाई साल हो गए हैं, तब हम में से अधिकांश के लिए कोरोना से प्रभावित होने वाले रिश्तेदारों, दोस्तों और परिचितों की संख्या उन लोगों की तुलना में अधिक होगी, जो अब तक इस वायरस से बचे हुए हैं। अगर किसी पाठक के साथ ऐसी बात नहीं है, तो वह वाकई खुद को भाग्यशाली मान सकता है। एक पखवाड़े पहले तक मैं भी इससे बचा हुआ था। और फिर, जब इसने मुझे अपनी गिरफ्त में लिया, तो धीरे-धीरे, मानो माफी मांगते हुए। कहा जाता है कि 'ओमी ान इसका हल्का स्वरूप है। जब तक आपको इसका एहसास होता है, तब तक तो यह खत्म हो चुका होता है।' यह सच है, लेकिन पूरा नहीं। निस्संदेह, इस खतरनाक वायरस परिवार का यह एक उदार सदस्य माना जा सकता है, मगर कोविड आने और जाने के बाद मैं एक अजीब अनुभव से गुजरा हूं। असल में, एक मच्छर पिछले कई दिनों से मेरे शयनकक्ष में आसपास मंडरा रहा है। अब आप यही पूछेंगे कि आपको कैसे पता, यह एक ही मच्छर है? असल में, मैं भी नहीं जानता। मुझे बस यह पता है कि यह उस आफत या संर मण का हिस्सा नहीं, जिसे मैं चेन्नई का पुराना बाशिंदा होने के नाते जानता हूं, और जो मेरे कानों को नाराज करने व टखनों को बेहाल करने को उतारू रहते हैं। दरअसल, वह पिछली कुछ रातों से तब नमूदार होता है, जब मैं बिस्तर पर सोने से पहले अनिवार्य रूप से पढ़ रहा होता हूं। पहले वह मेरे चेहरे पर पश्चिम से पूरब की ओर तेजी से भागता है, मानो गालों और नाक के आर-पार भूमध्यरेखा खींच रहा हो। और, जब मैं उसे मारने के लिए हाथ उठाता हूं, तो वह पल भर में गायब हो जाता है। मेरी नजर अगली पंक्ति पर पहुंचती ही नहीं कि वह फिर से प्रकट हो जाता है, इस बार पूरब से पश्चिम की ओर। मैं बार-बार उसे मारने की कोशिश करता हूं, पर सब बेकार। इसके बाद वह मेरे चेहरे के ऊपर उड़ता है। मैं खुली किताब को अपने चेहरे पर गिरने देता हूं, ताकि मुद्रित पन्नों व चेहरे के बीच उसे दफ्न कर सकूं। मगर यह मेरे किताब व चेहरे का सौभाग्य और मेरा दुर्भाग्य कि वह फिर से बच निकलता है। मेरी पत्नी यह सब देखकर मुस्कराती रहती हैं और हमेशा की तरह मुझे व्यावहारिक सलाह देती है, 'उसे छोड़ दो... मच्छर भगाने वाला जेल लगाओ या कुछ स्प्रे करना पसंद करो?' मैं ऐसा ही करता हूं, पर यह भी जानता हूं कि गुनगुनाने वाली यह सिरिंज मुझे क्या कह रही है। वह कहती है, 'आपको लगता है कि आप मुझसे बच गए? मगर मैं आपको छोडूंगी नहीं। आप देखते रहो बस!' यही कारण है कि जलवायु संकट पर डॉक्टर के श्रीनाथ रेड्डी (पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष) के एक लेख को पिछले दिनों पढ़ने के दौरान मैंने उसे संर मितों के हित में पाया। उसमें कहा गया था, 'कोविड-19 अकेली संर ामक बीमारी नहीं है, जिसका खतरा जलवायु परिवर्तन के साथ बढ़ गया है। इस महामारी के खत्म होने के बाद भी हम वेक्टर-जनित बीमारियों से जूझते रह सकते हैं। आने वाले दिनों में मच्छरों के काटने से फैलने वाली बीमारियां बढ़ेंगी, क्योंकि कीड़े अधिक ऊंचाई तक उड़ सकेंगे और जहां भी गर्म मौसम उनके अनुकूल होगा, वे दूर-दूर तक जा सकेंगे। डेंगू पहले से ही दुनिया के एक बड़े हिस्से के लिए खतरा है, जबकि मलेरिया से अफ्रीका व एशिया में लोगों की जान जा रही है। यदि इसमें चिकनगुनिया, जीका को जोड़ लें, तो ग्लोबल वार्मिंग को हम मच्छरों के अनुकूल पाएंगे।' एक कड़वा सच। यह वायरस बेशक निष्प्रभावी हो जाएगा, पर यह लाखों लोगों को इतना कमजोर जरूर कर देगा कि वे वेक्टर से निपटने में शायद ही सक्षम हो सकें। हालांकि, ऐसा कहने वाले रेड्डी अकेले नहीं होने चाहिए। सिस्टम में शामिल अन्य लोगों को भी यह कहना चाहिए, और बताना चाहिए कि इसे रोकने के लिए क्या किया जा रहा है? अब यहां कोई यह तर्क न दे कि 'स्वास्थ्य राज्य का विषय है'। मृत्यु नहीं है। यह किसी सूची में नहीं है- न संघ, न राज्य और न समवर्ती। मगर यह पंखों वाले उस दानव के दिमाग में जरूर है, जो हमें परेशान करने के लिए बार-बार निकलता है।

## सम्पादकीय

# विशाल जीत

भारत ने अपना भावी राष्ट्रपति चुन लिया, यह समग्रता में देश के लिए खुशी और उत्सव का समय है। ठीक एक महीने पहले 21 जून को जब भाजपा ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की ओर से पूर्व राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू के नाम की घोषणा की थी, तभी यह लगभग तय हो गया था कि देश को पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति मिलने जा रही है। इनके नाम की घोषणा से विपक्ष बुरी तरह डगमगा गया, उसमें दरारें दिखने लगीं। राष्ट्रपति उम्मीदवार के रूप में यशवंत सिन्हा को आगे करने वाली तृणमूल कांग्रेस में भी हिचकिचाहट पैदा हो गई। ओडिशा के लिए यह खुशी का मौका था कि पहली बार कोई ओडिया राष्ट्रपति बनने जा रहा था, तो बीजू जनता दल खुलकर द्रौपदी मुर्मू के पक्ष में आ गया। इस बीच महाराष्ट्र में भाजपा विरोधी गठबंधन की सरकार गिर गई और भाजपा के समर्थन से जब सरकार बनी, तब साफ हो गया कि महाराष्ट्र से भी अब द्रौपदी मुर्मू के वोट बढ़ जाएंगे। ध्यान रहे, राष्ट्रपति चुनाव व उम्मीदवारों के नाम की घोषणा से पहले समग्र विपक्ष का वोट मूल्य सत्तारूढ़ गठबंधन से लगभग डेढ़ प्रतिशत ज्यादा था। मामूली अंतर के बावजूद विपक्ष ने अपने उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के पक्ष में जोश दिखाया, तो यह भी भारतीय लोकतंत्र की खूबी ही है। वैसे यह संभावना इतिहास में दर्ज हो गई है कि काश, भाजपा द्रौपदी मुर्मू के नाम की घोषणा पहले कर देती, तो शायद विपक्ष अपनी ओर से किसी उम्मीदवार को आगे ही नहीं करता। इस संभावना या बात का विपक्षी पार्टियों के कुछ नेताओं ने खुलकर इजहार भी किया। खैर, यह भी इतिहास में दर्ज हो गया है कि देश के 15वें राष्ट्रपति के लिए हुए चुनाव में जमकर सियासत हुई। उम्मीदवारों की ओर से नेताओं की तरह कुछ बयानबाजी भी हुई। सत्ता पक्ष ने विपक्ष को सियासी व नैतिक मुश्किल में डाला और आसानी से हरा दिया। यह अफसोस तो हर बार होता है कि काश, राजनीतिक दल राष्ट्रपति चुनने के मोर्चे पर एकमत हो पाते। कम से कम एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति चुनने पर सभी सहमत हो सकते थे, इसके लिए सम्मिलित प्रयास होने चाहिए थे। आजाद देश में केंद्र व राज्यों में चुनावी प्रक्रिया शुरू होने के बाद अब तक केवल एक बार ऐसा हुआ है, 1977 में नीलम संजीव रेड्डी निर्विरोध राष्ट्रपति चुने गए। अब द्रौपदी मुर्मू ने अपना कार्यभार संभाल लिया है और आजादी के अमृत वर्ष में देश की कीर्तिगाथा में एक नया अध्याय जुड़ गया। देश के आदिवासी समाज ने एक लंबा सियासी सफर तय किया है, उनकी उपलब्धियां कतई कमतर नहीं हैं। भारतीय लोकतंत्र में आदिवासियों की छोटी-बड़ी उपलब्धियों से ही ऐसा समीकरण बना है, अब देश के प्रथम नागरिक के रूप में हम एक आदिवासी महिला को देख रहे है। यह वाकई नया भारत है। संविधान निर्माताओं ने इसी समावेशी भारत की कल्पना की थी, जिसमें हर वर्ग को शीर्ष स्तर पर प्रतिनिधित्व मिलेगा। देश के लगभग 12 करोड़ आदिवासी निस्संदेह गर्व का एहसास करेंगे, वे अपने जीवन में सुधार लाने को प्रेरित होंगे। सर्वोच्च पद का संदेश पूरे देश में साकार होना चाहिए, आदिवासियों या देश की सियासत की यह उपलब्धि केवल सांकेतिक न रह जाए, यह अपने स्तर और अपनी सीमा में रहते अगली राष्ट्रपति को भी सुनिश्चित करना होगा। दुनिया हमारी समृद्ध विविधता के एक नए रूप से रूबरू होने जा रही है।

**जब हमारी पुलिस और नेता स्पष्ट रूप से नागरिकों की अधिकारों की रक्षा और आजादी का इरादा नहीं रखते, तो ऐसे में अदालतों से ही उम्मीद की जाती है कि वे नागरिकों की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए डटकर खड़ी रहेंगी।**

# सच कहने की ताकत को अदालतों का सहारा



**श्याम माथुर**
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

> **पुलिस को यह समझना चाहिए कि उन्हें नागरिकों के अधिकारों की भी रक्षा करनी चाहिए, न कि केवल उन लोगों के पीछे हाथ धोकर पड़ जाना चाहिए, जिन्हें सरकारें पसंद नहीं करती हैं। और अगर वे ऐसा नहीं करेंगे, तो अदालतों को ऐसा करना होगा।**




ऑल्ट न्यूज के को-फाउंडर और फैक्ट चैकर मोहम्मद जुबैर के लिए अंतरिम जमानत मंजूर करते हुए पिछले हफ्ते सुप्रीम कोर्ट ने जो कुछ कहा, उससे एक बार फिर यह साबित हो गया कि हमारे देश में ऑनलाइन आजादी पर अंकुश लगाने की मुहिम बड़ी तेजी से चल रही है। भारत को आज 'दुनिया की इंटरनेट शटडाउन राजधानी' माना जाता है। यहां इंटरनेट यूजर्स की सुरक्षा के लिए कोई कानून नहीं हैं। इसके बजाय कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए डिजिटल स्पेस में बदलाव हो रहा है। जहां राजनीतिक टिप्पणियों और यहां तक कि क्रिकेट मैच के दौरान अन्य देश के लिए चियर करने पर जेल हो सकती है और नौकरी से हाथ धोना पड़ सकता है। बहुत सारे लोगों का मानना है कि देश में आपराधिक कानून तंत्र का इस्तेमाल सच बोलने वाले लोगों को चुप कराने और परेशान करने के लिए किया जा रहा है। चार वर्ष पहले किए गए एक ट्वीट के लिए एक निडर फैक्ट चेकर को जेल भेज दिया गया। इस घटना की अहमियत को उसके वास्तविक स्वरूप में देखा जाना चाहिए। जिस तरह से अचानक से सॉलिसिटर-जनरल निचली अदालत में उनको जमानत देने से इनकार करने के लिए बहस के लिए पेश हुए, वह यह दर्शाता है कि सरकार कितनी गंभीरता से मोहम्मद जुबैर जैसे लोगों को बंद करना चाहती है।

ऑल्ट न्यूज के मोहम्मद जुबैर को जेल में डालने वाली एफआईआर में शिकायतकर्ता ने कहा था कि ट्वीट हिंदू भगवान हनुमान के अनुयायियों का अपमान था। जुबैर के मामले में जिस ट्वीट पर उन्हें गिरफ्तार किया गया, वो दरअसल 1983 में रिलीज और सीबीएफसी से प्रमाणित एक पुरानी फिल्म 'किसी से ना कहना' के एक वीडियो क्लिप से लेकर दिखाया गया था। इस दृश्य को लेकर आज तक कहीं कोई शिकायत नहीं मिली है। इसमें एक होटल जिसे पहले 'हनीमून होटल' कहा जाता था, बाद में उसका नाम बदलकर 'हनुमान होटल' कर दिया गया, ये दिखाया गया है। सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि पुलिस उस शख्स की पहचान को भी साबित नहीं कर पाई, जिसने ट्वीट के बारे में टैग करके दिल्ली पुलिस से शिकायत की थी।

सुप्रीम कोर्ट ने यूपी में दर्ज सभी 6 मामलों में जुबैर को अंतरिम जमानत दे दी। इससे पहले ऐसे ही मामले में दिल्ली की कोर्ट से भी मोहम्मद जुबैर को जमानत मिली थी। सुप्रीम कोर्ट ने जमानत ऑर्डर में लिखा कि, मूल रूप से आरोपों की जड़ जुबैर द्वारा किए गए ट्वीट हैं, जिनकी जांच दिल्ली पुलिस कर रही है। कोर्ट ने कहा कि हमें उनकी आजादी से और वंचित रखने का कारण नहीं मिलता है। कोर्ट ने कहा कि हम उन्हें ट्वीट करने से नहीं रोक सकते। हम उनके स्वतंत्र भाषण के अधिकार का प्रयोग करने से पहले से ही उन्हें रोक नहीं सकते हैं। वह कानून के अनुसार जवाबदेह होगा। सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस चंद्रचूड़ ने तो यहां तक कहा कि हम एक पत्रकार को कैसे कह सकते हैं कि वह एक शब्द भी नहीं लिखेगा या नहीं बोलेगा?

सुप्रीम कोर्ट से भी पहले दिल्ली के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश देवेंद्र कुमार जांगला ने जुबैर की वकील वृंदा ग्रोवर और सरकारी वकील की दलीलों को सुनने के बाद एक संक्षिप्त लेकिन महत्वपूर्ण संदर्भ के साथ इस मुद्दे पर अपना विश्लेषण रखा। उन्होंने अपने विश्लेषण में कहा कि दिल्ली पुलिस ने इस मामले को ट्वीट को धार्मिक और राजनीतिक अशांति पैदा करने की पूर्व सुनियोजित व्यापक साजिश बताया। इसमें एफसीआरए उल्लंघनों का भी अजीब सा जिक्र है। इसके अलावा सरकारी वकील ने कुछ गुमनाम तत्वों के बारे में भी जिरह की और दलीलें रखी कि जुबैर को जब तक गिरफ्तार नहीं किया जाता है, तब तक उन 'गुमनाम' लोगों के बारे में कुछ पता नहीं चल पाएगा। लेकिन केस को उलझाने की तमाम कोशिशों के बाद भी आखिर नतीजा क्या है- एक ट्वीट, जिसमें जो कुछ लिखा गया था, वो वास्तव में कहीं से भी आपराधिक नहीं था। बस, इसे एक व्यक्ति को हिरासत में रखने का बहाना बनाया गया। एक ऐसे शख्स को जेल में रखने की कोशिश हुई जो नफरत और गलत सूचना के खिलाफ ताकतवर आवाज है। इसके जरिए देश में हजारों लोगों को डराने के कोशिश की गई।

कुछ अर्सा पहले न्यूज18 के पत्रकार अमीश देवगन के खिलाफ कई एफआईआर को जोड़कर अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने 2020 में दोहराया था कि धारा 295ए का इस्तेमाल किसी भी 'दुर्भावनापूर्ण इरादे' से किए गए भाषण पर सख्ती करने के लिए होता है, ना कि 'आपत्तिजनक भाषण' पर कंट्रोल करने के लिए। इस तरह जानबूझकर या दुर्भावनापूर्ण इरादे के बिना किसी धार्मिक अपमान के मामले किसी को सजा नहीं होनी चाहिए चाहे वो अनजाने में या फिर लापरवाही से।

लोकतंत्र में सरकार लोगों की खुली चर्चा से चलती है। अगर लोग अपने विचार साझा करने के लिए बाहर नहीं आते हैं तो लोकतंत्र न तो काम कर सकता है और न ही समृद्ध हो सकता है। भारत के संविधान का अनुच्छेद 19 (1) (ए) अपने नागरिक को भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देता है। निस्संदेह अभिव्यक्ति की आजादी एक लोकतांत्रिक समाज की सही नींव है। विचारों का एक स्वतंत्र आदान-प्रदान, बिना किसी रोक-टोक के सूचना का प्रसार, ज्ञान का प्रसार, अलग-अलग नजरिए को बताना, उन पर बहस करना और अपने विचारों को बनाना और उन्हें बताना, एक स्वतंत्र समाज के लिए बुनियादी बाते हैं। यह स्वतंत्रता ही लोगों के लिए अपना सही विचार तैयार करने में उन्हें सक्षम बनाती है ताकि वो एक स्वतंत्र समाज में अपने सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक अधिकारों का सोच समझकर इस्तेमाल करना जानें।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

## ओपिनियन

# बराबरी पर आएंगी महिलाएं, तो तेज होगी आर्थिक प्रगति



**संतोष मिश्रा**
पत्रकार
@jagrukjanta.net

महिलाएं भारत के विकास और संपन्नता में बड़े पैमाने पर योगदान की दिशा में बढ़ रही हैं। देश में कामकाजी उम्र की लगभग 43.2 करोड़ महिलाएं हैं, जिनमें से 34.3 करोड़ असंगठित क्षेत्र में कार्यरत हैं। मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीट्यूट के अनुसार, महिलाओं को समान अवसर देकर भारत 2025 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद में 770 अरब अमेरिकी डॉलर जोड़ सकता है। हालांकि, जीडीपी में महिलाओं का वर्तमान योगदान 18 प्रतिशत है। अभी भारत में बमुश्किल 10 प्रतिशत उद्यमों या स्टार्टअप का नेतृत्व महिलाएं करती हैं। महिला उद्यमियों को मानसिक व आर्थिक रूप से अधिक मदद देना समय की मांग है। नीति आयोग के पिछले वर्ष के तथ्यों और आंकड़ों पर ध्यान दें, तो स्पष्ट दिखता है कि स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, पोषण, रोजगार से लेकर संपत्ति के स्वामित्व तक जीवन के हरेक क्षेत्र में महिलाओं को असमानता झेलनी पड़ती है। जब फैसला लेने की बात आती है, तब वे पीछे रह जाती हैं। यह असमानता हर क्षेत्र में है। 2011 की जनगणना के अनुसार, देश में महिला साक्षरता दर 65 प्रतिशत है, वहीं पुरुषों में साक्षारता दर 82 प्रतिशत है। अक्सर जब हम लैंगिक मुद्दों पर चर्चा करते हैं, तब भूल जाते हैं कि महिला, पुरुषों के अलावा हमारे बीच किन्नर समुदाय भी है, जिसे समाजिक न्याय की जरूरत है। किन्नर पहले समाज में सम्मानित सदस्य की तरह रहते थे, पर फिल्मों व अन्य वजहों से उनकी छवि खराब हुई। बदले दौर में हमें महिलाओं को ही नहीं, किन्नर समुदाय को भी बराबरी का हक देना होगा।

सतत विकास लक्ष्य 2030 की लक्ष्य संख्या पांच का उद्देश्य सभी प्रकार के भेदभाव, हिंसा और गलत प्रथाओं को समाप्त कर महिलाओं की अवैतनिक देखभाल और घरेलू काम को महत्व देकर लैंगिक समानता प्राप्त करना है। यह स्त्रियों के लिए राजनीतिक, आर्थिक और सार्वजनिक जीवन में निर्णय लेने के सभी स्तरों पर प्रभावी भागीदारी व समान अवसरों पर भी विचार करता है। जब लैंगिक समानता और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने की बात आती है, तो केरल व सिक्किम को छोड़ लगभग सभी भारतीय राज्य रेड जोन में हैं और उन्होंने सौ में से सिर्फ पचास या उससे कम स्कोर किया है। राज्यों के प्रदर्शन को मापने के लिए नीति आयोग ने छह मानदंडों पर विचार किया है, जिसमें जन्म के समय लिंग अनुपात (प्रति 1,000 पुरुष पर महिला), औसत मजदूरी का अनुपात, 15-49 वर्ष की आयु की विवाहित महिलाओं का प्रतिशत, जिन्होंने कभी पति की हिंसा का अनुभव किया है, राज्य विधानसभा के आम चुनाव में महिलाओं द्वारा जीती गई सीटों का प्रतिशत, महिला श्रम शक्ति भागीदारी दर का अनुपात और परिवार नियोजन के आधुनिक तरीकों का उपयोग करते हुए 15-49 वर्ष के आयु वर्ग में महिलाओं का प्रतिशत। हर महिला अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने की हकदार है, पर उसके जीवन में लैंगिक असमानताएं इस वास्तविकता में बाधा डालती हैं। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, असमानता भी बढ़ती है, इसके परिणामस्वरूप हम देखते हैं कि भारत में संगठित क्षेत्र में केवल एक चौथाई महिलाएं हैं। जन्म के समय लिंगानुपात के मामले में उत्तराखंड का प्रदर्शन चिंतनीय है। वर्ष 2017-19 के बीच राज्य का लिंगानुपात 848 था, वहीं साल 2019-21 में यह घटकर 840 हो गया है, जबकि राष्ट्रीय औसत 899 है, राज्य के लिए यह एक गंभीर और विचार योग्य विषय है।

सरकार ने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' की दिशा में अनेक नीतिगत बदलाव किए हैं। इससे भी लिंगानुपात पर असर पड़ रहा है। वर्ष 2021 में पहली बार भारत में प्रति हजार पुरुष पर 1,020 महिला होने का आंकड़ा आया, तो यह गौरव का क्षण था कि हम सामाजिक रूप से अब बेटियों को स्वीकार करने लगे हैं। उम्मीद है, जल्द ही केंद्र व राज्य सरकारें लैंगिक असमानता जैसी चुनौतियों पर भी नीतिगत निर्णय लेंगी। अब सतत विकास लक्ष्य को प्राप्त करना और जरूरी हो गया है। लैंगिक समानता से जुड़े लक्ष्यों को पाने के लिए नियमित रूप से कानूनी, आर्थिक और सामाजिक स्तर पर निगरानी की जरूरत है। लैंगिक समानता प्राप्त करते हुए ही भारत आर्थिक व सामाजिक रूप से सफल होगा।

*(ये लेखिका के अपने विचार हैं)*

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज ।।

# सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



इष्ट के स्वरूप का चिंतन ही मंत्र का अर्थ है। मंत्र का नियमित गति से जप, उसकी मधुरता का रस लेते हुए साथ में इष्ट का चिंतन, यह सब कहने सुनने में भले ही सरल लगे किंतु है बहुत कठिन। जब जप करने बैठते हैं तो शरीर असमर्थता प्रकट करता है, मन स्थिर नहीं होता, कुछ ही देर में उच्चाटन होने लगता है। जल्दी-जल्दी जप संख्या पूरी कर साधक उठ जाता है। इस प्रकार जप में कई कठिनाईयां आती हैं। जप में सफलता के लिए सबसे पहले चाहिए दृढ़ निश्चय और गुरु में अविचल श्रद्धा विश्वास। एक बार पक्के मन से उत्साहपूर्वक साधना में लगने से जप में आनन्द आने लगेगा और प्रारंभ में होने वाली कठिनाईयां धीरे-धीरे स्वत: ही दूर होती जाएंगी। साधक के लिए कठिनाईयों का जीतना भी एक साधना है। स्थिरता और एकाग्रता से सफलता मिलती है। मंत्र का उच्चारण बोलकर करने के बजाए जीभ और होंठ हिलाए बिना भीतर ही भीतर कंठ से पूरी शक्ति लगाकर करना ज्यादा अच्छा है। यह क्रिया प्राणों की शक्ति से ही सम्पन्न होती है। पूरा मन जप में लग जाना चाहिए तभी रसना को आनन्द का यानि रस का आस्वादन महसूस होगा। शुरू में मन असावधान होने से जप कंठ के बजाए पुन: जीभ और होठों से होने लगता है, किंतु कुछ ही समय में मन पुन: सावधान हो जाता है। बलपूर्वक प्रयास से जप भीतर ही भीतर करने की चेष्टा करनी चाहिए। इससे प्राणों की गति स्वत: ही नियमित हो जाएंगी। मंत्र के उच्चारण का अनुभव कंठ और मूर्धा में होने वाले कम्पन से होने लगेगा। **क्रमश:**

## जागरूक Selfie विद डॉटर



परि पुत्री ममता-शिवशंकर, जयपुर

# धीरे-धीरे कम हो रही है आधुनिक गुलामी



**अमित बैजनाथ गर्ग**
पत्रकार
@jagrukjanta.net

अंग्रेजों के चले जाने के बाद भी भारत में दास प्रथा खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। इससे ज्यादा शर्मनाक बात और क्या हो सकती है कि भारत में गुलाम देखने को मिलते हैं। ग्लोबल स्लेवरी इंडेक्स के मुताबिक, दुनियाभर में करोड़ों लोग आधुनिक गुलामी के शिकार हैं। इनमें भारत में भी गुलाम देखने को मिलते हैं। मसलन दास प्रथा आज भी जारी है, लेकिन एक नए नाम के रूप में। आजकल के दास मॉडर्न स्लेव्स या आधुनिक गुलाम कहे जाते हैं। भले ही दुनिया चांद पर पहुंच गई हो, भले ही भारत आजाद हो गया हो, भले ही दुनिया के अधिकतर मुल्कों ने स्वतंत्रता का स्वाद चख लिया हो, फिर भी दुनिया गुलामी की जंजीरों से मुक्त नहीं हो पाई है।

भारत में लोगों के पास मूलभूत सुविधाएं भी नहीं हैं। पेट पालने के लिए बच्चे बचपन से ही काम करने लगते हैं। भारत में करीब 80 लाख गुलाम हैं। दुनिया के अलग-अलग देशों में लोगों के अधिकारों का कितना सम्मान होता है, उसी के आधार पर यह इंडेक्स तैयार किया जाता है। इसके अलावा बंधुआ मजदूरी, जबरन वेश्यावृत्ति, जबरन भीख मांगना, जबरन सशस्त्र संस्थाओं में झोंक दिया जाना, जबरन शादी भी आधुनिक गुलामी के दायरे में शामिल है। इसी आधार पर तैयार किए गए ग्लोबल स्लेवरी इंडेक्स में भारत सबसे ऊपर है। ऑस्ट्रेलिया के मानवाधिकार समूह वॉक फ्री फाउंडेशन की तरफ से जारी ग्लोबल स्लेवरी इंडेक्स के अनुसार, दुनियाभर में महिलाओं-बच्चों समेत करीब साढ़े तीन करोड़ लोग आधुनिक गुलामी की गिरफ्त में हैं। इनमें करीब 80 लाख लोग भारत में हैं। सभी 167 देशों में आधुनिक गुलाम पाए जाते हैं, इसमें शीर्ष पांच देश एशिया के हैं। भारत का स्थान इनमें 53वां है। दासता का स्तर उत्तर कोरिया में सबसे ज्यादा तथा जापान में सबसे कम है।

सर्वे के लिए दासता की जिस परिभाषा का इस्तेमाल किया गया है, उसके मुताबिक किसी की आजादी छीन लेना और हिंसा, दबाव या छल के जरिए उसका आर्थिक या यौन शोषण करना उसे दास बनाना है। एक ओर जहां पश्चिम अफ्रीका और दक्षिण एशिया में आज भी कुछ लोग पैदा होते ही गुलाम बन जाते हैं, वहीं भारत समेत अन्य गरीब देशों में बंधुआ मजदूरी, बाल मजदूरी, देह व्यापार और जबरन विवाह के जरिए गुलामी कराई जाती है। आज की तारीख में दुनिया के 167 देशों में आधुनिक गुलामी पाई गई है। जनसंख्या के अनुपात में लग्जम्बर्ग, आयरलैंड, नॉर्वे, डेनमार्क, स्विट्जरलैंड, ऑस्ट्रिया, स्वीडन और बेल्जियम में सबसे कम लोग गुलाम हैं।

दुनियाभर में आधुनिक युग के गुलामों की तरह जीने वालों की तादाद करोड़ों में है। इनसे बिना पैसे दिए काम करवाया जाता है। सेक्स बंधक के रूप में बेचा जाता है। अपने आदेशों पर चलने वाले दास की तरह रखा जाता है। कई बार बाल सैनिकों के रूप में युद्ध में झोंक दिया जाता है। इस तरह की दासता झेल रहे सबसे ज्यादा लोग भारत में रहते हैं। साल 2018 में इनकी संख्या करीब 80 लाख आंकी गई है। भारतीय घरों में घरेलू नौकर, बंधुआ मजदूरों, भिखारियों और सेक्स वर्करों के रूप में इन्हें मजबूरी और गुलामी का जीवन जीने पर मजबूर किया जाता है।

भारत अंग्रेजों से तो आजाद हो गया, लेकिन आज भी यहां के लोग गुलामी में जीवन बिता रहे हैं। इन्हें गुलाम बनाने वाले बाहर से नहीं आए, यहीं के हैं। हालात ये हैं कि देश में लोगों के पास आधारभूत सुविधाएं नहीं हैं। पेट भरने की मजबूरी के चलते लोग बच्चों को बचपन से ही काम पर लगा देते हैं। बाल मजदूरी, सेक्स स्लेव और बच्चों से भीख मंगवाना, ये सब छिपकर हो रहा है। इन आंकड़ों से भारत की वह तस्वीर दुनिया के सामने आई है, जो बेहद भयावह है। यहां गुलाम देश नहीं, बल्कि देश में रहने वाले लोग हैं। जिस दिन इन लोगों को सम्मानजनक जीवन जीने की आजादी मिल जाएगी, उसी दिन समझा जाएगा कि देश सही मायनों में आजाद है।

दुनियाभर में महिलाओं-बच्चों समेत करीब साढ़े तीन करोड़ लोग आधुनिक गुलामी की गिरफ्त में हैं। दुनियाभर के आधुनिक गुलामों में से 58 प्रतिशत सिर्फ एशिया में रहते हैं और भारत इसमें सबसे ऊपर है। भारत की करीब 1 अरब 30 करोड़ की आबादी में 80 लाख लोग आधुनिक गुलाम हैं। भारत के बाद चीन, पाकिस्तान, बांग्लादेश और उज्बेकिस्तान आते हैं। हालांकि पिछले दो सालों में भारत में आधुनिक गुलामों की संख्या में कमी आई है। वर्ष 2014 में भारत में 1 करोड़ 40 लाख गुलाम थे, वहीं 2016 में यह संख्या बढ़कर एक करोड़ 83 लाख 50 हजार हो गई। 2018 में यह संख्या घटी है, जो 80 लाख रह गई। सभी 167 देशों की सूची में भारत की 80 लाख की आबादी गुलामी में फंसी है। वहीं उत्तर कोरिया में हर 20 में से एक व्यक्ति आधुनिक गुलाम है। मसलन कुल आबादी का करीब 4.3 प्रतिशत हिस्सा। उत्तर कोरिया में नागरिकों से राज्य समर्थित बेगारी करवाई जाती है। इनमें से कई राजनीतिक बंदी हैं और कई ऐसे लोग हैं, जो बाहर के देशों से श्रमिक के रूप में लाए गए।

## हमे लिखे

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

# पंचांग



ज्योतिर्विद्
अक्षय
शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया**

## सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 27/07/2022**

**सूर्योदय** : 05:41 **सूर्यास्त** : 19:17 **चन्द्रोदय** : 03:58 **चन्द्रास्त** : 18:45 **शक सम्वत** : 1944 सुभाकृतु **अमान्ता महीना** : आषाढ़ा **पूर्णिमांत** : श्रावण **सूर्य राशि** : कर्क **चन्द्र राशि** : मिथुन **पक्ष** : कृष्ण **तिथि** : चतुर्दशी, 21:10 तक **वार** : बुधवार **शक सम्वत** : 1944 शुभकृत **चन्द्रमास श्रावण** : पूर्णिमान्त **विक्रम सम्वत** : 2079 राक्षस **गुजराती सम्वत** : 2078 प्रमादी द्रिक ऋतु : वर्षा द्रिक अयन : दक्षिणायन

## नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र** : पुनर्वसु, 31:01 तक
**योग** : हरषाना, 16:59 तक
**प्रथम करण** : विष्टि, 08:00 तक
**द्वितीय करण** : सकुना, 21:10 तक

## शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:16 ए एम |
| प्रातः सन्ध्या | 04:37 ए एम |
| अभिजित मुहूर्त | कोई नहीं |
| विजय मुहूर्त | 02:43 पी एम |
| गोधूलि मुहूर्त | 07:02 पी एम |
| सायाह्न सन्ध्या | 07:15 पी एम |
| अमृत काल | 04:23 ए एम, जुलाई 28 से |
| निशिता मुहूर्त | 12:07 ए एम, जुलाई 28 से |

**निवास और शूल**

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
होमाहुति : केतु
कुंभी चक्र: कंठ

## चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| लाभ | : 05:41 - 07:22 | उद्वेग : 07:16 - 08:34 |
| अमृत | : 07:22 - 09:04 | शुभ : 08:34 - 09:52 |
| काल काल वेला | : 09:04 - 10:46 | अमृत : 09:52 - 11:10 |
| शुभ | : 10:46 - 12:28 | चर : 11:10 - 12:29 |
| रोग वार वेला | : 12:28 - 02:10 | रोग : 12:29 - 01:47 |
| उद्वेग | : 02:10 - 03:52 | काल : 01:47 - 03:05 |
| चर | : 03:52 - 05:34 | लाभ : 03:05 - 04:23 |
| लाभ | : 05:34 - 07:16 | उद्वेग : 04:23 - 05:41 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

## आज द्वादशी

### आज कौन सा कार्य करें

चतुर्दशी भी रिक्ता तिथि है इसलिए इस दिन भी कोई भी नया, मांगलिक कार्य वर्जित है ।

## बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।

**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।

**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

श्रावण, कृष्ण, चतुर्दशी, 2079 बुधवार, 27 जुलाई - 2 अगस्त, 2022

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]

कम समय में अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। मध्यान पश्चात मित्र-परिजनों के साथ मनोरंजन के अवसर मिलेंगे धार्मिक कार्यो में भी उपस्थिति देंगे। उत्तम भोजन वाहन सुख मिलेगा।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]

**संतान** से पुराने मतभेद उभरने से पारिवारिक वातावरण अशान्त होगा। आर्थिक स्थिति बिगड़ने से कर्ज लेना पड़ सकता है। कार्य क्षेत्र पर आरंभिक बिक्री के बाद आज उदासीनता छायी रहेगी।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]

क्रय-विक्रय के व्यापार से लाभ होगा विदेशी वस्तुओ के व्यापार में निवेश आगे के लिये लाभदायक रहेगा। प्रेम प्रसंगों में सम्बन्ध बिगड़ेंगे। संध्या बाद असंयमित दिनचर्या से थकान रहेगी।

**वृश्चिक** [तो, ना, नी, नू, या, यी, यू]

**नौकरी** पेशाओ को अतिरिक्त कार्य मिलने से असुविधा होगी काम लापरवाही से करेंगे। मित्रो के साथ बाहर घूमने का अवसर मिलेगा। ससुराल से लाभ होगा। पारिवारिक दायित्व बढ़ने से व्यस्तता रहेगी।

**मिथुन** [क, की, कु, घ, ङ, छ, के, को, ह]

आकस्मिक यात्रा के योग बनेंगे यात्रा में चोटादि का भय है सावधान रहें। सरकारी दस्तावेजो को संभाल कर रखें। संतान के कारण हानि हो सकती है। विदेशी अथवा दूर रहने वाले व्यक्ति से लाभ हो सकता है।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]

नौकरीपेशा जातको को मेहनत का फल मिलेगा। विरोधियो पर विजय प्राप्त करेंगे। शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। साहित्यकार, लेखक एवं पत्रकारों के लिए सप्ताह विशेष लाभदायक रहेगा।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]

कार्य क्षेत्र या घर में परिवर्तन अथवा साज सज्जा में बदलाव भी कर सकते है समाज के प्रतिष्ठित लोगो से सम्मान मिलेगा लेकिन आर्थिक लाभ थोड़ा विलम्ब से होगा। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा।

**मकर** [भो, जा, जी, जू, खा, खू, गा, गी,]

**परिजनों** के साथ मित्रवत व्यवहार रहेगा। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति के कारण खर्च बढ़ने से असहज अनुभव करेंगे। उधार से बचे। सेहत ठीक रहेगी। आलस्य का वातावरण रहेगा।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]

**व्यवहार** कुशलता व संतोषि स्वभाव से सम्मानित होंगे। उधारी वसूलने में परेशानी आ सकती है। घर में मेहमानों के आने से वातावरण आनंदित होगा। पारिवारिक खर्च बढ़ने से परेशानी भी होगी।

**कुंभ** [गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा]

**नए** कार्यो का आरंभ आज ना करें ना ही किसी को उधार दें। इसके बाद परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलने लगेगा लेकिन घरेलू आवश्यकताओं को नजरअंदाज करने से अशांति बढ़ेगी।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]

**मित्र** परिजनों के साथ ज्यादा समय बिताना पसंद करेंगे। फिजूल खर्ची से बचें। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से सप्ताह उत्साह पूर्ण रहेगा।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]

**आर्थिक** लाभ के लिए अधिक प्रय% करना पड़ेगा मध्यान के समय किसी मनोकामना की पूर्ति होने से प्रसन्न रहेंगे।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

---

**राष्ट्रीय परियोजना का संकल्प पारित कर केंद्र में भेजने की तैयारी**

# ईआरसीपी के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाएगी सरकार

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजस्थान सरकार ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट (ईआरसीपी) का काम आगे बढ़ाने के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की तैयारी में जुट गई है। ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने का राजस्थान विधानसभा में संकल्प पास कर केंद्र को भेजने की तैयारी की जा रही है। गहलोत सरकार इसे प्रदेश का सबसे बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनाएगी। ईआरसीपी को लेकर सीएम अशोक गहलोत ने सर्वदलीय में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी से इस बारे में पूछा, तो उन्होंने भी हामी भरते हुए कहा कि हम तैयार हैं। बीजेपी ने भी खुदको ईआरसीपी प्रोजेक्ट के पक्ष में बताया है। लेकिन राजस्थान सरकार पर राजनीति करने के आरोप लगाए हैं। उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा-एमपी और राजस्थान के बीच जो समझौता है उसके तहत 75 प्रतिशत जल निर्भरता पर ही प्रोजेक्ट बनाया जा सकता है। लेकिन राजस्थान सरकार ने 50 फीसदी जल निर्भरता का प्रोजेक्ट बनाया है। जो समझौते का उल्लंघन है।

### बुलाया जाए विस का विशेष सत्र

CPI(M) के प्रतिनिधि विधायक बलवान पूनिया ने कहा यह मामला राजस्थान की जनता के सुनहरे भविष्य का है। विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर सर्वसम्मति से इस पर फैसला लेना चाहिए। CPI सचिवनरेंद्र आचार्य ने भी विधानसभा के विशेष सत्र बुलाने की मांग दोहराई। साथ ही कहा सभी राजनीतिक दल यह चाहते हैं कि राजस्थान के लोगों को उनका हक मिले। किसान महापंचायत के प्रतिनिधि रामपाल जाट ने कहा कि प्रदेश की कठिन परिस्थितियों को देखते हुए इस परियोजना का काम जल्द से जल्द कार्य शुरू होना जरूरी है। इस परियोजना से पीने का पानी और सिंचाई के अलावा पानी का लेवल भी बढ़ेगा। प्रोजेक्ट पूरा होने पर यह 'राजस्थान की लाइफ लाइन' कहलाएगा। जाट ने भी पुरजोर शब्दों में विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग उठाई।

### कराएं नियमों में संशोधन

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी ने कहा जल जीवन मिशन की कामयाबी के लिए ईआरसीपी बेहद जरूरी है, ऐसा नहीं होने पर सारा पैसा वेस्ट चला जाएगा। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री की महत्वपूर्ण भूमिका है। वे राज्य हित में अपने अधिकारों का पूरा इस्तेमाल करते हुए तकनीकी कमियों को पूरा कराने के लिए नियमों में संशोधन कराएं। हमें पूरी उम्मीद है कि नियमों में शिथिलता मिलेगी। जोशी ने कहा परियोजना पर चर्चा के लिए विधानसभा का विशेष सत्र भी बुलाया जा सकता है।

### योजना बीजेपी सरकार में बनी

गहलोत ने BJP के उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ और प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा से कहा- यह योजना आपकी ही सरकार में बनी थी। हमारी सोच रिफाइनरी वाली तो है नहीं कि 4 साल तक बंद कर दिया फिर वापस शुरू करना पड़ा। गहलोत बोले-प्रधानमंत्री जो हर बात बोलते हैं वह जरूरी नहीं कि उन्हें याद रहे।

## विद्यार्थियों को दी यातायात नियमों की जानकारी

**जयपुर @ जागरूक जनता।** रूरल हेल्थ एंड डवलपमेंट ट्रस्ट की ओर से मंगलवार को ज्योति बाल निकेतन स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। जागरूकता कार्यक्रम में कक्षा नौंवी से बारहवीं तक के विद्यार्थी शामिल रहे। ट्रैफिक थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने कहा कि हम जब भी पैदल चलें तो सड़क पर पीली पट्टी के एक तरफ चलें और सड़क जेब्रा क्रॉसिंग से ही पार करें। नियमों की पालना कर हम न केवल दुर्घटना से बच सकते हैं बल्कि दूसरों को भी इससे नियमों का पालन करने की सीख मिलेगी। आज के समय में ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने से सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जब भी अपना वाहन लेकर आएं तो हेलमेट अवश्य लगाकर चलाएं और वाहन के पूरे दस्तावेज भी अपने साथ रखें। साथ ही आपके अभिभावक भी अपना वाहन लेकर निकलें तो उन्हें भी इस बात के लिए जागरूक करें कि वह नियमों की पालना करते हुए वाहन चलाएं। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। कम उम्र व बिना लाइसेंस के वाहन चलाने पर अभिभावकों पर भी जुर्माना लगेगा। इस अवसर पर डॉ राजीव बियानी ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को जागरूक करना है, ताकि दुर्घटनाओं को कम किया जा सके।

## आंगनवाड़ी विद्यार्थियों में संस्कृति संस्कार निरमानार्थ जन्मदिन मनाया

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मुरलीपुरा स्कीम स्थित आंगनवाड़ी नंबर एक में कुमारी राधा का जन्मदिन हिन्दू संस्कृति के अनुरूप दीप प्रज्वालित कर मंत्रो के साथ पुष्प वर्षा कर मनाया। इस अवसर पर सबने बच्ची को आशीर्वाद दिया। महेन्द्र भोमिया, गणपत, रामराय शर्मा सहित गायत्री परिवार ग्रुप ने विधिवत पूजा सम्पन्न कराई। कार्यक्रम में पीपल वृक्षरोपण व बच्चों में बचत संस्कार के लिये प्रदीप शर्मा ने बच्ची को 101 रुपये देकर गुल्लक में डलवाए। ड्रेस, ट्राय साइकिल, पानी बॉटल, कोलाज फ्रेम, पेस्ट्री, टोपी, स्कूल बैग, पिकनिक बैग, हेयर बैंड, होला हुपर रिंग, टॉफी, बच्ची का हस्त निर्मित स्कैच चित्र फ्रेम, मोतीमाला व पुष्प गजरों के साथ अनेक उपहार बच्ची को भेट किये। क्षेत्र के भामाशाह ओम सोनी, प्रदीप शर्मा, डा. सुनील गुप्ता, गोपाल शर्मा, नगेन्द्र वशिष्ठ, रमेश चन्द आसनानी, भवानी सिंह राठौड़, डा. मुकुल शर्मा, लोकचंद हरिरामानी, ओम गुप्ता, बीना पारीक, भरत खंडेलवाल, सुनील पारीक, हरिशंकर गौड़, गोपाल खंडेलवाल, कौशल पारीक, बजरंग शर्मा, काशीनाथ दीक्षित, भूमिका कृपलानी, धन्यवान्ति, मीना एवं कोमल की मुख्य भागीदारी रही।

**भारतीय उद्योग व्यापार मंडल**

## शिष्टमंडल ने की लोकसभा अध्यक्ष बिरला से मुलाकात, दिया निमंत्रण



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर/नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को नई दिल्ली में 9 अगस्त को होने वाले 41वे राष्ट्रीय व्यापारी दिवस के लिए भारतीय उधोग व्यापार मंडल ने निमन्त्रण दिया। बिरला ने सहर्ष स्वीकार करते हुए समारोह में भाग लेने का मजबूत आश्वासन दिया।

शिष्टमंडल में भारतीय उधोग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय चैयरमैन बाबूलाल गुप्ता, राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय प्रकाश जैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामावतार अग्रवाल, राष्ट्रीय मंत्री राकेश यादव और ऑल इंडिया ऑयल मिल के अध्यक्ष सुरेश नागपाल शामिल थे। गुप्ता ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष के सरकारी आवास पर सार्थक चर्चा हुई। बिरला ने राजस्थान के कई व्यापारियों के हाल चाल जाने और समारोह में आने का भरोसा दिलाया। गुप्ता ने बताया नई दिल्ली में 9 अगस्तको होने वाले 41वे राष्ट्रीय व्यापारी दिवस समारोह में देशभर के व्यापारी भाग लेंगे। जिसमें भारत की अर्थव्यवस्था को व्यापारियों की ओर से कैसे और मजबूत किया जा सकता है इसके साथ अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। अलग अलग सेशन में जीएसटी, ऑनलाइन मार्केटिंग, ऑनलाइन बैंकिंग, कुशल कामगार, व्यापारी पेंशन योजना के साथ ही केंद्र सरकार के लिए एक सुझाव एव मांग पत्र तैयार कर दिया जाएगा। आये दिन होने वाली ऑनलाइन ठगी से बचने के उपाय भी बताए जाएंगे। देश के सभी राज्यों से व्यापारी राष्ट्रीय व्यापारी दिवस में भाग

## प्राइड ऑफ राजस्थान अवार्ड से बीएस रावत सम्मानित



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बी एस रावत को प्राइड ऑफ राजस्थान अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 70 महानुभावों को सम्मानित किया गया। रावत को ये अवार्ड शिक्षा के क्षेत्र में उनके अतुल्य योगदान हेतु राजस्थान के मुख्य मंत्री श्री अशोक गहलोत द्वारा दिया गया।रावत एजुकेशनल ग्रुप रावत के नेतृत्व में गत 40 वर्षो से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी खास पहचान बनाए हुए है रावत राष्ट्रीय उत्तराखंड सभा,राजस्थान के अध्यक्ष भी हैं एवं अक्षेंद्र वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष के रूप में समाज सेवा के क्षेत्र में भी सक्रिय हैं। रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक नरेंद्र सिंह रावत को भी रावत पब्लिक स्कूल प्रताप नगर के लिए टॉप Pre School of The Year के अवार्ड से GSLC और रिशीहुड यूनिवर्सिटी हरियाणा द्वारा सम्मानित किया गया। हरियाणा में आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व रेल मंत्री सुरेश प्रभु, फिल्म मेकर चंद्र प्रकाश दिवेदी, सीबीएसई सेक्रेटरी, अनुराग त्रिपाठी एवं Ahlcon ग्रुप ऑफ स्कूल के निदेशक अशोक पांडे सम्मिलित रहे।

# जागरूक खबरें



## अरुण, हंसराज को डॉक्ट्रेट उपाधि

**जयपुर @ जागरूक जनता।** दिल्ली स्थित आईएचसी में थियोफेनी यूनिवर्सिटी, हैती (यूनाईटेड नेशन) के दीक्षांत समारोह में जयपुर के अरुण अग्रवाल को डॉक्टर ऑफ फिलोसॉफी और हंसराज को अग्रवाल को इंडस्ट्रियल टेक्निकल टेक्सटाइल में पीएचडी की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। दोनों को वरिष्ठ आईपीएस डॉ. वरुण कपूर एवं डॉ. नुपूर धमीजा ने उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया।

## बियानी के माधव का स्कॉलरशिप प्रोग्राम के तहत जापान के शिबोरा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलोजी में चयन





**जयपुर @ जागरूक जनता।** विद्याधर नगर स्थित बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के रिसर्च एण्ड डवलपमेंट डायरेक्टर डॉ. मनीष बियानी के पुत्र माधव बियानी ने ना केवल सीबीएसई 12वीं परीक्षा में 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, बल्कि माधव ने जापान के शिबोरा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलोजी के कॉलेज ऑफ इंजिनियरिंग में स्कॉलरशिप प्रोग्राम के तहत इनोवेटिव ग्लोबल प्रोग्राम के कोर्स में चयनित होने में भी सफलता हासिल की। बता दें कि इस कोर्स में प्रवेश के लिए दुनियाभर के विद्यार्थी कड़ी मेहनत करते हैं, लेकिन केवल 9 विद्यार्थियों का ही चयन होता है, जिसमें से माधव एक हैं। माधव की बहन सुरभि बियानी ने भी सीबीएसई 12वीं में 92.2 प्रतिशत और भाई राघव माहेश्वरी ने सीबीएसई 10वीं परीक्षा में 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। सुरभि भविष्य में चार्टेड अकांउटेंट बनना चाहती है और राघव बड़े होकर पुलिस अधिकारी बनकर देश सेवा करना चाहता है। बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के चैयरमैन डॉ. राजीव बियानी और एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. संजय बियानी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## श्री पापड़ के हनुमान मंदिर में नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा 30 से



**जयपुर @ जागरूक जनता।** विद्याधर नगर सेक्टर 8 स्थित श्री पापड़ वाले हनुमान मंदिर में नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। मंदिर महंत श्रीरामसेवक दास ने बताया कि 30 जुलाई से 8 अगस्त तक आयोजित श्रीराम कथा मध्यान्ह सवा 12 बजे से सवा 4 बजे तक होगी। मंदिर प्रांगण के सत्संग भवन में कथावाचक सुश्री नारायणी भगवान श्रीराम के चरित्र और लीलाओं का वर्णन करेंगी।



## अध्यक्ष शर्मा हुए सम्मानित

**जयपुर @ जागरूक जनता।** विराज फाउण्डेशन के द्वारा निदेशालय कोष एवं लेखा विभाग में महेश कुमार शर्मा सहायक प्रशासनिक अधिकारी को कोष एवं लेखा विभागीय समिति का अध्यक्ष बनने पर प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी व पदाधिकारियों ने दुपट्टा, शॉल व अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया। शर्मा ने बताया कि मैं कर्मचारियों के हितार्थ कार्य करता रहूंगा। इस दौरान प्रदेश महासचिव बनवारी लाल शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष अनुराग शर्मा, प्रकाश शर्मा, पार्थसारथी गौड, राकेश शर्मा एवं भूपेंद्र शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

## हाईकोर्ट फैसले के अधीन रहेंगी पुलिस सब-इंस्पेक्टर भर्तियां

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान पुलिस सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा-2021 की भर्तियां राजस्थान हाईकोर्ट में लगी याचिका के अंतिम फैसले के अधीन रहेंगी। सोमवार को राजस्थान हाईकोर्ट ने यह महत्वपूर्ण फैसला दिया है। जस्टिस इंद्रजीत सिंह की बेंच ने यह फैसला जुगल किशोर गुर्जर व अन्य की याचिका पर दिया। याचिकाकर्ताओं के एडवोकेट राम प्रताप सैनी ने कोर्ट को बताया कि प्रार्थी याचिकाकर्ताओं ने पुलिस सब इंस्पेक्टर भर्ती एग्जाम 2021 में हिस्सा लिया। लिखित परीक्षा पास कर ली। फिजिकल टेस्ट में चिन-अप, लम्बी कूद और दौड़ में कम मार्क्स दिए गए। जबकि तय समय पर उन्होंने ये परीक्षाएं पूरी की थीं। इसकी वीडियोग्राफी देख सकते हैं।

ANCHOR | **सरकार का निर्णय**

# हाईटेक होंगे राजस्थान के किसान, मिलेंगे ड्रोन

**राजस्थान सरकार खरीदेगी 40 करोड़ के 1000 ड्रोन, कीटनाशकों-पेस्टिसाइड्स का छिड़काव कर सकेंगे**

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में किसानों के लिए सरकार 1000 ड्रोन खरीदेगी। ड्रोन के जरिए किसान बहुत कम वक्त में अपने खेतों में सेफ और इफेक्टिव तरीके से कीटनाशकों-पेस्टिसाइड्स का छिड़काव कर सकेंगे। इससे कीड़ों, मक्खियों और टिड्डियों से फसलों को बचाया जा सकेगा। इस टेक्नीक से छिड़काव पर कम लागत आने से किसानों की इनकम भी बढ़ेगी। सीएम अशोक गहलोत ने प्रदेश के कृषि बजट की रिव्यू बैठक में विभाग के अफसरों को जल्द ही यह काम करने को कहा है। ड्रोन की खरीद पर 40 करोड़ की लागत आएगी। ग्राम सेवा सहकारी समितियों और कृषक उत्पादक संगठनों को ड्रोन मुहैया कराए जाएंगे। किसानों को ड्रोन चलाने और इस्तेमाल की ट्रेनिंग भी दी जाएगी।



### प्रदेश में खुलेंगे 29 एग्रीकल्चर कॉलेज

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में 29 एग्रीकल्चर कॉलेज के लिए अस्थायी बिल्डिंग की व्यवस्था और जमीन के आवंटन की कार्यवाही जारी है। ये एग्रीकल्चर कॉलेज हायर एजुकेशन डिपार्टमेंट के अंडर चलाए जाएंगे। टोंक के देवली में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया जा रहा है।

### ड्रिप इरिगेशन सिंचाई का भविष्य

गहलोत ने कहा ड्रिप इरिगेशन से फसली प्रोडक्शन में बढ़ोतरी एक साइंटिफिक फैक्ट है। रेगिस्तानी प्रदेश राजस्थान में यह सिंचाई का लम्बे वक्त के लिए सॉल्युशन है। किसानों का इस तरफ इंट्रेस्ट बढ़ा है। सरकार ने बजट में 4 लाख किसानों को ड्रिप इरिगेशन से फायदा पहुंचाने के लिए 1705 करोड़ रुपए का प्रोविजन किया है। 2 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में ड्रिप इरिगेशन के लिए राजस्थान सूक्ष्म सिंचाई मिशन में 1.60 लाख किसानों को सिंचाई संयंत्र उपलब्ध कराने की मंजूरी दे दी है। बजट में घोषित 825 करोड़ की सब्सिडी में से अब तक 9738 फार्मपॉण्ड और 1892 डिग्गियों के निर्माण की स्वीकृति जारी की जा चुकी है। किसानों को सोलर पंप लगाने के लिए 22 हजार 807 वर्क ऑर्डर जारी किए जा चुके हैं। सोलर पम्पों पर सरकार 61.58 करोड़ की सब्सिडी दे रही है। सिंचाई में पानी की बचत वाली स्कीमों पर भी लगभग 75 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है। इन स्कीम्स की किसानों में जागरुकता के लिए पब्लिसिटी और प्रोग्रेसिव किसानों की ट्रेनिंग करवाई जाएगी।

### 22 जिलों में सामान्य से ज्यादा बारिश, 76 प्रतिशत हुई बुवाई

गहलोत ने कहा प्रदेश में खरीफ की फसल के लिए खाद-बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। मुख्यमंत्री बीजस्वाबलंबन योजना में खरीफ फसलों के बीजों का वितरण बड़े लेवल पर किया गया है। लघु और सीमांत किसानों को 10 लाख बाजरा मिनीकिट्स, 2 लाख सूक्ष्म तत्व और जैव कीटनाशक किट बांटने शुरू किए जा चुके हैं। राज्य में 0.49 लाख मीट्रिक टन यूरिया और 0.37 लाख मीट्रिक टन DAP खाद स्टोर किए जा चुके हैं। इस साल अब तक 11 जिलों में सामान्य बारिश और 22 जिलों में सामान्य से ज्यादा बारिश दर्ज हुई है। प्रदेश में 76 प्रतिशत बुवाई हो चुकी है।

### खेती के तौर-तरीके बदलने होंगे

**गहलोत** ने कहा प्रोडक्टिविटी और इनकम बढ़ाने के लिए किसानों को उन्नत किस्मों के बीज सस्ती रेट पर उपलब्ध कराए जाएं। कृषि में इन्नोवेशन कर रहे किसानों को सरकार की तरफ से सम्मानित किया जाए।उन्नत खेती तकनीकों का डेमो शहरों की प्रमुख जगहों पर करवाकर किसानों को मोटिवेट किया जाए। ऑर्गैनिक प्रोडक्ट्स के सर्टिफिकेशन के लिए सभी सम्भागों में 15 करोड़ की लागत से लैब बनाने के लिए DPR करवाई जा रही है। ऑर्गैनिक कमोडिटी बोर्ड बनाने का प्रस्ताव भी तैयार किया जा रहा है। सभी सम्भाग मुख्यालयों पर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर माइक्रो इरिगेशन बनाने का काम भी प्रोग्रेस में है। राजस्थान बीज प्रोडक्शन और डिस्ट्रिब्यूशन मिशन में 12 लाख लघु और सीमांत किसानों को 78 करोड़ की लागत से बीज मिनी किट्स बांटे जा रहे हैं। हॉर्टिकल्चर डवलपमेंट मिशन (उद्यानिकी विकास मिशन) में फलों और मसालों की खेती को मोटिवेशन दिया जा रहा है। 15000 हेक्टेयर में फलों और 1500 हेक्टेयर क्षेत्र में मसालों की खेती का टारगेट तय किया गया है। फल बागीचे लगाने पर सब्सिडी लिमिट 50 से बढ़ाकर 75 प्रतिशत कर दी गई है।

# देश की 15वीं राष्ट्रपति बनीं द्रौपदी मुर्मू

## सीजेआई ने दिलाई शपथ



**जोहार, नमस्कार... जनता का हित मेरे लिए सर्वोपरि...**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** द्रौपदी मुर्मू को देश की 15वीं राष्ट्रपति के तौर पर चीफ जस्टिस एनवी रमना ने शपथ दिलाई। वह देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति हैं। सुबह सवा 10 बजे द्रौपदी मुर्मू ने संसद भवन के सेंट्रल हॉल में देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद की शपथ ली। मुर्मू को 21 तोपों की सलामी दी गई। उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति एम. वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मंत्रिपरिषद के सदस्य, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, विभिन्न राज्यों के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, संसद सदस्य आदि समारोह में शामिल हुए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी। उधर, पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा कि शपथ लेने के बाद राष्ट्रपति मुर्मू ने देश की उपलब्धियों पर जोर दिया और आगे के रास्ते को लेकर एक भविष्यवादी दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। उन्होंने अपना भाषण जोहार (आदिवासी इलाकों में जोहार का मतलब नमस्कार) कहकर शुरू किया। ÷मैं जिस जगह से आती हूं, वहां प्रारंभिक शिक्षा भी सपना होता है। गरीब, पिछड़े मुझे अपना प्रतिबिंब दिखाते हैं। मैं भारत के युवाओं और महिलाओं को विश्वास दिलाती हूं कि इस पद पर काम करते हुए उनका हित मेरे लिए सर्वोपरि रहेगा। संसद में मेरी मौजूदगी भारतीयों की



आशाओं और अधिकारों का प्रतीक है। मैं सभी के प्रति आभार व्यक्त करती हूं। आपका भरोसा और समर्थन मुझे नई जिम्मेदारी संभालने का बल दे रहा है। मैं पहली ऐसी राष्ट्रपति हूं जो आजाद भारत में जन्मी। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने भारतीयों से जो उम्मीदें लगाई थीं, उन्हें पूरा करने का मैं पूरा प्रयास करूंगी। राष्ट्रपति के पद तक पहुंचना मेरी निजी उपलब्धि नहीं है, यह देश के सभी गरीबों की उपलब्धि है। मेरा नॉमिनेशन इस बात का सबूत है कि भारत में गरीब न केवल सपने देख सकता है, बल्कि उन सपनों को पूरा भी कर सकता है।%

शपथ ग्रहण से पहले मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में रामनाथ कोविंद और उनकी पत्नी से मुलाकात की। दोनों ने मुर्मू को बधाई दी। राष्ट्रपति भवन के लिए निकलने से पहले राजघाट पहुंचकर उन्होंने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी थी। मुर्मू के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में ओडिशा से 64 खास मेहमान आए थे। शपथ के बाद खास मेहमानों के लिए लंच का आयोजन राष्ट्रपति भवन में किया गया। उसके बाद सभी को पूरा भवन घुमाया गया।

### पीएम समेत शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए ये लोग

**संसद** भवन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह से पहले, निवर्तमान राष्ट्रपति और निर्वाचित राष्ट्रपति संसद पहुंचे। उपराष्ट्रपति व राज्यसभा के सभापति एम. वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मंत्रिपरिषद के सदस्य, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, संसद सदस्य आदि समारोह में शामिल हुए।



**द्रौपदी मुर्मू का जीवन, उनके शुरूआती संघर्ष, उनकी समृद्ध सेवा और उनकी अनुकरणीय सफलता प्रत्येक भारतीय को प्रेरित करती है। वह हमारे नागरिकों, विशेष रूप से गरीबों, दलितों और हाशिए पर रह गये लोगों के लिए आशा की किरण के रूप में उभरी हैं। - नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**



**श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने शपथ ग्रहण समारोह में अपने भाषण में जो विचार व्यक्त किए वो काफी प्रभावशाली थे। मैं आशान्वित हूं कि श्रीमती मुर्मू ने अपने भाषण में देश के प्रति जो प्रतिबद्धता व्यक्त की है, उस पर वो खरी उतरेंगी।**
**- अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री**

### उफनता नाला पार किया



ओडिशा के रायरंगपुर के छोटे से गांव बैदापोसी में अभावों में पली-बढ़ी द्रौपदी मुर्मू के बारे में उनके शिक्षक बासुदेव बेहरा बताते हैं कि एक बार भारी बारिश से गांव का नाला उफना रहा था. उफनते नाले को तैर कर पार करते हुए वह स्कूल पहुंचीं.

### मंत्री से कहा-मुझे पढ़ना है



शिक्षक के साथ भुवनेश्वर पहुंचीं द्रौपदी मुर्मू एक कार्यक्रम के दौरान मंच पर चढ़ गयीं और तत्कालीन मंत्री कार्तिक टुडू से कहा-मेरे गांव में हाइ स्कूल नहीं है, मुझे आगे पढ़ना है. जिसके बाद उनका दाखिला भुवनेश्वर के आदिवासी आवासीय स्कूल में हुआ.

### चुनाव के लिए मनाना पड़ा



बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दे रहीं द्रौपदी मुर्मू को 1997 में वार्ड काउंसिल का चुनाव लड़ने के लिए भाजपा नेता उन्हें तीन माह तक मनाते रहे, तब जाकर राजी हुईं. आगे विधायक बनीं और फिर मंत्री. बड़े बेटे को खोने के बाद वह वापस घर लौट आयीं.

### गांव के लिए रहीं पुती माई



भले ही द्रौपदी मुर्मू छह साल तक गवर्नर रहीं, लेकिन रायरंगपुर के लिए वह पुती माई (छोटी बच्ची) ही रहीं. जब भी वहां गयीं बिना सुरक्षा के चलतीं, सबसे मिलतीं. कहतीं- यहीं बड़ी हुई हूं, यही कर्मभूमि है, यहां के लोगों से नहीं मिलूंगी, तो दुख होगा.

## श्रीकृष्ण जन्मस्थान-ईदगाह विवाद मामले में हाईकोर्ट नाराज, कहा...

# सर्वे की जरूरत है तो देर क्यों की जा रही, मथुरा कोर्ट से मांगी रिपोर्ट

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मस्थान और शाही ईदगाह विवाद मामले में बीते दिनों इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने मथुरा कोर्ट की सुनवाई की प्रक्रिया पर नाराजगी जताई। हाईकोर्ट ने कहा कि अब तक जो भी कार्रवाई हुई है, जिला जज मथुरा उससे अवगत कराएं। अगर सर्वे की जरूरत है तो देरी क्यों की जा रही है? अभी तक जितने प्रार्थना पत्र आए हैं, उन पर फैसला क्यों नहीं हुआ? इसका भी कारण बताया जाए।

### अब दो अगस्त को होगी सुनवाई

हाईकोर्ट ने 2 अगस्त को अगली सुनवाई की डेट दी है। माना जा रहा है कि अगली सुनवाई में हाईकोर्ट फैसला सुनाएगा। भगवान श्रीकृष्ण के वंशज के रूप में मनीष यादव द्वारा दाखिल याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने इस मामले में वादी और प्रतिवादी पक्ष की रिपोर्ट मथुरा की जिला कोर्ट से मांगी है।



### इस बार की सुनवाई में आ सकता है फैसला

**सुनवाई** के बाद मनीष यादव ने कहा, "इस मुकदमे की पहली सीढ़ी कोर्ट कमीशन सर्वे है, इसलिए मेरी मांग थी कि शाही ईदगाह का सर्वे कराया जाए। सर्वे की रिपोर्ट से ही स्पष्ट हो पाएगा कि स्थिति क्या है। आगे मुकदमा किस दिशा में चलना चाहिए। इस पर हाईकोर्ट ने यह आदेश दिया कि जिला कोर्ट इस मामले की रिपोर्ट दे। अब 2 अगस्त को फैसले के लिए डेट दी गई है। 2 अगस्त को सर्वे पर हाईकोर्ट फैसला सुना सकती है।"

### शाही ईदगाह में सर्वे और कोर्ट कमीशन की है मांग

श्रीकृष्ण का वंशज बताने वाले लखनऊ के मनीष यादव ने शाही ईदगाह मस्जिद का सर्वे कराने और कोर्ट कमीशन बनाने की मांग करते हुए मथुरा कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। मामले की सुनवाई में देरी होने पर मनीष यादव ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की।

### औरंगजेब ने मंदिर तोड़ मस्जिद तैयार करवाई

श्रीकृष्ण जन्मभूमि निर्माण न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह और एडवोकेट राजेंद्र माहेश्वरी आदि ने ठाकुर केशवदेव को वादी बनाकर श्रीकृष्ण जन्मस्थान की 13.37 एकड़ जमीन का दावा किया। दावा है कि औरंगजेब ने मंदिर को तोड़कर मस्जिद तैयार करवाई थी। मस्जिद की जमीन पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि निर्माण न्यास का अधिकार है।

## सीबीएसई 10वीं-12वीं के प्रतिभाशाली विद्यार्थी



98.8 निल्योदिता शर्मा | 98.4 रिद्धिमा शर्मा | 98.2% मोनिष्का | 96.6% आर्यन चेरवाल
96.4% आकांक्षा गुप्ता | 96.4% तन्वी शर्मा | 96.4% शिखर | 95.6% परिनिता सोनी
95.4% ध्रुव सांगवान | 95.2% अक्षिता | 95.2% हितेन शर्मा | 94.4% अंशुमन सोनी
94.2% अर्नव मीना | 94% हिमांशी चौधरी | 94% दिविज जैन | 94% समृद्धि पारीक
94 वृंदा, कॉमर्स | 93.6% तृप्ति खत्री | 93.4% मनस्वीन सिंह | 93% श्रेयांश शर्मा
94.8% कृति शर्मा | 87% राघवेश शर्मा | 98.8% कनिष्का न्याति कॉमर्स | 96.2% हर्षिता कॉमर्स
91.4% अमन कुमार माहेश्वरी | 98 गर्व असनानी, कॉमर्स | 96.6% संभावी शर्मा, ह्यूमिनिटीज | 95.8% डिम्पल, कॉमर्स
95.4% साना बूलचंदानी कॉमर्स | 95% यशस्वी महर्षी, ह्यूमिनिटीज | 94.8% इंफ्रा खान, कॉमर्स | 93.2% वत्सल शर्मा, कॉमर्स

## जागरूक खबरें

### महात्मा गांधी नरेगा कार्यो के समय में परिवर्तन

**जोधपुर @ जागरूक जनता।** महात्मा गांधी नरेगा कार्यो के समय में परिवर्तन किया गया है। जिला कार्यक्र म समन्वयक (ईजीएस) एवं जिला कलक्टर हिमांशु गुप्ता द्वारा जारी आदेश के अनुसार जोधपुर जिले में मानसून की परिस्थितियों को देखते हुए महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत कार्य करने वाले श्रमिकों का कार्य समय अब प्रातः 9 बजे से सांय 5 बजे (विश्राम काल 1 घण्टा सहित) निर्धारित किया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है तथा आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा। आदेश में कहा गया है कि यदि कोई श्रमिक समूह समय से पूर्व निर्धारित टास्क के अनुसार कार्य पूर्ण कर लेता है तो वह कार्य की माप मेट में पास उपलब्ध मस्टरोल में अंकित टास्क प्रपत्र में इन्द्राज करवाने एवं समूह के मुखिया के हस्ताक्षर के उपरांत कार्य स्थल छोड़ सकता है।

### सिनेमा साहित्यिक महोत्सव आयोजित



**लुधियाना @ जागरूक जनता।** पुनीत अनुपम साहित्यिक समूह द्वारा ऑनलाइन 'सिनेमा साहित्यिक महोत्सव' आयोजित किया गया। जिसका विषय 'सिनेमा का प्रभाव' रखा गया। महोत्सव में सावित्री मिश्रा (झारसुगुड़ा, ओड़िशा) और भारती राय (नोएडा, उत्तर प्रदेश) द्वारा प्रस्तुत की गई रचनाओं ने समूह का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित किया। महोत्सव में सम्मिलित प्रतिभागी रचनाकार शख्सियतों को ऑनलाइन 'पुनीत साहित्य पुष्प' सम्मान देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समूह के संस्थापक एवं अध्यक्ष पुनीत कुमार ने सिनेमा को मनोरंजन का महत्वपूर्ण साधन बताते हुए सिनेमा द्वारा समाज पर पड़ने वाले विभिन्न प्रभावों के बारे जानकारी दी और महोत्सव में प्रस्तुत की गई रचनाओं पर अपनी महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया देकर रचनाकारों का मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया और सम्मान पाने वाली प्रतिभागी रचनाकार शख्सियतों को उज्ज्वल साहित्यिक जीवन की शुभकामनाएं दी।

### पलक को यंग चैंज मेकर अवार्ड



**उदयपुर @ जागरूक जनता।** चाइल्ड एण्ड गर्ल्स राइट्स के क्षेत्र में अग्रणी प्लेन इण्डिया दिल्ली के द्वारा आयोजित पांचवी प्लेन इण्डिया इम्पेक्ट अवार्ड्स (पीआईआईए) में नारायण सेवा संस्थान की निदेशक पलक अग्रवाल को 'यंग चेंज मेकर' अवार्ड से सम्मानित किया गया। समारोह में आठ युवा समाजसेवी और अपने क्षेत्र में मिसाल बनें लोगो को भी विभिन्न अवार्ड दिये गये।

## विकास का काम सभी की सजगता और सक्रियता के ऊपर करता है निर्भर- रामलाल शर्मा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चौमूँ।** ÷विकास का काम सभी की सजगता और सक्रियता के ऊपर निर्भर करता है÷ यह बात ग्राम पंचायत कालाडेरा में आयोजित शिलान्यास समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा ने कही। ग्राम पंचायत कालाडेरा में विधायक कोष से 10 लाख रुपयों की लागत से वाल्मीकि समाज के लिए हरिजन मोहल्ले में बनने वाले सामुदायिक भवन का शिलान्यास विधायक रामलाल शर्मा व प्रधान रामस्वरूप यादव सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर विधायक रामलाल शर्मा का ग्राम वासियों और वाल्मीकि समाज के लोगों द्वारा साफा और माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस प्रयास के लिए उन्होंने सरपंच अशोक शर्मा की तारीफ की। भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो सर्वस्पर्शी और सर्वव्यापी है। समाज का कोई भी वर्ग ऐसा नहीं रहे, जो विकास के कार्यों से वंचित हो।उन्होंने अग्निवीर योजना की विस्तार से चर्चा की और उन्होंने लोगों को लोक लुभावनी घोषणाओं से चक्कर में ना आकर देश को आगे बढ़ाने वाली योजनाओं का समर्थन करने की बात कही। उन्होंने बताया कि वाल्मीकि समाज के लिए कालाडेरा के अलावा चौमूँ और मोरीजा में भी सामुदायिक भवन बनाने का कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा। कालाडेरा में दो स्थानों पर लाइन शिफ्टिंग का कार्य भी किया जाएगा तथा हाल ही में 12 लाख की लागत से बस स्टैंड पर एक सुलभ शौचालय बनाने और 10 लाख की लागत से मुख्य मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की अनुशंसा मेरे द्वारा की गई है। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सरपंच अशोक शर्मा ने पधारे अतिथियों का सम्मान किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पंचायत समिति प्रधान रामस्वरूप यादव, उप प्रधान प्रतिनिधि जयप्रकाश चौधरी, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि ओमप्रकाश दुसाद, मंडल अध्यक्ष बनवारी शर्मा, पूर्व सरपंच छितरमल हाटवाल, गोपाल डेनवाल, रामगोपाल मीणा, विष्णु नागर, पूर्व पार्षद बलदेव टांक, समाज के संत महाराज राम प्रसाद, संत नेमीचंद जी महाराज, पूर्व उपसरपंच भगवती देवी, राधेश्याम बिवाल, लक्ष्मी नारायण हाटवाल सहित बड़ी संख्या में ग्राम वासी उपस्थित रहे।

## 12 प्रमुख मार्गो के निर्माण हेतु 9.50 करोड़ स्वीकृत

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**निम्बाहेड़ा।** राजस्थान सरकार के सहकारिता मंत्री आंजना की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा की गई बजट 2022-23 घोषणा के अन्तर्गत निम्बाहेड़ा छोटीसादड़ी विधानसभा क्षेत्र में 12 प्रमुख सड़को के लिए 9.50 करोड़ रूपये की स्वीकृति जारी हुई, जिसकी सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति भी जारी हो चुकी है।

मंत्री आंजना की अनुशंसा पर छोटीसादड़ी तहसील के अंतर्गत सुबी से तेलन खेडी से एमपी सीमा तक 3.00 किमी सड़क के लिए 150 लाख, खेडा केसुन्दा से एमपी सीमा तक 3 किमी के लिए 150 लाख, नयाखेडा से फतेह सिंह जी का खेडा तक 1.70 किमी के लिए 75 लाख, मानपुरा-रूपपुरा सड़क से हरीपुरा तक 1.60 किमी के लिए 85 लाख रूपये, एसएच-15 से सुबी सड़क तक 2.20 किमी के लिए 50 लाख रूपये, बरवाडा गुजर से बरवाडा देवल सड़क तक 2.20 किमी के लिए 125 लाख रूपये, एनएच-113 से गागरोल सड़क तक 3 किमी के लिए 60 लाख, एनएच-113 से छायनखूर्द सड़क तक 3 किमी के लिए 45 लाख, जलोदा से मोतीपुरा सड़क तक 1 किमी के लिए 30 लाख रूपये तथा निम्बाहेड़ा तहसील के अंतर्गत एमडीआर-20 से कोचवा सड़क किमी. 0/00 से 1/300 तक 1 किमी के लिए 18 लाख रूपये, एनएच-79 से बांगरेड़ा सड़क किमी. 0/00 से 3/00 तक 3 किमी के लिए 42 लाख रुपए, एन.एच.-79 से जलिया सड़क तक 2.30 किमी के लिए 120 लाख रूपये स्वीकृत हुए है। प्रमुख सड़को के स्वीकृत होने पर क्षेत्रवासियों, ग्रामवासियों, काग्रेसजनों, सरपंचगणो एवं जनप्रतिनिधियों ने इस अनुपम सौगात पर हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री भजनलाल जाटव एवं सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना का आभार धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पर्यावरण प्रेमी बलदेव गरेड सम्मानित



**चौमू @ जागरूक जनता।** शुद्ध पर्यावण जीवन की पहली आवश्कता है, आधुनिकता के वशीभूत होकर मनुष्य अपने रोजमर्रा की परिवारिक एवं व्यवसायिक जिमेदारियो में इतना व्यस्त हो गया है की वो प्रकृति को भूल गया है। जिन पेड़ पौधों से हमे शुद्ध ऑक्सीजन मिलती है, मनुष्य नए पेड़ लगाना तो दूर निजी स्वार्थ से जो लगे हुए है उनका भी नाश कर रहा है। स्थानीय बीला धाम पर विराज फाउंडेशन के तत्वाधान में वृक्षारोपण कार्यकम का शुभारंभ हुआ जिसमे विराज फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं द्वारा 101 पेड़ पौधों का वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय बलदेव गरेड (बली) को चौमू क्षेत्र में प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति सजग होकर किए जा रहे कार्यों के लिए समानित किया गया। इस मौके पर बलदेव गरेड (बली) ने कहा की हमे अपने खुद के लिए ही नही अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए। इस मौके पर बीला धाम से बनवारी लाल, फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवारी, प्रदेश महासचिव बनवारी लाल शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष सीएम सैनी, प्रदेश प्रवक्ता विष्णु कुमावत, प्रदेश प्रचार मंत्री चंद्र प्रकाश शर्मा एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## यमुना नदी में किया शिवलिंगो का विसर्जन



**मथुरा।** विराज फाउंडेशन के बैनर तले जयपुर के उपनगर चौमूं में 108 जोड़ों द्वारा पार्थिव शिव महारुद्राभिषेक किया गया था, उन पार्थिव शिवलिंगो का विसर्जन मथुरा में यमुना नदी में किया गया। फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी ने बताया कि आचार्य पं रामस्वरूप शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यमुनाजी में शिवलिंगो का विसर्जन करवाया। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव बनवारी लाल शर्मा, समाजसेवी गोपाल शर्मा, नगेन्द्र वशिष्ठ एवं गोपाल जांगिड़ उपस्थित थे।



रींगस से मेंहदीपुर बालाजी तक की यात्रा पर निकले

## मानव कल्याण हेतू विष्णु दास जी महाराज की दंडवत यात्रा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**मेहंदीपुर बालाजी।** कहते हैं भगवान के प्रति यदि श्रद्धा, भक्ति और विश्वास हो तो वह इंसान कुछ भी कर सकता है। अपने मन में मानव कल्याण की भावना लिए विष्णु दास जी महाराज ने जब अपनी यात्रा रींगस से मेहंदीपुर बालाजी के लिए शुरू की तब उनको भी अपनी यात्रा बहुत बड़ी और मुश्किलों भरी लगी थी, पर ईश्वर के प्रति श्रद्धा, भक्ति और विश्वास ने उनको मन में जागृत मानव कल्याण की भावना पूरा करने के लिए उनको साहस और बल दिया और उन्होंने अपनी यात्रा शुरू की।

विष्णु दास जी महाराज यह दंडवत यात्रा बिना अन्न के सिर्फ जल ग्रहण करके कर रहे हैं। रींगस से महाराज ने 40 किलोमीटर यात्रा तय की है। महाराज को 180 किलोमीटर दूर तय कर मेंहदीपुर बालाजी पहुचना है। विष्णु दास जी महाराज का लोग जगह-जगह स्वागत कर रहे है व उनका आशीर्वाद भी ले रहे है। महाराज द्वारा दी जाने वाली दंडवत यात्रा इतनी आसान भी नहीं है लोग गुजरे तो देखने वालों के मन में यह विचार उत्पन्न हुआ। यह संत इस तरह से सड़क पर दंडवत प्रणाम करते हुए कैसे चल रहा है।

वैसे तो आम आदमी पैदल किलोमीटर तक चल सकता है। पर विष्णु दास जी महाराज ने दंडवत प्रणाम करते हुए मन मे ईश्वर के प्रति भक्ति लिए और धीरे-धीरे मानव कल्याण की भावना लिए मन में अपने निश्चित स्थान की ओर अग्रसर हो रहे।

ANCHOR | एतराज

## नवीन राजकीय महाविद्यालयों को सोसायटी द्वारा संचालित किये जाने पर रुक्टा (राष्ट्रीय) का विरोध

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सिरोही।** राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) ने राजस्थान सरकार के नवीन राजकीय महाविद्यालयों का संचालन राजस्थान कॉलेज एज्युकेशन सोसाइटी (Raj-CES) के द्वारा करने के निर्णय का कड़ा विरोध किया है। संगठन के महामंत्री डॉ. सुशील कुमार बिस्सू ने बताया कि राज्य सरकार ने हाल ही में 2020 से 2022 तक खोले गये 163 राजकीय महाविद्यालयों तथा आगे खोले जाने वाले राजकीय महाविद्यालयों को राजस्थान कॉलेज एज्युकेशन सोसाइटी के माध्यम से चलाने का आदेश प्रसारित किया है। जिससे राज्य की उच्च शिक्षा का सम्पूर्ण ढांचा ध्वस्त होने की आशंका है। डॉ. बिस्सू ने बताया कि इन महाविद्यालयों एवं भविष्य में इस व्यवस्था के तहत खुलने वाले महाविद्यालयों के शिक्षक एवं कर्मचारी संविदा पर होंगे। इससे पूर्ववर्ती 300 राजकीय महाविद्यालयों में स्थायी पदों पर कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मचारियों की सेवा-शर्तों एवं सेवा-सुरक्षा की अपेक्षा संविदा कर्मियों की सेवा शर्तें उनमें हीन भावना एवं कुंठा जागृत करेगी, जिससे महाविद्यालयों के शैक्षिक वातावरण के दुष्प्रभावित होने के साथ ही संविदा पर लगे शिक्षकों एवं कर्मचारियों का शोषण भी होगा। इन संस्थानों में प्राचार्य पद पर भी स्थायी नियुक्ति का प्रावधान नहीं है। ऐसी स्थिति में इन महाविद्यालयों का सुचारु संचालन संभव ही नहीं है। बड़ी बिडम्बना है कि उच्च शिक्षा के विकास के नाम पर गठित इस सोसाइटी के शासी निकाय (गवर्निंग बॉडी) के 10 पदों में से मात्र एक पद पर कोई कॉलेज प्राचार्य और कार्यकारी समिति (एग्जीक्यूटिव काउंसिल) के 7 पदों में से मात्र एक पद पर कोई प्राचार्य सरकार द्वारा मनोनीत होगा। इसके अतिरिक्त इस सोसाइटी में सभी सदस्य 'ब्यूरोक्रेट्स' ही रखे गए हैं। शिक्षा एवं शिक्षा के प्रसार के नाम पर गठित इस सोसाइटी में उच्च शिक्षा में पूरी तरह से अनुभवी और प्रशिक्षित शिक्षाविदों को नज़रअंदाज़ कर उच्च शिक्षा जैसे संवेदनशील विषय को नौकरशाही और लालफ़ीताशाही के हवाले करना निश्चित ही राज्य की उच्च शिक्षा को गर्त में ले जाने वाला कदम है।

संगठन के अध्यक्ष डॉ. दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि इस सोसाइटी के अधीन संचालित महाविद्यालयों में प्रतिनियुक्ति पर लगे स्टाफ के अतिरिक्त स्टाफ का वेतन भी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मापदण्डानुसार न होकर वित्त विभाग द्वारा निर्धारित दरों से देने का उल्लेख है, जो स्पष्टतः संविदा पर लगे कार्मिको के वित्तीय शोषण का द्योतक है। सरकार द्वारा प्रसारित आदेश में इन संस्थानों के प्रबन्धन हेतु निजी सहभागिता पर विचार स्पष्टतः राज्य सरकार की उच्च शिक्षा के निजीकरण की सोच को दर्शा रहा है। आश्चर्य है कि 2010 में वर्तमान नेतृत्व की ही सरकार ने अनुदानित निजी संस्थाओं का अनुदान बन्द करके उनके सात सौ से अधिक कॉलेज-शिक्षकों को राजकीय सेवा में लिया था और उन संस्थाओं की हजारों करोड़ की सम्पत्ति को उन निजी संस्थाओं को ही सौंप दिया था। आखिर अब सरकार एक बार फिर से उसी अन्तर्विरोध अनुदान-व्यवस्था को किस मंशा से लागू करना चाह रही है? यह समझ से परे है। संगठन यह आगाह करता है कि सोसाइटी द्वारा कॉलेज संचालन की व्यवस्था का प्रयोग पहले भी इंजिनीयरिंग और मेडीकल कॉलेजों में असफल सिद्ध हो चुका है तो फिर वही प्रयोग उच्च शिक्षा में इतने व्यापक स्तर पर क्यों दोहराया जा रहा है ?

संगठन का अभिमत है कि उच्च शिक्षा को तदर्थवाद की ओर धकेलने वाला यह निर्णय राज्य की उच्च शिक्षा को घोर पतन की ओर लिए जाने वाला है, अतः राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) इस सोसाइटी व्यवस्था का पुरज़ोर विरोध करते हुए राज्य सरकार से मांग करता है कि उच्च शिक्षा के हित में इस निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए हुए छात्रों तथा शिक्षकों के लिए घोर प्रतिगामी इस आदेश को प्रत्याहरित किया जाए।

**डॉ. सुशील कुमार बिस्सु,** महामंत्री रुक्टा-राष्ट्रीय

# कोविंद ने संविधान के आदर्शों को बरकरार रखा-मोदी

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद को लिखे पत्र में उनकी तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने भारत के राष्ट्रपति के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान सिद्धांतों, ईमानदारी, कामकाज, संवेदनशीलता और सेवा के उच्चतम मानकों को स्थापित किया। प्रधानमंत्री ने कोविंद को रविवार को लिखे अपने पत्र में कहा, ÷आपने भारत के संविधान के आदर्शों तथा उसके लोकतंत्र के मर्म को सही फैसलों, उत्कृष्ट गरिमा और आसाधारण शालीनता के जरिए बरकरार रखा और हमेशा गणतंत्र के सर्वोत्तम हितों के लिए काम किया।÷

मोदी ने कहा, महामारी के अभूतपूर्व तनाव और अशांति और संघर्ष में फंसी दुनिया के समय में देश के प्रथम नागरिक के रूप में, शांति, एकता और आश्वासन के स्रोत थे और विदेशों में भारत के मूल्यों और हितों के प्रेरक अधिवक्ता थे। उन्होंने कहा कि वह हमेशा सबसे कमजोर नागरिक के कल्याण के लिए अपनी दया और चिंता के प्रति अटल रहे।


विनायक ज्वैलर्स
Retailer of Gold, Diamond & Silver Jewellery

22 K 916 — हॉलमार्क ज्वैलरी
18 K 750 — हॉलमार्क डायमंड ज्वैलरी
970 — Silver Utensiles
Certified — राशि रत्न


BIS 100% Hall Marked Jewellery

G-46, Unnati Tower, Central Spine, Vidhya Dhar Nagar, Jaipur
0141-2337548, 0141-2337458, 9414156451


कॉमनवेल्थ गेम्स

## नीरज चोपड़ा बाहर, अब रोहित यादव फेंकेंगे भाला

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** 24 जुलाई को वर्ल्ड एथलेटिक्स



चैंपियनशिप में जेवलिन फाइनल के दौरान नीरज चोपड़ा को चोट लगी थी। इसके बावजूद उन्होंने भाला फेंका और सिल्वर मेडल जीता। ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा चोट के चलते कॉमनवेल्थ गेम्स में नहीं खेल पाएंगे। यह इवेंट 28 जुलाई से शुरू हो रहा है। नीरज चोपड़ा को वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जेवलिन फाइनल के दौरान चोट लगी थी। फाइनल के दौरान नीरज चोपड़ा अपनी जांघ पर पट्टी लपेटते भी नजर आए थे। इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी राजीव मेहता ने नीरज के कॉमनवेल्थ में न खेलने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि WAC के फाइनल के दौरान उन्हें इंजरी आई थी। वे अभी भी फिट नहीं है।

# जोधपुर में भारी बरसात, भीलवाड़ा, पाली, चित्तौड़गढ़ में सैलाब, बाइक-कारें बहीं

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान में पिछले 24 घंटे से अलग-अलग एरिया में लगातार बरसात हो तेज बरसात ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। जोधपुर में 78 सालों में पहली बार जुलाई में भारी बरसात हुई है। दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान के भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ और पाली में जबर्दस्त पानी गिरा। कई इलाके जलमग्न हो गए। कारें-बाइक, सिलेंडर सड़कों पर बहते नजर आए। उधर, टोंक के निवाई में वनस्थली रोड के पास बने एक एनिकट में तीन बच्चे डूब गए। जिसमें से दो की पानी में डूबने से मौत हो गई जबकि एक बच्चे को बचा लिया गया। वहीं, भारी बारिश और जलभराव की स्थिति को देखते हुए जोधपुर में कलेक्टर ने स्कूलों की छुट्टी कर दी है। जयपुर मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 28-29 जुलाई से राज्य के कुछ भागों से धीरे-धीरे मानसून की गतिविधियों में कमी होने और उत्तरी भागों की ओर शिफ्ट होने की प्रबल संभावना है।


HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट

» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.

नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सेन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर

Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur

E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.com



FROM THE HOUSE OF KALPATHI | FOUNDERS OF SSI

कभी कभी मौके दरवाज़े से नहीं, VERANDA से आते हैं।

FRANCHISEES को आमंत्रण है
भारत की पहली PUBLICLY LISTED EDUCATION TECHNOLOGY COMPANIES में से एक और तेज़ गति से उभरते हुए TRAINING NETWORK का हिस्सा बनने का।

Veranda | Acacia
Powered by edureka!
TECH READY. JOB READY.

पिछले साल भारतीय IT INDUSTRY ने 500,000 से ज्यादा नई नौकरियां CREATE करीं। उन नौकरियों के लिए ELIGIBLE CANDIDATES की मांग 2022 में 8 गुना थी। यही मांग 2024 में 20 गुना बढ़ने वाली है।* आइए, हमारे HYBRID TRAINING NETWORK से जुड़ कर इस EMPLOYABILITY GAP को कम करने में हमारा साथ दीजिए। और अपने लिए एक दमदार BUSINESS भी खड़ा करिए।

Attractive Return on Investment | Pandemic-proof Education Venture | Edureka trained over 1 Million Learners in 163 Countries | 70 Centres and counting

Scan to unlock this opportunity
www.veranda-acacia.com
Call 99001 08822
now to lead the change








संपादक : ज्ञानेन्द्र मिश्रा मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। संपादकीय कार्यालय : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net
/jagrukjanta
/jagrukjantanews
jagruk_janta

जयपुर, बुधवार 27 जुलाई - 2 अगस्त, 2022



## जोधपुर में 1943 के बाद सर्वाधिक बारिश

17 जुलाई 1943 को बरसा था 194.1 मिमी पानी

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** सूर्यनगरी में सोमवार शाम से लेकर मंगलवार शाम तक सिंचाई विभाग ने 224.6 मिलीमीटर पानी बरसा जो जुलाई महीने में अब तक की सर्वाधिक बारिश है हालांकि मौसम विभाग ने 123 मिमी बारिश ही मापी है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार इससे पहले 17 जुलाई 1943 को एक ही दिन में 194.1 मिलमीटर पानी बरसा था तब भीतरी शहर में बाढ़ के हालात हो गए थे। तीन साल पहले 29 जुलाई 2019 को 116.9 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई थी।

### अगस्त 2016 में हुई थी 8 इंच

सूर्यनगरी में छह साल बाद चौबीस घण्टे में नौ इंच बारिश दर्ज की गई है। इससे पहले 9 अगस्त 2016 की दोपहर में 12 से लेकर अपराह्न 3 बजे तक मूसलाधार बारिश हुई थी। उस दिन तीन घण्टे में ही 150 मिमी पानी बरस गया। शाम होते-होते दो सौ एमएम से अधिक बारिश हो गई थी।


### सडकों पर नदी चल रही थी

सोमवार शाम को 7 बजे से 9 बजे तक दो घण्टे तीन इंच पानी बरसा। आधी रात से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला कभी तेज कभी धीमे होकर मंगलवार सुबह तक चलता रहा। इसके कारण जोधपुर-नागौर रोड, मण्डोर, आरपीटीसी के सामने, पावटा सर्किल, मेड़ती गेट-नागौरी गेट रोड, अजीत कॉलोनी, रेजिडेंसी रोड, एमडीएम अस्पताल से शास्त्रीनगर सर्किल रोड सहित कई हिस्सों में पानी नदी की तरह चल रहा था। बरसात रुकने के बाद भी यहां घुटनों तक पानी भरा हुआ रहा।

### सब्जी मंडी में एक फीट तक पानी, सब्जियां पानी में बही

लगातार बारिश होने से भदवासिया स्थित सब्जी मंडी में एक फीट तक पानी भर गया। सुबह-सुबह लोडिंग टैक्सी व कैंपर से सब्जियां लेकर मंडी पहुंचे कई किसानों व विरे ताओं की सब्जियां पानी में बह गई। गाडियों के अंदर पानी घुसने से भी सब्जियां खराब हो गई। बारिश के कारण ठेले वाले भी सब्जी लेने बमुश्किल पहुंचे।

## अट्ठाइस हजार करोड़ रूपए से अधिक के रक्षा सौदों को मंजूरी



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** सरकार ने सशस्त्र सेनाओं के लिए करीब 29 हजार करोड़ रूपए के रक्षा सौदों को मंजूरी दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई रक्षा खरीद परिषद की बैठक में सशस्त्र सेनाओं के लिए 28732 करोड रुपए के सौदों को मंजूरी दी गई। यह खरीद स्वदेशी कम्पनियों से की जाएगी जिससे रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। इन सौदों के तहत सीमाओं पर विशेष रूप से अग्रिम मोर्चे पर तैनात सैनिकों और आतंकवाद अभियानों में शामिल बलों के लिए बुलेट प्रूफ जैकेट तथा कार्बाइन खरीदी जाएंगी।विभिन्न संघर्षों तथा अभियान के दौरान ड्रोन के बढ़ते इस्तेमाल को देखते हुए सेनाओं के लिए निगरानी और हथियारों से लैस ड्रोन की खरीद को मंजूरी दी गई है।

## शिवसेना चुनाव चिन्ह विवाद के मामले पर सुनवाई एक अगस्त को

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह चुनाव आयोग के समक्ष चल रहे शिवसेना के चुनाव चिन्ह विवाद संबंधी मामले की सुनवाई रोकने की गुहार वाली याचिका पर महाराष्ट्र के राजनैतिक विवादों से उत्पन्न कुछ अन्य मामलों के साथ एक अगस्त को सुनवाई करेगा।मुख्य न्यायाधीश एन. वी. रमना की अध्यक्षता वाली पीठ ने ठाकरे की शिवसेना का पक्ष रख रहे वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल द्वारा याचिका पर तत्काल सुनवाई की गुहार और शिंदे एवं उनके समर्थकों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता नीरज किशन कौल की दलीलें सुनने के बाद सुनवाई की सहमति दी।

कारगिल विजय दिवस समारोह

## सरकार जवानों के परिवारों को प्रत्येक सुरक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध-गुढ़ा



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सैनिक कल्याण राज्य मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने कहा कि राजस्थान शुरू से ही वीरों की जन्मभूमि रही है तथा राज्य सदियों से देश की रक्षा के लिए काम कर रहा है।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जवानों तथा उनके परिवार को आर्थिक एवं भावात्मक तरीके से सुरक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

गुढ़ा मंगलवार को अमर जवान ज्योति पर कारगिल विजय दिवस समारोह के मौके पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शेखावटी में ऐसे बहुत से गांव है जहां पर सेना में युवाओं को पीढ़ी दर पीढ़ी भेजा गया है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में शहीद की शहादत पर हजारों की संख्या में जवान तिरंगा लेकर इस उत्सव को मनाते है।

गुढ़ा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा कारगिल युद्ध में शहीद की वीरांगनाओं को हाउसिंग बोर्ड के माध्यम से घर तथा 25 लाख रुपए अथवा 25 बीघा जमीन तथा 25 लाख रुपए की नकद राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा कारगिल युद्ध के बाद सेना को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि में वृद्धि, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के सैनिकों को पेंशन राशि में वृद्धि की गई। उन्होंने सभी सैनिकों को आश्वस्त किया कि आगामी समय में राज्य सरकार द्वारा सैनिकों के कल्याण के लिए विभिन्न तरह के कार्यक्रम तथा योजनाएं संचालित की जाएंगी।

गुढ़ा ने कहा कि राजस्थान महाराणा प्रताप, पृथ्वीराज चौहान तथा दुर्गादास राठौड़ जैसे देशभक्तों की जन्मभूमि रही है तथा अग्निपथ योजना से जवानों में सेना में जाने का जज्बा कम होगा तथा देश के लिए सेवा करने के लिए यह योजना सही नहीं है।

इस अवसर पर राज्य सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह ने कहा कि अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीरों की प्रशिक्षण की अवधि बहुत कम है जो कि देश की रक्षा के लिए सही नहीं है साथ ही इस योजना से सेना में जो वर्गीकरण हुआ है वह भी दुर्भाग्यपूर्ण है।

इससे पहले गुढ़ा ने अमर जवान ज्योति पर बैंड की धुन के साथ पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। समारोह में गुढ़ा ने सेना के भूतपूर्व सैनिकों के साथ संवाद भी किया। इस अवसर पर राज्य सैनिक कल्याण समिति के उपाध्यक्ष रामसहाय बाजिया, प्रमुख शासन सचिव सैनिक कल्याण विभाग आनंद कुमार, सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर वीरेंद्र सिंह राठौड़ सहित बड़ी संख्या में सेना के भूतपूर्व अधिकारी तथा विभिन्न सैन्य अधिकारी मौजूद थे।

लोकसभा में विधेयक पारित

## हिमाचल और नागालैंड में परिवार न्यायालयों का हो सकेगा गठन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** लोकसभा में हिमाचल प्रदेश और नागालैंड में बनाए गए परिवार न्यायालयों के गठन को कानूनी मान्यता प्रदान करने वाला परिवार न्यायालय (संशोधन) विधेयक 2022 पारित किया गया। कानून एवं विधि मंत्री किरेन रिज़िजू ने परिवार न्यायालय (संशोधन) विधेयक 2022 पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि इस विधेयक का मुख्य उद्देश्य हिमाचल प्रदेश और नागालैंड में बनाए गए परिवार न्यायालयों के गठन को कानूनी मान्यता प्रदान करना है। इसके साथ ही इन अदालतों के सभी फैसलों, आदेशों, नियमों, नियुक्तियों आदि को वैध करार देना है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश ने 15 फरवरी 2019 को अधिसूचना जारी कर 3 परिवार न्यायालयों का गठन किया था। वहीं नागालैंड ने 12 सितंबर 2008 को दो फैमिली कोर्ट का गठन किया था। इन दोनों राज्यों के न्यायालय तब से लगातार काम कर रहे हैं। इन अदालतों में हज़ारों केस के निर्णय हो चुके हैं इसलिए इन अदालतों को मान्यता देने का विधेयक लाया गया है। कानून मंत्री ने कहा कि इन दोनों राज्यों के फैमिली कोर्ट को मान्य ठहराने और इनके फैसलों को कानूनी करार देने के लिए ये संशोधन विधेयक लाया गया है।

जयपुर शहर की ट्रैफिक और ट्रांसपोर्ट व्यवस्था पर मुख्य सचिव ने किया गहन मंथन

## पब्लिक ट्रांसपोर्ट के तलाशें नए रूट- मुख्य सचिव

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कहा कि जयपुर शहर में बढ़ती आबादी और बढ़ते वाहनों की संख्या को ध्यान में रखते हुए पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इसके लिए ऐसे नए रूट तलाशे जाएं जहां सिटी ट्रांसपोर्ट और मिनी बसों के रूट नहीं है। उन्होंने आमजन की सुविधा के लिए नए रूटों को 15 दिनों के भीतर चिन्हित करने के निर्देश दिए।

शर्मा शासन सचिवालय में परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की आरएसआरटीसी व आरएसबीटीडीए की बजट घोषणाओं से संबंधित अंतर विभागीय मुद्दों पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहीं थीं। इस अवसर पर जेडीए आयुक्त रवि जैन के निर्देशन में जयपुर क्षेत्र के लिए %कंप्रिहेंसिव ट्रेफिक एंड ट्रांसपोर्टेशन स्टडी% का विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया गया। मुख्य सचिव ने ट्रांसपोर्ट प्लान पर आधारित विस्तृत प्रस्तुतीकरण पर जेडीए, परिवहन, गृह, स्वायत शासन विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ गहन मंथन किया। प्रस्तुतीकरण में जयपुर शहर में भीड़-भाड़, पार्किंग, ट्रैफिक मैनेजमेंट, चौराहों की स्थिति, परकोटा क्षेत्र की समस्याओं, पब्लिक ट्रांसपोर्ट की वर्तमान स्थिति और नए मार्ग, ई-रिक्शा के रजिस्ट्रेशन और पार्किंग, हॉकर्स व स्ट्रीट वेंडर्स के निर्धारित स्थान इत्यादि सभी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि इन सभी समस्याओं से जुड़े शॉर्ट टर्म, मीडियम टर्म, और लॉन्ग टर्म उपायों पर सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करें। उन्होंने कहा कि जयपुर शहर देश का प्रमुख पर्यटन स्थल है और परकोटा विश्व विरासत में सम्मिलित है। ऐसे में परकोटे को भीड़भाड़ से मुक्त कर उपयुक्त ट्रैफिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के हरसंभव प्रयास किए जाने चाहिए। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने राई का बाग, जोधपुर में आधुनिक बस स्टैंड के निर्माण और मकराना, नागौर में नए बस स्टैंड के भूमि संबंधी मुद्दों पर भी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह अभय कुमार, शासन सचिव स्वायत शासन विभाग डॉ जोगाराम, जेडीए आयुक्त रवि जैन, परिवहन एवं सड़क सुरक्षा आयुक्त कन्हैया लाल स्वामी उपस्थित थे। साथ ही संबंधित उच्चाधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया।

ANCHOR सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला

## बच्चा पैदा करने के लिए 15 दिन की पैराल, हाईकोर्ट के आदेश पर आपत्ति

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर /जोधपुर।** पत्नी की गर्भधारण करने की गुहार पर अजमेर सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे बंदी को पंद्रह दिन की सशर्त पैरोल देने के राजस्थान हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। प्रधान न्यायाधीश की अगुवाई वाली पीठ सरकार की विशेष अनुमति याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई करेगी।

राज्य सरकार शीर्ष अदालत में इस दलील के साथ पहुंची है कि नियमों में गर्भधारण के लिए पैरोल देने का कोई प्रावधान नहीं है। खंडपीठ के आदेश के बाद इस तरह की याचना वाली याचिकाओं की संख्या बढ़ रही है। हाल ही 21 जुलाई को एक याचिकाकर्ता अशोक ने एकलपीठ में इस आधार पर याचिका दायर की। इसकी सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि मामले में सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की गई है।



### यह कहा था खंडपीठ ने

दरअसल, गत 5 अप्रेल को हाईकोर्ट की खंडपीठ ने एक विवाहिता की गर्भधारण चाह पर सजायाफ्ता पति को पैरोल पर छोड़ने की अनुमति दी थी। खंडपीठ ने कहा था कि एक विवाहित महिला के लिए नारीत्व पूरा करने को बच्चे को जन्म देना आवश्यक है। मां बनने पर उसका नारीत्व बढ़ जाता है। उसकी छवि गौरवान्वित होती है। परिवार के साथ-साथ समाज में भी उसका सम्मान होता है। खंडपीठ का मत था कि किसी भी महिला को पति के जेल रहने की दशा में ऐसी स्थिति में रहने से वंचित नहीं किया जाना चाहिए, जिसमें उसे बिना किसी गलती के अपने पति से कोई संतान न होने के कारण पीड़ित होना पड़े। खंडपीठ ने यह भी कहा था कि राजस्थान कैदी रिहाई पर पैरोल नियम, 2021 में कैदी को उसकी प%ी के संतान होने के आधार पर पैरोल पर रिहा करने का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है, फिर भी धार्मिक दर्शन, सांस्कृतिक, सामाजिक और मानवीय पहलुओं पर विचार करते हुए, भारत के संविधान में गारंटीकृत मौलिक अधिकार के साथ कोर्ट याचिका को स्वीकार करता है।

### याचिका मंजूरी के ये गिनाए कारण

खंडपीठ ने कहा था कि अगर मामले को धार्मिक पहलू से देखें तो हिंदू दर्शन के अनुसार, गर्भाधान 16 संस्कारों में से पहला है। यहूदी, ईसाई और कुछ अन्य अब्राहमिक धर्मों में जनन को ईश्वरीय आदेश कहा गया है। आदम और हव्वा को सांस्कृतिक जनादेश दिया गया था। इस्लामी शरीयत और इस्लाम में वंश के संरक्षण का कहा गया है। कोर्ट संतान के अधिकार और वंश के संरक्षण के समाजशास्त्रीय और संवैधानिक पहलू का विवेचन भी किया।



## जागरूक खबरें

### सीबीएसई 10वीं और 12वीं ज्ञानविहार के विद्यार्थियों ने बाजी मारी



**जयपुर @ जागरूक जनता।** मालवीय नगर डी ब्लॉक स्थित ज्ञान विहार स्कूल में10वीं की व बाहरवीं बोर्ड की परीक्षा में 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले होनहार विद्यार्थियों और मे टॉपर रहे विद्यार्थियों का मंगलवार को स्कूलों में अभिनंदन किया गया। डायरेक्टर कनिष्क शर्मा प्रिंसिपल राकेश उपाध्याय ने श्रेष्ठ प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया तथा अपने वक्तव्य में डायरेक्टर सर ने शिक्षकों, बोर्ड में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों व उनके माता-पिता को शुभकामनाएं देते हुए बच्चों की इस सफलता को जीवन की यात्रा का पहला कदम बताया। प्रिंसिपल राकेश उपाध्याय ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता.. निष्ठा, एकाग्रता और निरंतर प्रयास से ही इसे प्राप्त किया जाता है। मीडिया कोऑर्डिनेटर रेनू शब्द मुखर ने बताया कि सीबीएसई की कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षा में 96%से 90% लाने वाले विद्यार्थियों में लवीना, लक्षिता विशाखा, कुलदीप, स्नेहा ,दीक्षा गोयल, यश स्नग्धा, गुनाढ्य, हर्षिता सैनी रहे वही सीबीएसई बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में 97 से 90% लाने वाले अव्वल विद्यार्थियों में उमंग माथुर ,कनिष्क मल्होत्रा, लक्ष्य गोलिया, भूपेश सिंह, ऋशित सोनी, कबीर गेरा, भूमिका, ईशानी शर्मा, अदिति शर्मा, विनायक, सृष्टि गुप्ता ने बाजी मारी।

### 7 दिन में जारी होगी आंसर-की, जनवरी में होगी भर्ती परीक्षा

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान में 23 और 24 जुलाई को आयोजित हुई रीट एग्जाम के क्वेश्चन पेपर जारी हो गए हैं। 2 दिन चार पारियों में लेवल-1 और लेवल-2 के 4 पेपर का आयोजन किया गया था। इस दौरान अलग-अलग सीरीज के 16 पेपर कैंडीडेट्स को दिए गए है। जिन्हें पात्रता परीक्षा में शामिल हुए कैंडीडेट्स रीट की वेबसाइट reetbser2022.in से जाकर देख सकते हैं। बता दें कि 2 दिन होने वाली भर्ती परीक्षा में राजस्थान समेत देशभर के 15 लाख से ज्यादा कैंडीडेट्स ने रजिस्ट्रेशन करवाया था। ऐसे में क्वेश्चन पेपर के बाद माध्यमिक शिक्षा विभाग इसी सप्ताह रीट के फर्स्ट आंसर-की भी जारी कर सकता है। दरअसल, राजस्थान में इस बार रीट परीक्षा के दौरान क्वेश्चन पेपर बाहर ले जाने की परमिशन नहीं थी। बावजूद इसके कई क्वेश्चन पेपर के फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। इसके बाद बीजेपी और छात्र संगठनों ने रीट में एक बार फिर धांधली का आरोप लगाया और निष्पक्ष जांच की मांग की। वहीं माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने भी वायरल क्वेश्चन पेपर को रीट का ही बताया है। हालांकि अब तक वायरल पेपर पर कोई फैसला नहीं हुआ है। ऐसे में अगले 4 दिनों में बोर्ड की बैठक के बाद ही वायरल क्वेश्चन पेपर को लेकर कोई फैसला किया जाएगा।

### स्वाधीनता दिवस समारोह की तैयारी बैठक 2 अगस्त को

**जोधपुर @ जागरूक जनता।** स्वाधीनता दिवस 15 अगस्त 2022 के आयोजन से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाओं एवं तैयारियों को लेकर आगामी 2 अगस्त, मंगलवार को प्रातः 11 बजे जिला कलक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला कलक्टर हिमांशु गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी।


### वरिष्ठ नागरिक तीर्थ योजना की आज निकाली जाएगी लॉटरी

**जोधपुर @ जागरूक जनता।** देवस्थान विभाग की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ योजना के अन्तर्गत वरिष्ठ नागरिकों को धार्मिक स्थलों की रेल एवं हवाई यात्रा के माध्यम से तीर्थ यात्रा कराए जाने के लिए वरिष्ठ नागरिक तीर्थ योजना के अन्तर्गत चयन के लिए 27 जुलाई, बुधवार को शाम 4 बजे जोधपुर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कम्प्यूटराईज्ड लॉटरी निकाली जाएगी। जिला कलक्टर हिमांशु गुप्ता ने बताया कि लॉटरी निकालने का कार्य जिला प्रभारी मंत्री/जिला प्रभारी शासन सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाएगा।

### दो वार्डों में नवसृजित राशन दुकानों के लिए आवेदन आमंत्रित

**जोधपुर @ जागरूक जनता।** जोधपुर नगर निगम क्षेत्र में वार्ड संख्या 49 एवं 56 में नवसृजित उचित मूल्य की दुकानों के लिए प्राधिकार पत्र जारी करने आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला रसद अधिकारी (प्रथम) अनिल पंवार ने बताया कि इसके लिए आवेदन पत्र जिला रसद अधिकारी(प्रथम) के जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ इसे जमा कराने की अंतिम तिथि 23 अगस्त है। इस बारे में विस्तृत जानकारी जिला रसद कार्यालय से अथवा विभागीय वेबसाईट www.food.raj.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

### मूसलाधार बारिश से शहर हुआ जलमग्न



**पीपाड़ शहर @ जागरूक जनता।** पीपाड़ शहर उपखंड में जिला अस्पताल के मुख्य द्वार पर मामूली बारिश होने के पर भी अस्पताल गेट परिसर पर गंदा पानी भर जाता है जिससे आने जाने वाले मरीजों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है यही नही सिलारी रोड़ से आने वाले सीवरेज लाईन के नाले का काम भी अधूरा पड़ा राजनीति की द्वेष भावना के चलते यह काम यही रूका पड़ा है और बारिश के समय यह सम्पूर्ण गंदा पानी शहर की धरोहर राठोलाई नाड़ी में प्रवेश करता है जिससे शहर के लोगों में काफी रोष हैं कई जागरूक नागरिको सोशल मीडिया के माध्यम से भी इस विषय को रखा लेकिन किसी के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। वार्ड 18 के पार्षद पीयूष शर्मा का कहना है कि कई बार पालिका प्रशासन और चेयरमैन को इस विषय के बारे में अवगत कराया गया लेकिन इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई अगर समय रहते हुए इस नाले का निर्माण नहीं हुआ तो हम इस गंभीर विषय को उच्च अधिकारियों के समक्ष रखेंगे और मोहल्ले वासियों के साथ धरना प्रदर्शन करेंगे।

### जिला स्तरीय निष्पादक समिति की बैठक सम्पन्न

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जिला स्तरीय निष्पादक समिति की बैठक मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) शंकर लाल सैनी ने कहा कि सभी कार्मिक समन्वय के साथ कार्य करें तथा प्रयासों के साथ उच्च स्तर पर रैंकिंग लेकर आये। सभी विद्यालय के संस्था प्रधान आधार अपडेशन का कार्य मिशन मोड पर करे तथा कार्यो की सघन मॉनिटरिंग की जाए। बैठक में जिला ब्लॉक रैंकिंग की प्रगति, विद्यालयों में बिजली के कनेक्शन, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, छात्रवृत्ति वितरण, बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन कार्य योजना, मीड डे मील प्रगति और शाला दर्पण पर चर्चा की गई। विद्यालयों को आवंटित भूमि पर से अतिर मण हटाने, डॉप आउट बच्चों को विशेष रूप से चिन्हित कर विद्यालयों से जोड़ने, राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति-2020 के तहत विद्यालयों नामांकन वृद्धि, विद्यालय व आगंनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों के ठहराव व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वयं सेवक सदस्यों द्वारा शिक्षकों के एफएलएन कौशल प्राप्त करने के लिये प्रशिक्षण, पीईईओ क्षेत्र मैनटोर शिक्षक नियुक्त करने, अनिमिया मुक्त भारत योजना के तहत बच्चों, किशोरियों एवं महिलाओं में अनिमिया की दर कम करने, विद्यालय सृदढीकरण और सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत मिलने वाले पालनहार एवं पेन्शन योजनाओं से वंचित व्यक्तियों को जोड़ने, विद्यालयों में रिक्त भवनों के उपयोग आदि पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। सैनी ने कहा कि विद्यालयों में पोषाहार बनाने वाले कर्मियों का प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में आवश्यक रूप से बीमा करवाने तथा जिन बच्चों का विद्यालय में किसी कारणवश प्रवेश नहीं हो पाया है उनका आगामी माह में आयोजित होने वाले प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यालय में प्रवेश करवाये जाने के लिये संस्था प्रधानों को निर्देश दिये। बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

डोटासरा बोले- मोदी-शाह राजस्थान में भी केंद्रीय एजेंसियों को लगाएंगे, कहा...

# चुनाव से पहले राजस्थान में भी ईडी के छापे पड़ेंगे, लंबे संघर्ष को तैयार रहें

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने राजस्थान में भी ईडी-सीबीआई के छापों की संभावना जताई है। सोनिया गांधी से ईडी पूछताछ के खिलाफ जयपुर के शहीद स्मारक पर कांग्रेस के सत्याग्रह में गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा- जहां-जहां चुनाव होने हैं। वहां इनका केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से सत्ता के दुरुपयोग का कुचक्र शुरू हो जाता है। जिस तरीके से देश में सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग चल रहा है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि जल्दी से जल्दी मोदी जी और अमित शाह राजस्थान में भी पूरी प्लानिंग के साथ केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का कुचक्र राजस्थान में चलाने जा रहे हैं, लेकिन हम इनसे डरने वाले नहीं हम इनका बिना घबराए स्वागत करेंगे। क्योंकि जीत हमेशा सत्य की होती है और सच हमारे साथ है। डोटासरा ने कहा- सोनिया गांधी, राहुल गांधी या इस देश का कोई भी नागरिक भाजपा और आरएसएस से डरने वाला नहीं है। न तो हम लोग टूटने वाले हैं। न झुकने वाले हैं। चाहे ईडी ले आए या सीबीआई ले आएं लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं।

#### राजस्थान के कार्यकर्ता लंबी लड़ाई के लिए तैयार रहें

डोटासरा ने कहा- राजस्थान के कार्यकर्ता लंबी लड़ाई के लिए तैयार रहें। आज हमने चार-पांच घंटे बैठकर संघर्ष किया है, लेकिन यह संघर्ष में दिन-रात बैठकर करना पड़ सकता हैं। हम घबराने वाले नहीं हैं। हम सोनिया गांधी और राहुल गांधी के नेतृत्व में इस कांग्रेस के सच्चे सिपाही की तरह अंतिम दम तक लड़ेंगे।

#### शहीद स्मारक पर कांग्रेस का सत्याग्रह

सोनिया गांधी से ईडी की पूछताछ के खिलाफ राजधानी जयपुर में कांग्रेस ने चार घंटे तक शहीद स्मारक पर सत्याग्रह किया। सत्याग्रह में मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास, हेमाराम चौधरी, टीकाराम जुली, ममता भूपेश के अलावा कई कांग्रेस वधायक और नेता मौजूद रहे। सत्याग्रह लंबा खींचने के कारण कई नेता और कार्यकर्ता बीच में ही चले गए।

सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से रास्ता निकालने को कहा, पॉलिटिकल पार्टियां देती हैं प्रलोभन

# चुनाव के दौरान फ्री ऑफर्स पर रोक लगे

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव के दौरान मुफ्त की योजनाओं पर रोक लगाने की बात कही है। इसके लिए केंद्र सरकार को निर्देश दिया है, कि जल्द से जल्द इस दिशा में कोई रास्ता निकालें। इस मामले में अगली सुनवाई 3 अगस्त को होगी। वोटर्स को लुभाने के लिए मुफ्त की योजनाओं की घोषणाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने 3 मार्च को आपत्ति जताई थी, जिस पर याचिकाकर्ता ने याचिका वापस ले ली थी, लेकिन मंगलवार को कोर्ट ने इसी तरह के एक दूसरे पेंडिंग मामले में सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया।

#### सुनवाई के दौरान क्या कुछ हुआ ?

» सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया कि वित्त आयोग से बात करें। मुफ्त में खर्च किए गए पैसे को ध्यान में रखकर जांच करें।
» चुनाव आयोग ने सुझाव दिया कि सरकार इस मुद्दे से निपटने के लिए एक कानून ला सकती है।
» सरकार का यह तर्क था कि यह मामला चुनाव आयोग के क्षेत्र में आता है।
» सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार इस पर स्टैंड लेने से क्यों झिझक रहा।



#### सिब्बल से पूछे उनके विचार

सुनवाई के दौरान किसी अन्य मामले को लेकर वकील कपिल सिब्बल भी कोर्ट में मौजूद थे। कोर्ट ने मुफ्त की योजना के इस मुद्दे पर उनसे भी उनके विचार पूछे। इस पर सिब्बल ने कहा कि यह एक गंभीर मामला है, लेकिन राजनीतिक रूप से इसे नियंत्रित करना मुश्किल है। वित्त आयोग को अलग-अलग राज्यों को पैसा आवंटित करते समय उनका कर्ज और मुफ्त योजनाओं को ध्यान में रखना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार से निर्देश जारी करने की उम्मीद नहीं की जा सकती है। वित्त आयोग इस मुद्दे की जांच करने के लिए सही प्राधिकरण है।

#### अगले हफ्ते होगी सुनवाई

याचिका में कहा गया है कि चुनाव आयोग को राज्य और राष्ट्रीय पार्टियों को ऐसे वादे करने से रोकना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने दलीलें सुनने के बाद मामले की अगली सुनवाई अगले हफ्ते के लिए तय कर दी है।

## कृषक उपहार योजना की लॉटरी निकाली

जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**जोधपुर।** कृषि उपज मण्डी समिति (अनाज) भगत की कोठी, जोधपुर के सभागार कक्ष में राजस्थान सरकार और कृषि विपणन निदेशालय द्वारा संचालित ''कृषक उपहार योजना 2020-21'' के अन्तर्गत उपस्थित अधिकारियों, किसानों, व्यापारियों एवं मण्डी कार्यकर्ताओं के समक्ष मंगलवार को लॉटरी निकाली गई।

इसमें कृषि उपज विक्रय करने हेतु मण्डी में लेकर आने वाले कृषकों को ई-नाम पोर्टल के माध्यम से मण्डी गेट पर ई-बिक्री एवं फसल बिक्री के बाद ई-भुगतान प्राप्त करने पर निःशुल्क ई-उपहार कूपन मण्डी समिति के माध्यम से 01 जनवरी से 30 जून तक जारी किए गए थे।

मंगलवार को मण्डी समिति के सभागार कक्ष में राज्य सरकार द्वारा लॉटरी खोलने के लिए गठित कमेटी में शामिल डॉ. झब्बर सिंह प्रशासक, कृषि उपज मण्डी समिति (अनाज) भगत की कोठी, जोधपुर, सुरेन्द्र सिंह, सचिव राजमाता विजयराजे सिंधिया कृषि उपज मण्डी समिति (अनाज) जोधपुर एवं दुर्गाराम जाखड़ सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति (अनाज) भगत की कोठी, जोधपुर की मौजूदगी में लॉटरी निकाली गई।

मण्डी सचिव दुर्गाराम जाखड़ ने बताया कि ई-पेमेन्ट की विक्रय पर्ची पर जारी कूपनों में प्रथम पुरस्कार देचू निवासी कमल सिंह को 25 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार सिवाना निवासी गोरधन दास को 15 हजार रुपये तथा तृतीय पुरस्कार जैसलमेर निवासी तोपाराम को 10 हजार रुपये का मिला। गेट पास की विक्रय पर्ची पर जारी कूपनों की लाटरी में प्रथम पुरस्कार पादरला निवासी नेमाराम को 25 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार फलौदी निवासी गोविन्द को 15 हजार रुपये तथा तृतीय पुरस्कार मोहनगढ़ निवासी प्रेम सिंह को 10 हजार रुपये का मिला।

## अमरनाथ में फिर भारी बारिश, यात्रा रोकी

4 हजार श्रद्धालुओं को निकाला, 8 जुलाई को बाढ़ से 15 श्रद्धालु मारे गए थे

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पहलगाम।** अमरनाथ में पवित्र गुफा के आसपास पहाड़ों पर मंगलवार को भारी बारिश हुई। इससे दोपहर करीब 3 बजे अमरनाथ गुफा के पास बने तालाबों और झरनों में बाढ़ आ गई। 8 जुलाई को भारी बारिश से आई बाढ़ जैसे हालात न बनें, इसलिए चार हजार से ज्यादा तीर्थयात्रियों को तुरंत बाहर निकाला गया। सभी को पंचतरणी भेजा गया है।

#### 26वें बैच में 2100 यात्री रवाना

भगवती नगर बेस कैम्प से मंगलवार को 2100 तीर्थयात्रियों के साथ 26वां जत्था पवित्र गुफा के लिए रवाना हुआ था। इस साल किसी भी जत्थे में यह सबसे कम यात्री संख्या थी। CRPF की सुरक्षा में 73 गाड़ियों का काफिला रवाना हुआ था। इनमें 23 गाड़ियों में 815 तीर्थयात्री बालटाल के लिए और 49 गाड़ियो में 1 हजार 374 तीर्थयात्री पहलगाम के लिए निकले थे।

#### 8 जुलाई को बादल फटने से आई थी बाढ़

अमरनाथ गुफा के पास 8 जुलाई को बादल फटने से अचानक आई बाढ़ में 15 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार 29 जून से अब तक 1 लाख 37 हजार 774 तीर्थयात्री भगवती नगर बेस कैम्प से पवित्र गुफा के दर्शन के लिए भेजे जा चुके हैं।

कोविड वैक्सीनेशन

## स्कूलों में जाकर लगाए कैम्प- जिला कलक्टर

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने कहा कि किशोरों के वैक्सीनेशन को बढ़ाने के लिये स्कूलों में जाकर कैम्प लगाकर टीकाकरण किया जाए। साथ ही पंचायत स्तर पर भी वैक्सीनेशन कैम्पों का आयोजन किया जाए। जिला कलक्टर कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रथम एवं द्वितीय, बीसीएमएचओ से एजेण्डावार चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की मूलभूत सुविधाओं में सुधार किया जाये तथा सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर दवाईयों का वितरण सही समय पर हो यह सुनिश्चित किया जाए। यदि दवाई खत्म होने वाली हो तो उसके तुरन्त डिमांड भेजी जाये।जिला कलक्टर ने कहा कि दवाईयों के स्टॉक की उपलब्धता समय-समय पर सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कोविड-19 टीकाकरण एवं मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के साथ-साथ अन्य योजनाओं की भी विस्तारपूर्वक समीक्षा की। बैठक के दौरान श्री राजपुरोहित ने मौसमी बीमारियों सहित डेंगू, चिकनगुनियां की प्रभावी रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के भी निर्देश प्रदान किये।

## मैच के दौरान कबड्डी खिलाड़ी की मौत

विपक्षी प्लेयर को छूकर भागते हुए गिरा, फिर नहीं उठा, पिता ने जीती ट्रॉफी के साथ दफनाया

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पनरुती।** तमिलनाडु के पनरुती के पास मणदिकुप्पम गांव में एक कबड्डी खिलाड़ी की मैच के दौरान मौत हो गई। हादसा रविवार को डिस्ट्रिक्ट लेवल मैच के दौरान हुआ, लेकिन मामला मंगलवार को सामने आया।

मैच के दौरान जब खिलाड़ी विमलराज की रेड करने की बारी आई तो वह विपक्षी पाले में सांसें थाम कर अपना दांव खेलने गया। इस दौरान विपक्षी खिलाड़ियों ने विमल को घेर कर गिरा दिया। एक खिलाड़ी का पैर विमल की सीने पर गया, लेकिन उसने अपने 2 पॉइंट ले लिए। हालांकि, विमल इसके बाद उठ नहीं पाया। उसके साथियों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। माना जा रहा है कि खिलाड़ी की मौत हार्ट अटैक से हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और इसकी जांच जारी है। इस घटना के बाद इलाके में मातम पसरा है। खिलाड़ियों और परिजनों का रो-रोकर कर बुरा हाल है। विमल का कबड्डी खेलते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

#### शव के साथ ट्रॉफी भी दफनाई गई

**विमल** की मौत के बाद उसके घरवालों का भी एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें विमल के शव के साथ उसकी जीती हुई ट्रॉफी को उसके पिता दफनाते दिख रहे हैं।

## 8वां सुंदरकांड का संगीतमय पाठ का हुआ आयोजन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पीपाड़ शहर।** मंगलवार को तंबोलिया बेरा स्थित चमत्कारी बालाजी मंदिर प्रांगण में सुबह सात बजे से ही भव्य संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया है, मंडली के भगवान राम परिहार ने बताया कि रामचरितमानस का पंचम सोपान सुंदरकांड है,जिसमे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जीवन चरित्र, हनुमान जी महाराज की भगवान राम के प्रति भक्तिभाव का सुंदर वर्णन है, सुन्दरकाण्ड पाठ सुनना व सुनाना दोनों ही लाभदायक है

सुंदरकाण्ड के पाठ करने से मानसिक रुप से भी व्यक्ति मजबूत होता है और विरोधियों को परास्त करता है। सिर्फ यही नहीं सुंदरकांड व्यक्ति के अंदर सकारात्मक भावनाओं को भी पैदा करता है और इसका पाठ करने से व्यक्ति समाज के लिये अच्छे काम करने के प्रति भी प्रेरित होता है। यही वजह है कि पंडित और ज्योतिषाचार्य भी लोगों को सुंदर कांड का पाठ करने की सलाह देते हैं। पाठ के दौरान प्रसाद और साउंड की उत्तम व्यवस्था की गयी।

आयोजन में सुन्दर कांड समिति के भगवान राम परिहार, पंडित पवन महाराज, पिन्टूदास, देवकिशन, शेषाराम, दामू पुरोहित, सागर सुथार, दीनदयाल गहलोत, अभिषेक, संजय परिहार, दीनदयाल दाधीच, धर्मेन्द्र गहलोत, मनीष जांगिड़ के सहयोग द्वारा पीपाड़ उपखंड के सभी मंदिरों में सुन्दर कांड का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान भक्त मण्डल के श्यामलाल कच्छावाह, आर. के. स्कूल के डायरेक्टर विष्णु गहलोत सहित कई भक्त मण्डल सदस्य मौजूद रहे।



बता दे मण्डली द्वारा यह 8 वा सुन्दरकाण्ड का पाठ तंबोलिया बेरा पर किया गया, तंबोलिया बेरा के समस्त कार्यकर्ता की और से भक्तमंडली का स्वागत किया गया।सुन्दरकाण्ड मंडली के भगवान राम परिहार ने बताया कि तुलसीदास जी द्वारा रचित रामचरितमानस का पंचम सोपान सुन्दरकाण्ड का पाठ पढ़ना व सुनना दोनों ही कल्याणकारक है,भगवान की कृपा से पीपाड शहर में हर मंगलवार व शनिवार को मंदिर मंदिर अभियान के साथ सुन्दरकाण्ड का पाठ किया जा रहा है, जिसमे सभी सुन्दरकाण्ड भक्तमंडली के सहयोग से निःशुल्क पाठ हो रहा है।

ANCHOR | चौमूं नगरपालिका ईओ को हाईकोर्ट से राहत

## एपीओ आदेश पर रोक, जिंदल ने पदभार संभाला, बीजेपी-कांग्रेस पार्षदों ने किया स्वागत

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चौमूं।** नगरपालिका एपीओ हुए ईओ देवेंद्र कुमार जिंदल को हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट ने एपीओ आदेश पर रोक लगा दी। जिंदल को चौमूं नगरपालिका में ही ईओ के पद पर पदभार ग्रहण करने के लिए आदेश जारी कर दिए हैं। शुक्रवार को नगरपालिका अधिशासी अधिकारी देवेंद्र कुमार जिंदल ने चौमूं नगरपालिका में पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर नगरपालिका कांग्रेस पार्षद और बीजेपी पार्षदों ने अधिशासी अधिकारी का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया।



गौरतलब है कि चौमूं नगरपालिका में ईओ के पद पर कार्यरत देवेंद्र कुमार जिंदल को एपीओ करने के आदेश पर हाई कोर्ट ने रोक लगा दी। स्वायत्त शासन विभाग के संयुक्त शासन सचिव एवं निदेशक सहित दो अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामलें में पैरवी करने वाले अधिवक्ता संदीप कलवानिया ने बताया कि प्रार्थी देवेंद्र कुमार जिंदल नगरपालिका चौमूं के ईओ के पद पर कार्यरत थे। स्वायत्त शासन विभाग के संयुक्त शासन सचिव एवं निदेशक ने 12 जुलाई को आदेश जारी कर प्रार्थी देवेंद्र कुमार जिंदल को बिना किसी प्रशासनिक कारण के एपीओ कर दिया था और प्रार्थी के स्थान पर अन्य कार्मिक को पदस्थापित कर दिया था। अधिवक्ता संदीप कलवानिया ने दलील दी कि प्रार्थी ने नगरपालिका चौमूं में ईओ के पद पर पिछले महीने की 3 जून को ही कार्यग्रहण किया था। इसके बावजूद विभाग ने एक महीने की अल्पावधि में ही प्रार्थी को नियम विरुद्ध एपीओ कर दिया और इसके स्थान पर दूसरे कार्मिक को लगा दिया।

विभाग ने प्रार्थी के स्थान पर जिस कार्मिक को लगाया है उसे पिछले महीने ही फलौदी जोधपुर लगाया था, लेकिन राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते प्रार्थी को एपीओ कर दिया है। इसलिए एपीओ आदेश पर रोक लगाई जाए। इस पर न्यायालय ने प्रार्थी को 12 जुलाई को जारी एपीओ आदेश पर रोक लगाकर राहत दी है। चौमूं नगरपालिका में बार-बार स्वायत्त शासन विभाग ने ईओ पद पर बदलाव किया। डेढ़ साल पहले बने कांग्रेस के पालिका बोर्ड में अब तक आठ ईओ को इधर-उधर किया जा चुका है। इसके पीछे भी कांग्रेस पार्षदों में बने दो गुटों का विवाद माना जा रहा है।

स्वायत्त शासन विभाग दबाव में आकर बार-बार तैनात किए जा रहे अधिकारियों के तबादले कर रहा है। इससे आमजन के काम अटक रहे हैं। जिससे शहर के लोगों के काम का समय पर नहीं हो पा रहे हैं और ना ही लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल पा रहा है। ईओ अवधि-सलीम खान 2 माह, ऋषिदेव ओला 4 माह, आईएएस सलोनी खेमका 1 सप्ताह, वर्षा चौधरी 5 माह, वर्षा चौधरी 12 दिन, हेमेंद्र कुमार 3 माह, देवेंद्र जिंदल 1 माह, सहदेवदान चारण 2 दिन, चौमूं नगरपालिका ईओ देवेंद्र कुमार जिंदल ने 22 जुलाई को वापस पदभार ग्रहण किया है।

## प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में होने वाली समीक्षा बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित

**जालोर @ जागरूक जनता।** जिले के प्रभारी मंत्री अर्जुन सिंह बामनिया की अध्यक्षता में आज प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित की गई हैं। यह जानकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल ने दी।

## वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना की लॉटरी खुलेगी आज

**जालोर @ जागरूक जनता।** जिले में वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत प्राप्त आवेदनों की लॉटरी जिला कलक्टर निशांत जैन की उपस्थिति में आज प्रातः 11 बजे से निकाली जाएगी। देवस्थान विभाग खण्ड जोधपुर के सहायक आयुक्त जतीन कुमार गांधी ने बताया कि जालोर जिले में कुल प्राप्त 707 आवेदनों में से हवाई यात्रा के लिए 53 एवं रेल यात्रा के लिए 480 यात्रियों का लॉटरी के माध्यम से चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम हवाई एवं रेल यात्रा की मुख्य सूची निकाली जाएगी इसके बाद ₹ मशः प्रथम एवं द्वितीय प्रतीक्षा सूची निकाली जाएगी।

## पीएम किसान सम्मान निधि योजना, 31 जुलाई तक केवाईवी अपडेट करवानी होगी

**जालोर @ जागरूक जनता।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत लाभ से वंचित किसानों को 31 जुलाई तक केवाईसी अपडेट करवानी होगी ताकि उन्हें योजना का लाभ मिल सकें। सहकारी समिति जालोर के उप रजिस्ट्रार एवं जिला नोडल अधिकारी सुनील वीरभान ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिले में 2.53 लाख किसानों द्वारा आवेदन किये गये हैं जिनमें से मात्र 78113 किसानों द्वारा ही अपनी केवाईसी अपडेट करवाई गई जबकि शेष किसानों द्वारा अभी तक केवाईसी अपडेट नहीं करवाई गई हैं जिससे वे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की किशत राशि से वंचित हैं।उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत जिन किसानों को किसान सम्मान निधि की किश्त प्राप्त नहीं हो रही हैं वे अपनी 31 जुलाई, 2022 तक नजदीकी ई-मित्र अथवा सीईसी पर जाकर नियमानुसार केवाईसी अपडेट करावें ताकि उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिल सकें एवं किश्त राशि प्राप्त हो सकें। केवाईसी अपडेट के अभाव में किसानों को योजना का लाभ प्राप्त नहीं हो सकेगा।

## बिगोद की त्रिवेणी बढ़ा रही है बीसलपुर में पानी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**टोंक।** बीसलपुर बांध के जल भराव में मुख्य स्त्रोत मानी जाने वाली भीलवाड़ा जिले के बिगोद स्थित त्रिवेणी का गेज मंगलवार को 5.10 मीटर पर चल पड़ा। त्रिवेणी का गेज बढने से बीसलपुर बांध में पानी की आवक तेज होने की संभावनाएं बढ़ गई है। हालांकि त्रिवेणी का गेज शाम 4 बजे तक घटकर 4. 80 मीटर रह गया है। त्रिवेणी के गेज में हुई बढ़ोतरी का पानी मंगलवार देर रात तक बांध तक पहुंचने की संभावना है। इधर, बांध के करीबी क्षेत्र सहित जलभराव क्षेत्र में पिछले पांच दिनों से मानसून की मेहरबानी के चलते कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश के कारण बांध में पानी की आवक भी जारी है। बांध के कंट्रोल रुम के अनुसार बांध में बीते 24 घंटों के दौरान कुल 16 सेमी पानी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।बांध परियोजना के सहायक अभियंता प्रतीक चौधरी ने बताया कि बांध का गेज सोमवार सुबह 6 बजे तक 309.92 आर एल मीटर दर्ज किया गया था, जिसमें 10.584 टीएमसी पानी का भराव था, जो मंगलवार सुबह 6 बजे तक 9 सेमी की बढ़ोतरी के साथ गेज 310.01 आर एल मीटर हो गया।इसमें 10.832 टीएमसी का जलभराव था, वहीं शाम 6 बजे तक 7 सेमी की बढ़ोतरी के साथ गेज 310.08 आरएल मीटर दर्ज किया गया है, जिसमें 11.023 टी एम सी पानी का भराव हो गया है। इसी प्रकार त्रिवेणी का गेज भी शाम 6 बजे तक 40 सेमी घटकर 4. 40 मीटर रह गया है।

### बांधों में पानी की आवक जारी

**उनियारा @ जागरूक जनता।** बांधों में पानी की आवक लगातार बनी हुई है। शाम साढ़े चार बजे बाद करीब आधा घंटे मध्यम दर्जे की बारिश से मौसम सुहावना हो गया। जलसंसाधन विभाग के कनिष्ठ अभियंता लोकेश सैनी ने बताया कि मंगलवार को सुबह 8 बजे समाप्त हुए पिछले 24 घण्टों के दौरान गलवा बांध पर 9 तथा गलवानिया बांध पर 6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जबकि बरसात से गलवा बांध में 3 तथा गलवानिया बांध में 4 इंच पानी की आवक हुई है।

# भारत में बच्चे आकस्मिक भी पैदा होते हैं, बेहतर परवरिश का भी है अभाव- किरण बेदी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**नई दिल्ली।** पुडुचेरी की पूर्व उप-राज्यपाल एवं पूर्व भारतीय पुलिस सेवा की अधिकारी किरण बेदी ने मंगलवार को कहा कि हमारे समाज में बड़ी संख्या में बच्चे 'अकस्माती' बड़े हो रहे हैं।

बेदी ने अजय कुमार और प्रवीण परमेश्वर की किताब %माइंडफुल पेरेंटिंग% के लॉन्च पर कहा,÷ लेखक ने पैरेंटिंग (परवरिश) को जो परिभाषा दी, वह मुझे पसंद आयी। यह बेहतरीन है। उन्होंने इसे %निस्वार्थ प्रतिबद्ध कार्य% बताया, लेकिन आज ऐसा नहीं है। ÷ बेदी ने ज़ोर देते हुए कहा कि आज हमारे समाज में लोग %आकस्मिक% बच्चे पैदा कर रहे हैं, और कई बार ऐसा पुत्र की चाहत में होता है।

उन्होंने पुडुचेरी के उप-राज्यपाल के रूप में अपने कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए कहा,÷ पुडुचेरी के बड़ी संख्या में विद्यालयों में बच्चे सीखने नहीं आते हैं। वह मुफ्त खाना, बैग, कपड़े और जूते लेने आते हैं। अपवाद हर जगह होते हैं, लेकिन मैं आपको वह बता सकती हूं जो मैंने ज्यादातर जगह देखा। ज्यादातर बच्चों के माता-पिता मज़दूर, कामगार, कुली आदि हैं। ÷ उन्होंने कहा, ÷ जब हमने पुडुचेरी का सर्वेक्षण किया तो हमने पाया कि 75 प्रतिशत बच्चों के पिता रोज़ शराब पीते थे। पिता शराबी हैं, जिन्हें बच्चों की पढ़ाई में कोई दिलचस्पी नहीं है और बच्चों की मां मज़दूरी करती हैं जो किसी तरह सरकारी योजनाओं की मदद से घर चला रही हैं। उन बच्चों के भरण-पोषण का ध्यान रखा जा रहा है, लेकिन इसके बाद उनकी परवरिश के लिये कोई नहीं है। ÷

बेदी ने कहा, ÷ मैंने एक विद्यालय के प्रधानाचार्य से पूछा कि क्या वहां माता-पिता और अध्यापकों के बीच बैठकें होती हैं, तो उन्होंने बताया कि यह बैठकें होती हैं लेकिन इनमें आता कोई नहीं है। मैंने अध्यापकों से पूछा कि क्या वे बच्चों के माता-पिता से मिलने उनके घर जाते हैं, तो मालूम हुआ कि वे ऐसा नहीं करते।उन्होंने कहा कि माता-पिता के गैरज़िम्मेदार रवैये के कारण बच्चे के सामने मुश्किलें नहीं आनी चाहिये, और इसमें विद्यालय की अहम भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि परिजनों को ज़िम्मेदार बनाना ज़रूरी है, जिसके लिये एक ऐसी व्यवस्था तैयार करनी चाहिये जिसमें अध्यापक और परिजन बच्चे के कल्याण की दिशा में काम करें।

## घरेलू पर्यटन राष्ट्र की एकता और अखंडता मजबूत करता है-नायडू

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने लोगों से घरेलू पर्यटन को प्राथमिकता देने और विदेश यात्रा से पहले देश के सभी हिस्सों को देखने का आह्वान किया? है।

उपराष्ट्रपति ने मंगलवार को 'नॉर्थ ईस्ट ऑन व्हील्स' - अभियान के प्रतिभागियों के साथ बातचीत करते हुए कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र के बारे में लोग अनजान और अनभिज्ञ हैं। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर की खूबसूरती का आनंद लेने और संस्कृति में विविधता देखने के लिए पूर्वोत??तर की यात्रा करनी चाहिए।

प्रतिभागियों में पूर्वोत??तर के सभी आठ राज्यों में यात्रा करने वाले 18 राज्यों की पांच महिलाओं सहित 75 बाइकर्स शामिल हैं।

पूर्वोत्तर में पर्यटन को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल देते हुए श्री नायडू ने कहा,÷लोगों के लगातार एक-दूसरे के यहां आने-जाने और बातचीत से हमारे राष्ट्र की एकता और अखंडता मजबूत हो सकती है।÷ उन्होंने सभी पूर्वोत्तर राज्यों की अपनी हाल की यात्राओं को याद करते हुए कहा कि सुंदर परिदृश्य, समृद्ध संस्कृति और लोगों के गर्मजोशी भरे आतिथ्य के साथ,÷ये राज्य वास्तव में यात्रियों के लिए स्वर्ग हैं।÷उपराष्ट्रपति ने सुझाव दिया कि अन्य राज्यों को भी पूर्वोत्तर राज्यों की सर्वोत्तम कार्य प्रणाली से सीखना चाहिए और धीरे-धीरे स्थायी कृषि की तरफ बढ़ना चाहिए।

## 5 वर्षों से समाज सेवा में तत्पर राहत आदिशक्ति फाउंडेशन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राहत आदिशक्ति फाउंडेशन के फाउंडर एडवोकेट रुचि सेठी व संदीप पारीक ने बताया जुलाई 2022 -2023 की कार्यकारिणी के लिए राहत आदिशक्ति फाउंडेशन सक्रिय सदस्य को जोड़ने का अभियान चलाएगा जिससे समाज के विभिन्न क्षेत्रों व जरूरतमंदों तक अपनी सेवाएं दे सके। राहत आदिशक्ति फाउंडेशन ने समाज सेवा संबंधित विभिन्न कार्य किए जिनमें से वृक्ष मित्र कैंपेन, केरल बाढ़ पीड़ितों के सहायतार्थ आयोजित कार्यक्रम %एक शाम इंसानियत के नाम, गरीब व जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए कपड़ा वितरण कार्यक्रम, कैंसर पीड़ित महिला लक्ष्मी को सहायता, निशुल्क नेत्र जांच शिविर, झुग्गी बस्तियों की गरीब व जरूरतमंद महिलाओं को निशुल्क सेनेटरी नैपकिन का वितरण, मेडिकल कैंप का आयोजन, नारी स्वाभिमान एवं जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जानकारी, सैनिटरी नैपकिन का उपयोग और वितरण, निशुल्क जुंबा -एरोबिक्स क्लासेस का संचालन, निशुल्क योगा और स्वास्थ जागरूकता से संबंधित विभिन्न कैंपेन, ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस वर्कशॉप, गिव व्हाट यू हैव कैंपेन, बुक डोनेशन ड्राइव, स्वास्थ्य एवं आहार पोषण अभियान, राहत क्रिकेट लीग, नवरात्रि कन्या पूजन, एचआईवी पीड़ित बच्चों के साथ ड्राइंग एवं क्राफ्ट एक्टिविटी का आयोजन, मुक बधिर बच्चों के साथ क्रिसमस का आयोजन और गिफ्ट वितरण, स्त्री 2020 आदिशक्ति सम्मान समारोह में 101 महिलाओं को उनकी उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया, कोरोना काल में राहत आदिशक्ति फाउंडेशन ने कालबेलिया बस्ती में पहुंचाई राहत, वुमन एंपावरमेंट के लिए फ्री मेकअप व स्किन केयर ट्रेनिंग, ज्योतिष ज्ञान एवं पंचकर्म कार्यशाला आदि प्रमुख कार्यक्रम रहे हैं।

## करिश्मा कपूर ने न्यूयॉर्क की सड़को पर किया डांस

**मुंबई @ जागरूक जनता।** बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने न्यूयॉर्क की सड़कों पर डांस किया है। करिश्मा कपूर इन दिनों न्यूयॉर्क में वेकेशन मना रही है। करिश्मा कपूर सोशल मीडिया पर बेहद सरि या है। करिश्मा ने अपने इंस्टाग्राम पर वेकेशन का एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में करिश्मा न्यूयॉर्क की सड़कों पर डांस करती हुई नजर आ रही हैं। करिश्मा वीडियो में ब्लैक आउटफिट मे काफी खूबसूरत लग रही हैं। करिश्मा कपूर का यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो को कुछ ही घंटो में हजारों लोग लाइक कर चुके हैं ।

**मॉडल गांव के निर्माण पर एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न**

# ओडीएफ प्लस के लक्ष्य हासिल करने के लिए सभी घटकों पर एक साथ कार्य किया जाना आवश्यक

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) राजस्थान के निदेशक संदेश नायक ने जिले की सभी टीमों को एकजुट होकर कार्य करते हुए ओडीएफ प्लस के निर्धारित त्रैमासिक लक्ष्य नियत समय पर अर्जित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए ओडीएफ प्लस के सभी घटकों पर एक साथ कार्य किए जाने की आवश्यकता है।

नायक मंगलवार को इंदिरा गांधी पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास संस्थान में इस सम्बन्ध में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यशाला में यूनिसेफ के विषय विशेषज्ञ श्री रूषभ हिमानी ने कहा कि ओ0डी0एफ0 के इस चरण में समुदाय के व्यवहार में बदलाव हेतु राज्य द्वारा निर्मित आई0ईसी0 टूल किट का उपयोग किया जाना चाहिए। विषय विशेषज्ञ सरोज कान्त चौधरी ने एक गांव में प्रतिदिन उत्पन्न ठोस एवं तरल कचरे के आकलन की पद्यति की जानकारी दी एवं ग्रामीणों से सहभागिता के आधार पर ही डीपीआर निर्माण करने पर बल दिया। परामर्शदाता स्वच्छ भारत मिशन ग्राम विरेन्द्र सिंह ने प्रतिभागियों को स्वच्छ भारत मिशन ग्राम 2.0 के मुख्य घटकों की जानकारी दी।

जवानपुरा ग्राम पंचायत की केस स्टडी प्रस्तुत करते हुए सरपंच जयराम जाट ने बताया कि राजीविका के स्वयं सहायता समूह के साथ ग्राम पंचायत द्वारा साझा अनुबन्ध कर कचरा संकलन व्यवस्था किए जाने से गांव को कचरे से मुक्ति मिलने के साथ ही स्वयं सहायता समूह की आय में बढोतरी भी हो रही है। कार्यशाला में 2000 की आबादी के लिए ठोस एवं तरल कचरा प्रबन्धन योजना के मॉडल प्लान की जानकारी दी गई जिसमें समुदाय के सहयोग से सःशुल्क कचरा प्रबन्धन की व्यवस्था स्थापित होगी। इसके साथ ही स्वच्छ भारत मिशन एवं नरेगा कन्वर्जेन्स के माध्यम से घरेलू स्तर पर सोख्ता गड्ढा, मेजिक पिट, नाली निर्माण, कम्पोस्ट पिट, नाडेप आदि की जानकारी दी गई। कार्यशाला में 176 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिनमें मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला प्रभारी अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक, कचरा प्रबन्धन विषय विशेषज्ञ, ब्लॉक विकास अधिकारी एवं ब्लॉक कॉर्डिनेटर शामिल हुए।

जागरूक जनता jagrukjanta.com फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

# मुख्य सचिव ने की प्रमुख पेयजल एवं सिचांई परियोजनाओं की समीक्षा



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कहा कि महत्वाकांक्षी परवन सिंचाई परियोजना का कार्य दिसम्बर, 2023 में पूर्ण कर लिया जाएगा और किसानों को सिंचाई के लिए भरपूर पानी उपलब्ध होगा। शर्मा मंगलवार को शासन सचिवालय में अपने कक्ष में जल संसाधन, इंदिरा गांधी नहर परियोजना विभाग एवं सिंचित क्षेत्र विकास विभाग की बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की समीक्षा कर रही थीं।

शर्मा ने बताया कि जल संसाधन विभाग द्वारा बांधों के पुनर्वास, आधुनिकीकरण एवं निर्माणों द्वारा प्रदेश की आमजनता एवं किसानों को पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 503 करोड़ रूपये की लागत से 18 बांधों का पुनर्वास एवं आधुनिकीकरण का कार्य किया जा रहा है। इनमें से 7 बांधों के कार्यादेशजारी हो गए हैं। शर्मा ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को शेष 9 बांधों के पुर्नवास एवं आधुनिकीकरण के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि कि झालावाड़ एवं बारां जिले के किसानों के लिए परवन सिचांई परियोजना एक वरदान साबित होगी। इस परियोजना का कार्य दिसम्बर, 2023 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। श्रीमती शर्मा ने कहा कि ईसरदा बांध परियोजना से दौसा, सवाई-माधोपुर आदि क्षेत्रों को पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। उन्होंने ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजक्ट की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की और इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

शर्मा ने इन्दिरा गांधी नहर परियोजना की समीक्षा करते हुए कहा कि परियोजना से लगभग 2 करोड़ लोगों को पानी उपलब्ध कराया जा रहा है और 6 जिलों को लाभान्वित किया जा रहा है। वहीं, बीसलपुर बांध परियोजना से एक करोड़ लोगों को पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। बैठक में जल संसाधन विभाग के प्रमुख शासन सचिव आनंद कुमार ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से परियोजनाओं की प्रगति के बारे में अवगत कराया।

**जी-20 शेरपा मीटिंग**

# 5 सदस्यों की टीम पहुंची उदयपुर, दरबार हॉल में होगी मीटिंग, जग मंदिर में डिनर

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** भारत की मेजबानी में होने वाले जी-20 सम्मेलन की पहली शेरपा बैठक उदयपुर में हो सकती है। यह बैठक 5 से 7 दिसम्बर के बीच होनी है। इस बैठक में जी-20 देशों के राजनयिक शामिल होंगे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लगातार अपनी पहचान बना रहे उदयपुर में इस बैठक को करने की तैयारियों को लेकर केंद्र के 5 अधिकारियों का दल सोमवार को उदयपुर पहुंचा। यह दल 27 जुलाई तक उदयपुर में रहकर इस बार का जायजा लेगा कि उदयपुर में यह बैठक हो सकती है या नहीं। वहीं अगर हुई तो इसे कैसे सफलता पूर्वक करवाया जा सकता है इसका जायजा भी लिया। इस लिस्ट में राजस्थान का दूसरा कोई शहर शामिल नहीं है। इस दल में मिनिस्ट्री ऑफ एक्सटरनल अफेयर्स चरणजीत सिंह, एनम गंभीर, एल रमेश बाबू, ओएसडी प्रवीण जाखड़ और अंडर सेक्रेटरी असीम अनवर शामिल हैं। उदयपुर पहुंचने पर पर्यटन उपनिदेशक और नोडल ऑफिसर शिखा सकसेना ने स्वागत किया। ये दल तीन दिन के इस कार्यक्रम में राजनायिकों की बैठक, कल्चरल प्रोग्राम और सैर के लिए वैन्यू तय करेगी। साथ ही राजनायिकों के स्टे के लिए भी वैन्यू तय किया जाएगा। यह टीम जग मंदिर, कुंभलगढ़ और रणकपुर का विजिट भी करेगी।

### दरबार हॉल में मीटिंग, उदयविलास-लीला में स्टे

सोमवार को आई इस टीम ने उदयपुर में सुरक्षा इंतजामों और मेहमानों के स्वागत की तैयारियें देखी। इसके बाद जग मंदिर, उदयविलास, लीला पैलेस, फतह प्रकाश जैसी होटल्स का विजिट किया। जग मंदिर में राजनायिकों का डिनर हो सकता है। इसके बाद दरबार हॉल का जायजा लिया। जहां शेरपा मीटिंग हो सकती है। इस दौरान गेस्ट के स्टे, फूड क्वालिटी सहित तमाम पहलूओं को टीम ने परखा।

### आज कुंभलगढ़-रणकपुर का विजिट

यह टीम अपने दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को रणकपुर और कुंभलगढ़ का विजिट करेगी। शेरपा मीटिंग के दौरान राजनायिकों को कुंभलगढ़ फोर्ट, रणकपुर मंदिर विजिट कराया जाएगा। साथ ही उदयपुर शहर की झीलों सहित आसपास की खूबसूरती और हैरिटेज से रूबरू कराया जाएगा। ऐसे में मंगलवार को टीम वहां जाकर जायजा लेगी।

### उदयपुर में हो चुके हैं कई बड़े कार्यक्रम

उदयपुर पिछले कुछ वर्षों में कई राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों का गवाह रहा है। दुनियाभर की सबसे बेहतरीन शादियां तो यहां होती ही हैं। कई राजनीतिक और प्रशासनिक कार्यक्रम भी उदयपुर में होते रहे हैं। 2016 में उदयपुर में ही ब्रिक्स सम्मेलन हुआ था। वहीं 2017 में जीएसटी काउंसिल की 10वीं और सबसे अहम बैठक उदयपुर में हुई थी। इसी बैठक में जीएसटी लाने के निर्णय पर मुहर लगी थी। इसके अलावा इसी साल मई में कांग्रेस का राष्ट्रीय चिंतन शिविर भी उदयपुर में हुआ है।

### जी-20 में ये देश हैं शामिल

जी-20 में अमेरिका, भारत, रूस, ऑस्ट्रेलिया, जापान, जर्मनी, यूके, अर्जेटीना, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, इटली, इंडोनेशिया, मैक्सिको, तुर्की, दक्षिण कोरिया, साउदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और यूरोपियन यूनियन शामिल है। ये दुनिया की टॉप-20 आर्थिक ताकते हैं। दुनिया की दो-तिहाई आबादी इन जी-20 देशों के पास है। 1999 में जी-20 की स्थापना की गई थी।

**राजस्व मंत्री ने की भू-प्रबंधन विभागीय योजनाओं की समीक्षा**

## सर्वे-रिसर्वे का काम समय सीमा में पूरा करने के दिये निर्देश

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्व मंत्री रामलाल जाट ने कहा कि तहसीलों में सर्वे-रिसर्वे और उन्हें ऑनलाइन करने का कार्य नियत समय सीमा में पूरा किया जाए, जिससे आमजन राजस्व से जुड़े कार्य घर बैठे ऑनलाइन कर सकें। उन्होंने कहा कि राजस्व से जुड़े कार्यो के डिजीटाइजेशन से घर बैठे ऑनलाइन जमाबंदी व भू- नक्शे प्राप्त करने तथा भू-नामांतरण, गिरदावरी रिपोर्ट के लिए आवेदन करने जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इससे राजस्व से जुड़े मुकदमों की संख्या में कमी आएगी। राजस्व मंत्री शासन सचिवालय में भू-प्रबंधन विभाग से संबंधित योजनाओं की क्रियान्विति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने सर्वे-रिसर्वे के कार्य के लिए अनुबंधित कम्पनियों को मार्च 2023 तक काम पूरा करने के लिए कहा। उन्होंने विभाग के अधिकारियों से कहा कि सर्वे-रिसर्वे के काम को प्राथमिकता से पूरा करवाएं। काम की रूपरेखा बनाकर डेडलाइन तय करें और कम्पनियों द्वारा उसके अनुरूप कार्य पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी काम की नियमित मॉनिटरिंग के साथ कार्य नहीं करने वालों पर कार्रवाई की जाए।

ANCHOR

**कुल 12 प्रपत्र 1, 2, 2ए, 3, 6, 7, 8, 11, 11ए, 11बी, 18 एवं 19 में संशोधन**

# मतदाताओं के पंजीकरण प्रपत्र हुए सुविधाजनक

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जालौर।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं के पंजीकरण के लिए भरे जाने वाले प्रपत्रों को सुविधाजनक बनाया है। भारत निर्वाचन आयोग के परामर्श से केन्द्र सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय की ओर से निर्वाचन पंजीकरण नियम के तहत कुल 12 प्रपत्र 1, 2, 2ए, 3, 6, 7, 8, 11, 11ए, 11बी, 18 एवं 19 में संशोधन किए है।1 अगस्त, 2022 से ईआरओ नेट और इससे जुड़ी आईटी एप्लीकेशन नेशनल वोटर्स सर्विस पोर्टल, वोटर हैल्पलाईन एप एवं गरूड़ा एप में नए आवेदन प्रपत्र और प्रक्रिया उपलब्ध होगी। वर्तमान में उपलब्ध सभी मतदाता पंजीकरण फार्म 31 जुलाई, 2022 तक ही मान्य रहेगें।

### वर्ष में 4 बार जुड़वा सकेंगे नाम

उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि नए संशोधन के उपरान्त अब निर्वाचक नामावली में नाम जुड़वाने के लिए अर्हता एक जनवरी के स्थान पर वर्ष में 4 बार एक जनवरी, एक अप्रेल, एक जुलाई तथा एक अक्टूबर निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि आयोग की ओर से मतदाताओं के पंजीकरण के लिए काम आने वाले मुख्य प्रपत्र 6, 7 एवं 8 में संशोधन किए गए है। संशोधित प्रपत्र-6 अब केवल नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए कर दिया गया है तथा इसमें एक निर्वाचन क्षेत्र से दूसरे निर्वाचन क्षेत्र में स्थानान्तरण के लिए आवेदन के प्रावधान को हटाकर संशोधित प्रपत्र 8 में शामिल किया गया है। अनाथ व्यक्ति के प्रकरणों में कानूनी अभिभावक का विवरण अब रिश्तेदारों के विवरण के अंतर्गत दिए जा सकने का संशोधन भी इस प्रपत्र में किया गया है। जन्म और निवास के प्रमाण के लिए दस्तावेज निर्धारित किए गए है ताकि प्रपत्रों का त्वरित निस्तारण हो सके। प्रवासी मतदाता के पंजीकरण के लिए आयोग ने निर्धारित फार्म 6ए में कोई संशोधन नहीं किया है। चुनाव आयोग ने प्रपत्र 001में प्रतिस्थापन ईपिक जारी करने के लिए आवेदन को समाप्त कर प्रपत्र-8 में इसका प्रावधान किया गया है। प्रपत्र-7 में मतदाता सूची में नाम हटाने के लिए मृत्यु प्रमाण-पत्र संलग्न करने का प्रावधान किया गया है।

### स्थानांतरण प्रकरण

उन्होंने बताया कि इसी प्रकार एक ही विधानसभा क्षेत्र के भीतर निवास स्थानांतरण के मामलों के लिए प्रपत्र-8ए को समाप्त कर प्रपत्र- 8 में ही इसके लिए प्रावधान किया गया है। आयोग के नवीनतम निर्देशों के अनुसार संशोधित फॉर्म 8 में मतदाता के निवास स्थानान्तरण, वर्तमान निर्वाचक नामावलियों की प्रविष्टियों में सुधार, प्रतिस्थापन ईपिक एवं दिव्यांगजन के रूप में चिन्हिकरण का प्रावधान किया गया है।उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आपत्तियों की सूची में सुधार करने के लिए मौजूदा फार्म 11 तथा 11ए के साथ ही एक नया फार्म 11बी प्रस्तावित किया गया है, जिसमें फार्म 8 में प्राप्त एक निर्वाचन क्षेत्र से दूसरे निर्वाचन क्षेत्र में स्थानान्तरण कराने के लिए प्राप्त आवेदनों की सूची तैयार की जाएगी।इसी प्रकार से फार्म 7, 11, 11ए और 11बी के अलावा सभी मतदाता प्रपत्रों में मतदाताओं के आधार विवरण प्राप्त करने का प्रावधान किया गया है। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार आधार एकत्रीकरण अभियान 1 अगस्त, 2022 से ऑनलाईन एवं ऑफलाईन माध्यम से प्रारम्भ किया जाएगा। मतदाता की ओर से आधार नम्बर दिया जाना स्वैच्छिक है। ईआरओ मतदाता सूची में किसी भी प्रविष्टि को आधार संख्या उपलब्ध नहीं कराने पर नहीं हटाएगा। निर्वाचन विभाग द्वारा आधार संबंधी गोपनीयता बनाई रखी जाएगी।

### विशेष शिविर

4 सितम्बर, 2022 एवं 18 सितम्बर, 2022 को विशेष शिविर होगा उन्होंने बताया कि फार्म 6बी में मतदाताओं के आधार प्राप्त करने के लिए राज्य के समस्त मतदान केन्द्रों पर 4 सितम्बर, 2022 एवं 18 सितम्बर, 2022 को विशेष शिविर आयोजित किए जाएगें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से आग्रह किया है कि फार्म 6बी में आधार की सूचना अद्यतन किए जाने के लिए ऑनलाईन माध्यमों नेशनल वोटर्स सर्विस पोर्टल, वोटर हैल्पलाईन एप का उपयोग करें ताकि कार्य सुगमता से सम्पादित हो सके।


Smaller EMIs on
30 YEAR
HOME LOANS
8.45%*
Interest Rate
housing mortgage loan also available
अब अपनी पुरानी गाड़ी पर
तक लोन करवायें...
कीमत का 150%
शर्तें लागू*
IDFC FIRST Bank
BAJAJ
Bajaj FinServ Limited
TATA CAPITAL
We only do what's right for you
Mahindra
Finance
ICICI Bank
Home Loans
khayaal aapka
MAGMA
Investing in the smallest dream
HeroFinCorp.
sk FINANCE
HDFC BANK
We understand your world
authorised channel partner
Aarna associate
Call us : 9828333666